

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
# समाज जागरण
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 112 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 31 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## क्या घटेगा कैपिटल गेन्स टैक्स? मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन ने दिया ऐसा संकेत!

नई दिल्ली. भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने संकेत दिया है कि जुलाई 2024 के बजट में



बदलावों के बावजूद, कैपिटल गेन्स टैक्स की संरचना में अभी भी सुधार की गुंजाइश बनी हुई है. संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के बाद एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ किया कि कर्ज के साधनों पर लगने वाले टैक्स को तर्कसंगत बनाना जरूरी है. नागेश्वरन के अनुसार, देश की दीर्घकालिक विकास दर को बनाए रखने के लिए पूंजी बाजार को मजबूत करना होगा और इसके लिए टैक्स नियमों का पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण कदम है. यह बयान ऐसे समय में आया है जब निवेशक और आम जनता आगामी नीतियों में कर राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं.

# बजट के बाद शेयर बाजार का मिजाज: 15 साल के ट्रेंड में दिखा भरोसेमंद पैटर्न

## बजट के बाद एक हफ्ते और तीन महीने में ज्यादातर बार निवेशकों को मिला मुनाफा

समाज जागरण

नई दिल्ली। हर आम बजट के साथ शेयर बाजार को लेकर निवेशकों और ट्रेडरों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। सवाल वही– बजट के बाद बाजार चढ़ेगा या फिसलेगा? इसी सवाल का जवाब देता है पिछले 15 वर्षों का बजट-बाद शेयर बाजार ट्रेंड, जो बताता है कि दीर्घकाल में बाजार का मिजाज अक्सर निवेशकों के पक्ष में रहा है।




### बजट के एक हफ्ते बाद: सेंसेक्स का भरोसेमंद प्रदर्शन

एसबीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, बजट पेश होने के एक सप्ताह बाद सेंसेक्स ने 15 में से 11 बार सकारात्मक रिटर्न दिया है।

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के मुताबिक, बजट के बाद बाजार में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव स्वाभाविक है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि धैर्य रखने वाले निवेशकों को समय के साथ बेहतर रिटर्न मिला है।

### निष्कर्ष:

बजट के बाद घबराहट नहीं, बल्कि रणनीति और धैर्य ही निवेशकों के लिए सबसे बड़ा हथियार साबित हुआ है।

**औसत मुनाफा: 2.10%**
**केवल 4 बार गिरावट, औसत नुकसान: 2.05%**

**तीन महीने में सेंसेक्स की चाल**
बजट के तीन महीने बाद सेंसेक्स ने
9 बार बढ़त, औसत रिटर्न 6.77%
6 बार गिरावट, औसत नुकसान 5.28%
निफ्टी ने भी दिखाया मजबूती का ट्रेंड

**निफ्टी का रुझान भी सेंसेक्स जैसा ही रहा—**
एक हफ्ते बाद 15 में से 12 बार तेजी, औसत रिटर्न 2.04%
तीन महीने बाद 9 बार बढ़त, औसत रिटर्न 7.40%

**मिडकैप और स्मॉलकैप: ज्यादा रिटर्न, ज्यादा जोखिम**
बजट के बाद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में उतार-चढ़ाव ज्यादा रहा, लेकिन रिटर्न भी आकर्षक रहे।

**एक हफ्ते बाद**
मिडकैप: औसत रिटर्न 3.1%
स्मॉलकैप: औसत रिटर्न 3.3%

**तीन महीने बाद**
मिडकैप: 10 बार बढ़त, औसत रिटर्न 8.67%
स्मॉलकैप: केवल 7 बार बढ़त, लेकिन औसत रिटर्न 14.54%

## किशनगंज में इंट्री माफियाओं और राजस्व चोरी मामले में उड़ककी बड़ी छापेमारी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। किशनगंज। इंट्री माफियाओं पर कार्रवाई और राजस्व चोरी के गंभीर मामलों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम किशनगंज पहुंची और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी शुरू की।
CBI टीम ने ठाकुरगंज से लेकर गलगलिया तक कई ठिकानों पर दबिश दी। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकॉर्ड कब्जे में लिए गए हैं। नाम न बताने की शर्त पर एक CBI अधिकारी ने कहा कि मामला बड़ा और संवेदनशील है, इसलिए जांच पूरी तरह गोपनीय रखी जा रही है। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से की जा रही इस कार्रवाई में संभावित दोषियों की पहचान और उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कदम उठाने पर जोर दिया जा रहा है। अधिकारी यह भी बता रहे हैं कि इस मामले से जुड़े अन्य क्षेत्रों में भी कार्रवाई

# कोलकाता के आनंदपुर में भीषण अग्निकांड, 25 की मौत

## पीएम मोदी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए की सहायता का ऐलान

समाज जागरण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आनंदपुर इलाके में 26 जनवरी की सुबह एक गोदाम में लगी आग में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग अभी भी लापता हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

**पीएम मोदी ने जताया दु:ख**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह अग्निकांड अत्यंत दुखद और दर्दनाक है। उन्होंने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की।

**प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए**
**घायलों को 50,000 रुपए की**



**सहायता**
**प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की।**

### आग कहां से लगी? विवाद जारी

आरंभिक रिपोर्ट के अनुसार आग पास स्थित पुष्पांजलि डेकोरेटर के गोदाम से लगी थी, जबकि गोदाम के मालिक गंगाधर दास का दावा है कि आग सबसे पहले वाओ मोमो फैक्ट्री से फैली। इस मामले में जांच जारी है।

### एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट को तुरंत कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। आयोग ने इस मामले में मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायत मिलने के बाद हस्तक्षेप किया है।

### घटना की पृष्ठभूमि

आग की शुरूआत 26 जनवरी की सुबह हुई
गोदाम के अंदर सो रहे मजदूर आग की चपेट में आए
राज्य अग्निशमन सेवा विभाग और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया

# बजट से पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर, अर्थव्यवस्था को मिला मजबूती का संकेत

बजट से पहले भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने वाला संकेत सामने आया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 23 जनवरी को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.053 अरब डॉलर बढ़कर ऑल-टाइम हाई 709.413 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।

### सितंबर 2024 का रिकॉर्ड टूटा

इससे पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था, जो उस समय का सर्वकालिक उच्च स्तर था। ताजा आंकड़ों के साथ यह पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया है।

### फॉरेन करेंसी एसेट्स में बढ़ोतरी

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) की वैल्यू 2.367 अरब डॉलर बढ़कर 562.885 अरब डॉलर हो गई है।

### सोने के भंडार में भी तेज उछाल

विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल सोने की वैल्यू में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 23 जनवरी को समाप्त हुए सप्ताह में



गोल्ड रिजर्व 5.635 अरब डॉलर बढ़कर 123.088 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### एसडीआर और आईएमएफ रिजर्व में इजाफा

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) की वैल्यू 3.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.737 अरब डॉलर हो गई है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रिजर्व पोजिशन की वैल्यू 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.703 अरब डॉलर हो गई है।

### पिछले सप्ताह भी बढ़ा था भंडार

पिछले सप्ताह भी भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14.167 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 701.360 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था, जिससे लगातार मजबूती का रुझान देखने को मिल रहा है।

### बजट से पहले मजबूत संकेत

गौरतलब है कि 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी। बजट से पहले विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचना देश की मजबूत आर्थिक स्थिति को दशार्ता है।

### अर्थव्यवस्था के लिए क्यों जरूरी है विदेशी मुद्रा भंडार

किसी भी देश के लिए विदेशी मुद्रा भंडार बेहद अहम होता है। यह न केवल देश की आर्थिक सेहत को दशार्ता है, बल्कि मुद्रा की विनिमय दर को स्थिर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर किसी समय डॉलर के मुकाबले रुपए पर दबाव बढ़ता है, तो केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग कर रुपए को संभाल सकता है।

### बढ़ता भंडार, मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत

विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़ोतरी यह संकेत देती है कि देश में डॉलर की आवक मजबूत बनी हुई है। इससे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विदेशी निवेश के लिहाज से भी भारत की स्थिति बेहतर होती है। (इनपुटः आईएएनएस)

## विकास और कल्याण में प्रदेश ने रचा नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

# केंद्र की योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी अव्वल

समाज जागरण

लखनऊ/नई दिल्ली।उत्तर प्रदेश ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर देश में हर मोर्चे पर मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने न केवल योजनाओं को घोषणा तक सीमित रखा, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर वास्तविक बदलाव दिखाया है।



### आवास और सामाजिक सुरक्षा में अव्वल

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) के तहत उत्तर प्रदेश ने 62 लाख से अधिक परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराकर देश में पहला स्थान हासिल किया है।
साथ ही, अटल पेंशन योजना में पंजीकरण के मामले में प्रदेश शीर्ष पर रहा, जिससे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा मिली है।

### एमएसएमई और रोजगार में नए कीर्तिमान

औद्योगिक विकास में प्रदेश ने तेजी दिखाई है। अब तक 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां उत्तर प्रदेश में स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिला है। सरकार का विशेष फोकस युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर रहा है।

### कृषि उत्पादन और पारदर्शिता में यूपी अग्रणी

गन्ना, चीनी, खाद्यान्न, आम, दूध और आलू के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि DBT के माध्यम से सीधे भुगतान की जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में तेजी

प्रदेश में 7 एक्सप्रेस-वे और 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निमार्णाधीन है। सड़क और हवाई संपर्क के विस्तार से निवेश और पर्यटन को नई गति मिली है।

### स्वच्छता, उज्ज्वला और डिजिटल गवर्नेंस में नंबर-1

उत्तर प्रदेश ग्रामीण शौचालय निर्माण और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में देश में पहले स्थान पर रहा। डिजिटल गवर्नेंस में भी प्रदेश अग्रणी है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से सबसे अधिक सरकारी खरीद यूपी द्वारा की गई।

### शिक्षा, कौशल और एथेनॉल उत्पादन में शीर्ष स्थान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कौशल विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा। साथ ही, एथेनॉल उत्पादन और आपूर्ति में प्रदेश देश में नंबर-1 है।

विशेषज्ञों का कहना है कि कागज पर योजनाएं बनाना आसान है, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारकर वास्तविक बदलाव लाना यूपी की कार्यप्रणाली की सफलता को दशार्ता है।(इनपुटः आईएएनएस)

# नेतन्याहू अगले हफ्ते आ रहे, अरब देशों को पहले ही दिल्ली बुला समझा दिया



समाज जागरण

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगले हफ्ते भारत दौरे पर आ रहे हैं. इससे पहले भारत के एअट एस जयशंकर ने मिडिल ईस्ट को टारगेट करते हुए डबल मास्टरस्ट्रोक चला है. उन्होंने नेतन्याहू के दौरे से पहले अरब देशों को पहले ही दिल्ली बुलाकर एक बड़ा मैसेज दिया है. जयशंकर की गजब की कूटनीति का नतीजा है कि अरब देशों ने भारत को फिलिस्तीन का 'मसीहा' मानना शुरू कर दिया है. आगे जानें जयशंकर के बेहतरीन बैलेंसिंग एक्ट की वजह से जियो पॉलिटिक्स में भारत का कद किस तरह बढ़ रहा है?

भारत ने आज यानी 31 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में 'दूसरी भारत-अरब विदेश मंत्री बैठक' (IAFMM) की मेजबानी की है. यह बैठक पूरे 10 साल के लंबे इंतजार के बाद हुई है. इसमें अरब लीग के सभी 22 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए. दिलचस्प बात यह है कि यह बैठक जयशंकर की दिसंबर 2025 की इजरायल यात्रा और प्रधानमंत्री नेतन्याहू की प्रस्तावित भारत यात्रा के ठीक बीच में हो रही है. इस बैठक के दौरान भारतीय एअट का एक ऐसा बेहतरीन बैलेंसिंग एक्ट देखने को मिला, जिसकी वजह से जियो पॉलिटिक्स में भारत का कद और भी बढ़ गया है.

### फिलिस्तीन का 'मसीहा' भारत

दिल्ली पहुंची फिलिस्तीनी विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने सीधा और भावनात्मक कार्ड खेला है. उन्होंने जयशंकर से मुलाकात के बाद सार्वजनिक तौर पर अपील करते हुए कहा है कि 'भारत ही वह महान देश है जो इजरायल-फिलिस्तीन जंग को रुकवा सकता है. पीएम मोदी की इजरायल से दोस्ती और अरब देशों से रिश्ते उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा 'मध्यस्थ' बनाते हैं". फिलिस्तीन ने भारत से गाजा के पुनर्निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने की मांग की है.

# अमेरिका से बचने के लिए मिट्टी के नीचे दफन हो रहा ईरान?

समाज जागरण

जमीन के सैकड़ों फीट नीचे जहां सूरज की रोशनी भी पहुंचने का रास्ता भूल जाए वहां ईरान अपनी सबसे कीमती और खतरनाक संपत्ति यानी 'न्यूक्लियर गोल्ड' को बचाने की आखिरी जंग लड़ रहा है. अमेरिका के 30,000 पाउंड वजनी बंकर-बस्टर बमों के खौफ ने तेहरान को अपनी रणनीतियां बदलने पर मजबूर कर दिया है. सैटेलाइट तस्वीरों में नजर आ रहे मिट्टी के विशाल पहाड़ और दिन-रात दौड़ते डंपर ट्रक गवाही दे रहे हैं कि ईरान अपने परमाणु ठिकानों के प्रवेश द्वारों को कंक्रीट और मलबे की परतों के नीचे दफन कर रहा है. फोर्डो और नटान्ज पर हुए पिछले हमलों के जख्मों को सहलाते हुए तेहरान अब अपने यूरेनियम भंडार को पहाड़ों के सीने में इतना गहरा छिपा रहा है, जहां वाशिंगटन की सबसे घातक मिसाइलें भी बेअसर साबित हों.

### समंदर में आमने-सामने ईरान-यूएस

अमेरिकी नौसेना ईरान के तटों के बेहद करीब पहुंच चुकी है जिसके जवाब में ईरान ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. अरब सागर में अमेरिका का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू समूह वरर अब्राहम लिंकन तैनात है जो सीधे ईरान के दिल पर चोट करने की क्षमता रखता है. वहीं, ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास अपने शाहिद बघेरी ड्रोन कैरियर को तैनात कर युद्ध का बिगुल फूंक दिया है. जमीन पर भी स्थिति उतनी ही भयानक है, जहां ईरान अपने परमाणु ठिकानों को बचाने के लिए उन्हें जमीन की गहराइयों में और नीचे धंसा रहा है.

# बारिश, बर्फबारी और ओले गिराएगा 'दैत्य', IMD ने जारी किया रेड अलर्ट

समाज जागरण

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड के बीच अब मौसम की दोहरी मार पड़ने वाली है. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि एक के बाद एक तीन 'पश्चिमी विक्षोभ' देश के मौसम को पूरी तरह बदलने वाले हैं. 31 जनवरी से लेकर 7 फरवरी तक उत्तर और मध्य भारत के कई राज्यों में तेज बारिश, बर्फबारी और ओले गिरने की संभावना है. पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों में बढ़ती ठंड और घने कोहरे के रूप में दिखेगा.
मौसम विभाग के अनुसार, दो लगातार पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 31 जनवरी से 3 फरवरी के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी होगी. इसी दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के राज्यों में भी गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है.

# यूरोपीय यूनियन एकीकृत अर्थव्यवस्था के लिए भारत स्वाभाविक विकल्प।

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच प्रस्तावित तथा प्रगति पर चल रहा व्यापक व्यापारिक समझौता केवल द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और अमेरिका की पारंपरिक आर्थिक व रणनीतिक प्रधानता को चुनौती देने वाले एक नए युग का संकेत भी है। शीत युद्ध के बाद लंबे समय तक अमेरिका ने वैश्विक व्यापार, निवेश, तकनीक और वित्तीय नियमों को अपने हितों के अनुसार परिभाषित किया, किंतु इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में परिस्थितियाँ तेजी से परिवर्तित हो रही हैं। चीन के उदय, रूस-पश्चिम टकराव, यूक्रेन युद्ध, आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन, संरक्षणवाद की वापसी और वैश्विक दक्षिण की बढ़ती मुखरता ने अमेरिका की एकछत्र भूमिका को सीमित किया है।

इस परिदृश्य में भारत और यूरोपीय यूनियन का निकट आना अमेरिका के लिए केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी



गहरे निहितार्थ रखता है। यूरोपीय यूनियन विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जबकि भारत तीव्र गति से उभरता हुआ विशाल उपभोक्ता बाजार, युवा जनसंख्या और तकनीकी क्षमता वाला देश है। इन दोनों का व्यापारिक गठबंधन वैश्विक व्यापार के प्रवाह को एशिया और यूरोप के बीच पुनः केंद्रित कर सकता है, जिससे अमेरिका की मध्यस्थ भूमिका आंशिक रूप से कमजोर हो सकती है।

वर्तमान में अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापारिक संबंध सुदृढ़ हैं, किंतु ट्रंप काल से लेकर बाइडेन प्रशासन तक संरक्षणवादी प्रवृत्तियाँ, कार्बन टैक्स, सब्सिडी आधारित औद्योगिक नीतियाँ और तकनीकी नियंत्रणों ने पारस्परिक अविश्वास को जन्म दिया है। ऐसे में यूरोप वैकल्पिक साझेदारों की तलाश में है और भारत उसके लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनकर उभरता है। भारत के साथ व्यापारिक समझौता यूरोप को न केवल सस्ते श्रम और बड़े बाजार तक पहुँच देता है बल्कि चीन पर उसकी निर्भरता को भी कम करता है, जो अमेरिका की रणनीति से मेल तो खाता है, किंतु यदि यह प्रक्रिया अमेरिका को दरकिनार कर आगे बढ़ती है तो वाशिंगटन के लिए चिंता का विषय बन जाती है।

भारतझ्यूरोपीय यूनियन समझौते से फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाएँ, हरित ऊर्जा, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, डिजिटल व्यापार और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अमेरिका की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत घट सकती है। विशेष रूप से डिजिटल व्यापार और डेटा गवर्नेंस के क्षेत्र में यूरोपीय यूनियन के सख्त नियम और भारत की संप्रभु डेटा नीति मिलकर अमेरिकी टेक कंपनियों के वर्चस्व को चुनौती दे सकती हैं, जो लंबे समय से वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था पर हावी रही हैं। इसके अतिरिक्त, यदि यूरोपीय निवेश भारत की विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करता है तो अमेरिका की ह्यरी-शोरिंगह्न और ह्यफ्रेंड-शोरिंगह्न रणनीतियों को अप्रत्यक्ष झटका लग सकता है, क्योंकि वैश्विक पूंजी एक वैकल्पिक आकर्षक गंतव्य की ओर प्रवाहित होगी। भू-राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता अमेरिका को पुनर्विचार के लिए विवश करता है, क्योंकि भारत अब केवल क्वाड या इंडो-पैसिफिक रणनीति का एक स्तंभ भर नहीं रह जाता, बल्कि वह स्वतंत्र आर्थिक ध्रुव के रूप में अपनी पहचान मजबूत करता है।

भारत की यह स्वायत्तता अमेरिका के लिए द्वैध भाव उत्पन्न करती है।एक तरफ वह भारत को चीन के प्रतिरोध में आवश्यक साझेदार मानता है, दूसरी ओर वह भारत के अत्यधिक आत्मनिर्भर और बहुआयामी होते जाने से अपने प्रभाव क्षेत्र के सीमित होने की आशंका से भी काफी भयभीत है। यूरोपीय यूनियन के साथ भारत का गहरा आर्थिक संबंध यह संकेत देता है कि भारत किसी एक शक्ति गुट में बंधने के बजाय बहुपक्षीय संतुलन की नीति पर चल रहा है, जो अमेरिकी विदेश नीति की पारंपरिक अपेक्षाओं से भिन्न है। इसके साथ ही, डॉलर आधारित वैश्विक वित्तीय व्यवस्था पर भी दीर्घकालिक दबाव बन सकता है, यदि भारत और यूरोप व्यापार में वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों, स्थानीय मुद्राओं या डिजिटल करेंसी जैसे विकल्पों पर विचार करते हैं। यद्यपि यह प्रक्रिया धीमी होगी, किंतु इसके संकेत मात्र से ही अमेरिका की वित्तीय प्रधानता को लेकर विमर्श तेज होता है। अमेरिका के लिए यह समझौता एक चेतावनी भी है कि यदि वह अपने सहयोगियों के साथ व्यापारिक संबंधों में अधिक लचीलापन, पारदर्शिता और साझेदारी का भाव नहीं अपनाता, तो वे नए विकल्प खोजने को विवश होंगे।

यह अतिशयोक्ति होगा कि भारत यूरोपीय यूनियन व्यापारिक समझौता अमेरिका को पूर्णतः हाशिये पर धकेल देगा, क्योंकि अमेरिका अब भी तकनीक, रक्षा, वित्त और नवाचार में अग्रणी है, किंतु इतना स्पष्ट है कि उसकी निर्विवाद केंद्रीयता अब पहले जैसी नहीं रही। अंततः यह समझौता उस बदलती वैश्विक वास्तविकता का प्रतीक है जहाँ शक्तियाँ टकराव से अधिक संतुलन, निर्भरता से अधिक विविधता और अधीनता से अधिक स्वायत्तता की ओर अग्रसर हैं।

इस प्रक्रिया में अमेरिका को स्वयं को अनुकूलित करना होगा, न कि केवल नियंत्रक की भूमिका में बने रहने का आग्रह करना होगा।इस समझौते से यह भी आशंका बनती है कि भारत के साथ अमेरिका का व्यापारिक संबंध नए दृष्टिकोण से नए समीकरणों में पदार्पित हो सकता है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**महेन्द्र तिवारी**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने से जुड़े नए नियमों पर अंतरिम रोक लगाना केवल एक कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज, संविधान और शिक्षा व्यवस्था के भविष्य से जुड़ा एक गहरा संकेत है। यह फैसला उस समय आया है जब देश लगातार यह प्रश्न पूछ रहा है कि क्या हम सचमुच समानता की ओर बढ़ रहे हैं या फिर समानता के नाम पर नई दीवारें खड़ी कर रहे हैं। न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि सामाजिक न्याय की भावना तभी सार्थक हो सकती है जब वह सबके लिए हो, न कि किसी एक वर्ग को केंद्र में रखकर शेष समाज को हाशिए पर डाल दे।



उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव एक कड़वी सच्चाई रही है और इसे नकारा नहीं जा सकता। अनेक घटनाएं, आत्महत्याएं और शिकायतें इस बात की गवाही देती हैं कि कमजोर और वंचित वर्गों को आज भी अपमान, उपेक्षा और मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियम बनाए गए थे, जिनका उद्देश्य था कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिले। मंशा निस्संदेह सही थी, लेकिन न्यायालय का कहना है कि मंशा के साथ-साथ मार्ग भी सही होना चाहिए।

न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न प्रमुख रूप से उभरा कि क्या कोई नियम केवल कुछ वर्गों को ही पीड़ित मानकर चल सकता है। संविधान की मूल भावना यह कहती है कि कानून की नजर में सभी समान हैं। यदि कोई नियम यह मानकर बनाया जाए कि भेदभाव केवल एक ही दिशा में संभव है, तो वह समानता के सिद्धांत को कमजोर करता है। न्यायालय ने इसी बिंदु पर चिंता जताई कि नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों को पूरी तरह नजर अंदाज करते हैं और उन्हें किसी भी प्रकार के भेदभाव से संरक्षण देने की बात ही नहीं करते। इससे यह संदेश जाता है कि कुछ छात्रों का अपमान, उत्पीड़न या मानसिक शोषण कानून की दृष्टि में महत्वहीन है, जो कि स्वीकार्य नहीं हो सकता।

एक और गंभीर चिंता नियमों की अस्पष्टता को लेकर सामने आई। भेदभाव, उत्पीड़न और रैगिंग जैसे शब्दों की स्पष्ट सीमा तय न होने से यह आशंका पैदा होती है कि उनका दुरुपयोग हो सकता है। न्यायालय ने संकेत दिया कि यदि परिभाषाएं धुंधली होंगी तो शिकायत और अपराध के बीच की रेखा मिट जाएगी। इससे न केवल निर्दोष छात्रों के फंसने का खतरा बढ़ेगा, बल्कि शिक्षा संस्थानों का वातावरण भी भय और अविश्वास से भर जाएगा। शिक्षा का उद्देश्य संवाद, प्रश्न और विचारों का आदान प्रदान है, लेकिन जब हर शब्द और हर व्यवहार पर कानूनी तलवार लटकती हो तो यह उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणियां इस पूरे विवाद की आत्मा को उजागर करती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उत्पीड़न एक बड़ी बुराई है और इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या नियम केवल जाति आधारित अपमान तक ही सीमित रहेंगे। यदि किसी छात्र को उसकी भाषा, क्षेत्र या सांस्कृतिक पहचान के कारण नीचा दिखाया जाए तो क्या वह भेदभाव नहीं है। इस प्रश्न के माध्यम से न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि भेदभाव के रूप अनेक हैं और उन्हें केवल जाति के चश्मे से देखना वास्तविकता को अधूरा समझना है।

न्यायालय ने यह भी विचार किया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि हर नीति जाति की पहचान को और गहरा करती जाए तो क्या हम सच में एक जाति विहीन समाज की ओर बढ़ रहे हैं। आज के विश्वविद्यालयों में छात्र एक साथ रहते हैं, पढ़ते हैं और सपने देखते हैं। अंतरजातीय विवाह बढ़ रहे हैं और नई पीढ़ी कई मामलों में पुरानी दीवारों को तोड़ रही है। ऐसे समय में यदि संस्थागत नीतियां फिर से कठोर वर्गीकरण पर आधारित होंगी तो यह सामाजिक एकता के लिए खतरा बन सकती हैं।

एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी रही कि आरक्षित वर्गों के भीतर भी असमानता मौजूद है। हर अनुसूचित या पिछड़ा छात्र समान परिस्थितियों से नहीं आता। कुछ के पास संसाधन हैं, कुछ के पास नहीं। यदि नीतियां इस आंतरिक विविधता को नजर अंदाज करेंगी तो वे वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाएंगी। इससे सामाजिक न्याय का उद्देश्य कमजोर होगा और नए प्रकार का असंतोष जन्म लेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने नए नियमों को पूरी तरह खारिज नहीं किया, बल्कि उन्हें फिलहाल रोककर पुराने नियमों को लागू रहने दिया। यह एक संतुलित कदम है। न्यायालय ने न तो भेदभाव की समस्या से इनकार किया और न ही सामाजिक न्याय की आवश्यकता को नकारा। उसने केवल यह कहा कि नियम ऐसे होने चाहिए जो न्याय, समानता और एकता तीनों को साथ लेकर चलें। केंद्र सरकार और संबंधित संस्थाओं से जवाब मांगकर न्यायालय ने यह अवसर दिया है कि वे नियमों की समीक्षा करें, उन्हें अधिक स्पष्ट, समावेशी और संतुलित बनाएं।

यह फैसला आरक्षण और समानता की बहस को एक नई दिशा देता है। अब सवाल केवल यह नहीं है कि किसे संरक्षण मिले, बल्कि यह भी है कि संरक्षण कैसे दिया जाए। क्या हम ऐसी व्यवस्था बना सकते हैं जिसमें हर छात्र, चाहे वह किसी भी वर्ग से हो, अपमान और उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षित महसूस करे। क्या हम ऐसी नीतियां बना सकते हैं जो शिकायत करने वाले को न्याय दें और झूठे आरोपों से निर्दोष को बचाएं। यही वे प्रश्न हैं जिनका उत्तर आने वाले समय में तलाशना होगा।

शिक्षा संस्थान समाज का दर्पण होते हैं। वहां जो मूल्य पनपते हैं, वही भविष्य के समाज की नींव रखते हैं। यदि वहां भय, अविश्वास और वर्ग विभाजन का माहौल बनेगा तो उसका असर पूरे देश पर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समानता केवल कानून से नहीं आती, बल्कि दृष्टि और संवेदनशीलता से आती है। नियम आवश्यक हैं, लेकिन उनसे अधिक आवश्यक है यह समझ कि हर छात्र एक इंसान है, जिसकी गरिमा समान है।

अंततः यह निर्णय हमें एक चेतावनी और एक अवसर दोनों देता है। चेतावनी इस बात की कि अच्छे इरादे भी गलत ढांचे में अन्याय पैदा कर सकते हैं, और अवसर इस बात का कि हम ऐसी नीतियां गढ़ें जो सचमुच समावेशी हों। यदि इस फैसले से यह संवाद शुरू होता है कि सामाजिक न्याय और समानता को कैसे संतुलित किया जाए, तो यह केवल एक अदालती आदेश नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐतिहासिक मोड़ साबित होगा।

# भक्ति आंदोलन के सूर्य संत शिरोमणि रविदास

**-अशोक "प्रवृद्ध"**

**लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार**

भारतीय इतिहास का मध्यकाल (15वीं-16वीं शताब्दी) न केवल राजनीतिक उथल-पुथल का दौर था, बल्कि तत्कालीन भारत एक गहरे वैचारिक संक्रमण काल से भी गुजर रहा था। एक ओर विदेशी आक्रांताओं के प्रभाव से भारतीय समाज अपनी रक्षात्मक मुद्रा में था, वहीं दूसरी ओर आंतरिक रूप से जातिवाद, छुआछूत और विद्वता नहीं बल्कि जन्मना ब्राह्मणवाद की कट्टरता ने समाज को खोखला कर दिया था। ऐसे अंधकारमय समय में काशी की धरती पर विक्रम संवत 1433 में माघ पूर्णिमा के दिन संत रविदास का प्रकटीकरण केवल एक धार्मिक घटना नहीं थी, बल्कि यह एक मानवीय क्रांति का सूत्रपात था। इस आध्यात्मिक और सामाजिक पुनर्जागरण के कालखंड में संत रविदास (जिन्हें रैदास के नाम से भी जाना जाता है) एक ऐसे प्रकाश स्तंभ बनकर उभरे, जिन्होंने धर्म की रूढ़िवादी व्याख्याओं को चुनौती दी और भक्ति को कर्मकांडों के चंगुल से मुक्त कर सीधे मानवता से जोड़ दिया। उनका जीवन और दर्शन आज भी सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला माना जाता है। उन्होंने धर्म को मंदिर-मस्जिद की दीवारों से निकालकर इंसानियत की चौखट पर ला खड़ा किया।

संत रविदास का जन्म वाराणसी के निकट सीर गोवर्धनपुर ग्राम में विक्रम संवत 1433 में माघ पूर्णिमा को हुआ था। उनके पिता संतोख दास और माता कलसां देवी थे। वे एक चर्मकार परिवार से संबंधित थे। तत्कालीन समाज में इस कार्य को करने वाली जातियों को अछूत और हेय दृष्टि से देखा जाता था। लेकिन संत रविदास ने अपने पैतृक व्यवसाय (जूते बनाना) को कभी नहीं त्यागा। उन्होंने सिद्ध किया कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसे करने वाली नियत महत्वपूर्ण होती है। वे जूते गांठते हुए भी ईश्वर का सिमरन करते थे। यही उनके जीवन का पहला बड़ा सुधार था-श्रम की गरिमा की स्थापना। उनके गुरु स्वामी रामानंद थे। रामानंद के सान्निध्य व प्रभाव से रविदास की आध्यात्मिक दृष्टि व्यापक हुई, जहां उन्होंने सीखा कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। रविदास का स्वामी रामानंद का शिष्य बनना मध्यकालीन इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है। रामानंद ने जाति-पाति पूछे नहीं कोई का जो नारा दिया था, रविदास उसके जीवंत उदाहरण बने। कहा जाता है कि जब रविदास ने रामानंद से दीक्षा मांगी, तो काशी के पंडितों ने इसका विरोध किया। तब रामानंद ने उनके अंतर्मन की शुद्धि को देखकर उन्हें अपनाया। रविदास ने गुरु से प्राप्त ज्ञान को अपनी कर्मस्थली जूते बनाने की दुकान पर ही चरितार्थ किया। उन्होंने सिद्ध किया कि ईश्वर को पाने के लिए हिमालय जाने की आवश्यकता नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपना कर्म करना ही तपस्या है। उन्होंने सामाजिक सुधार के लिए जातिवाद पर प्रहार और समानता का शंखनाद किया। रविदास का सबसे बड़ा योगदान जाति आधारित ऊँच-नीच के विरुद्ध उनका साहसी संघर्ष था। उन्होंने शास्त्रों की उन दकियानूसी व्याख्याओं को नकारा जो मनुष्य को जन्म के आधार पर विभाजित करती थीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की-

रैदास जन्म के कारनै, होत न कोई नीच।
नर को नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच।।

अर्थात- मनुष्य जन्म से नीच नहीं होता, बल्कि उसके बुरे कर्म ही उसे नीच बनाते हैं।




उनका मानना था कि सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की संतान और पंच तत्वों से निर्मित हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि यदि सबका सृजनहार (ईश्वर) एक है, तो इंसानों में भेद कैसा? उनके इस दर्शन ने समाज के वंचित वर्गों में आत्म-सम्मान का संचार किया। रविदास ने अपनी वाणी में एक ऐसे आदर्श शहर की कल्पना की, जिसे उन्होंने बेगमपुरा नाम दिया। यह केवल एक धार्मिक कल्पना नहीं थी, बल्कि एक राजनीतिक और सामाजिक घोषणापत्र था। उनके अनुसार बेगमपुरा अर्थात बिना-गम का शहर एक ऐसा स्थान है, जहां दुःख व चिंता (तसवीस) का नामोनिशान नहीं है। कोई कर (खिराज) या संपत्ति का भय नहीं है। कोई सामाजिक भेदभाव या ऊँच-नीच नहीं है। सभी नागरिक समान हैं और कहीं भी आने-जाने के लिए स्वतंत्र हैं।

उल्लेखनीय है कि थॉमस मोर की यूटोपिया से सदियों पहले, रविदास ने एक ऐसे संप्रभु और समतावादी समाज का खाका खींचा था, जो आज के आधुनिक लोकतंत्र और कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों से मेल खाता है। रविदास की भक्ति निर्गुण थी, लेकिन उनके हृदय में ईश्वर के प्रति प्रेम अत्यंत सगुण और गहरा था। उनका प्रसिद्ध सूत्र- मन चंगा तो कठौती में गंगा- बाहरी दिखावों, तीर्थ यात्राओं और कर्मकांडों पर सबसे बड़ी चोट थी। उन्होंने सिखाया कि यदि आपका मन पवित्र है और कर्म ईमानदारी भरा है, तो आप जिस बर्तन (कठौती) में काम कर रहे हैं, उसी में गंगा का पुण्य प्राप्त हो सकता है। उनके इन्हीं गुणों से प्रभावित होकर मेवाड़ की रानी मीराबाई ने रविदास को अपना गुरु बनाया था। एक चर्मकार संत को एक क्षत्रिय रानी द्वारा गुरु स्वीकार किया जाना मध्यकाल की सबसे बड़ी सामाजिक क्रांति थी। यह इस बात का प्रमाण था कि ज्ञान और भक्ति किसी जाति की बपौती नहीं हैं। संत रविदास की वाणी सरल, सहज और हृदय को छूने वाली थी। उनकी रचनाओं ने धर्म और भाषा की सीमाओं को तोड़ दिया। उनकी भाषा सरल ब्रज, अवधी और राजस्थानी का मिश्रण है, जिससे वे आम जनता से सीधे जुड़ सके। उनकी वाणी में करुणा और विद्रोह का अद्भुत संतुलन है। उनकी आध्यात्मिक महानता, उनके साहित्यिक विरासत की व्यापक स्वीकार्यता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उनके 40 पद सिखों के सबसे पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। सिखों के पंचम गुरु, गुरु अर्जुन देव सिंह ने उनकी वाणी को गुरुओं के बराबर सम्मान दिया। उनके पदों में ईश्वर के प्रति समर्पण, विरह और सामाजिक चेतना का अद्भुत मिश्रण है। वे स्वयं को खलास चमारा अर्थात मुक्त चमार कहते थे, जो जाति के बंधनों से ऊपर उठ चुका था। वर्तमान में भी संत रविदास केवल एक ऐतिहासिक पात्र नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में उनके अनुयायियों ने उनकी शिक्षाओं को एक व्यवस्थित स्वरूप दिया है, जिसे रविदासिया धर्म के रूप में जाना जाता है। भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी डॉ. बी.आर. अंबेडकर रविदास के विचारों से अत्यंत प्रभावित थे। संविधान में वर्णित समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्य कहीं न कहीं रविदास के बेगमपुरा के सपने का ही विस्तार हैं।

संत रविदास का जीवन इस बात का संदेश है कि विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक भेदभाव के बावजूद, मनुष्य अपने चरित्र और कर्म से सर्वोच्चता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने भक्ति को परलोक से हटाकर इहलोक (इस संसार) के सुधार से जोड़ा। उनका नारा- रैदास मनुष ना जुड़ सके, जब लौ जाति न जात- आज के खंडित समाज के लिए सबसे बड़ी चेतावनी और समाधान है। जब तक संसार में गरीबी, भेदभाव और अन्याय रहेगा, संत रविदास का बेगमपुरा मानवता का अंतिम लक्ष्य बना रहेगा। वे केवल एक समुदाय के संत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानवतावादी पथ प्रदर्शक हैं। मध्यकालीन भारत की वैचारिक पृष्ठभूमि में बेगमपुरा को मानवीय चेतना का वैश्विक घोषणापत्र और सामाजिक क्रांति का महाकाव्य कहा जा सकता है। संत रविदास का जीवन जहां चर्मकार कुल का संघर्ष का प्रतीक हैं, वहीं प्रतिकूलताओं के बीच प्रज्ञा का उदय का भी द्योतक है। जिस काल में शूद्रों के लिए वेद सुनना भी अपराध माना जाता था, उस काल में एक चर्मकार परिवार में जन्म लेकर ब्रह्म-ज्ञान प्राप्त करना अपने आप में एक विद्रोह था। रविदास ने बचपन से ही सामाजिक अपमान को देखा, लेकिन उनके भीतर घृणा के बजाय करुणा का संचार हुआ। वे बचपन से ही साधु-संतों की सेवा में लगे रहते थे। कथाओं के अनुसार वे अक्सर अपने पिता द्वारा दिए गए धन से भूखे साधुओं को भोजन करा देते थे। उनकी यह परोपकारी प्रवृत्ति आगे चलकर उनके व्यापक मानवतावाद का आधार बनी।

आज संत रविदास केवल एक ऐतिहासिक संत नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक चेतना हैं। डॉ. अंबेडकर ने रविदास को अपना वैचारिक पूर्वज माना। बेगमपुरा का विचार ही भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के रूप में झलकता है। संत रविदास का जीवन एक ऐसी यात्रा है, जो अज्ञान से ज्ञान की ओर, अपमान से सम्मान की ओर और भेदभाव से बेगमपुरा की ओर ले जाती है। उन्होंने तलवार नहीं उठाई, बल्कि अपनी जूते सिलने का औजार सुतारी और वाणी से समाज की जड़ता को काट दिया। वे कहते थे-

रैदास मनुष ना जुड़ सके, जब लौ जाति न जात।

अर्थात- जब तक जातियां रहेंगी, इंसानियत नहीं पनपेगी।

आज जब दुनिया धार्मिक व नस्लीय संघर्षों और लूटेरों की गिरोह की हवश के चंगुल में फंसी है, संत रविदास का सर्वजन हिताय दर्शन ही शांति का एकमात्र मार्ग है। वे एक ऐसे सूर्य हैं, जिनकी किरणों में कोई भेदभाव नहीं है। सूर्य की किरणें राजा और रंक दोनों पर समान रूप से पड़ने की भांति ही संत रविदास का प्रेम और दर्शन भी संपूर्ण मानवता के लिए एक समान है।

# भारत -यूरोपियन यूनियन का ऐतिहासिक व्यापार समझौता

**आर्थिक सहयोग का एक नया युग**

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारत और यूरोपियन यूनियन के मध्य 27 जनवरी 2026 को हुआ ससझौता एक व्यापक बदलाव वाला समझौता है। यह बहु प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता बिना किसी दबाव के, लम्बी सहज सरल वाताओं के उपरांत यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वान डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में सपंन्न हुआ। इस समझौते से भारत और यूरोप के के मध्य व्यापारिक संबंधों के प्रगाढ़ होने की प्रबल सम्भावना है।

भारत और यूरोपियन यूनियन के साथ हुआ यह समझौता वर्ष 2027 में लागू होगा और तब तक सभी 27 सदस्य देशों की संसद के द्वारा इसका पारण किया जाएगा। यह समझौता कई दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है इससे सर्वाधिक लाभ कृषि व किसानों को होगा क्योंकि डेयरी सेक्टर आदि इससे मुक्त रखा गया है। इससे कपड़ा, चमड़ा व फुटवियर, हस्तशिल्प फर्नीचर आदि क्षेत्रो के लिए नए अवसर खुलेंगे।

इलेक्ट्रानिक उत्पादों पर टैरिफ 14 प्रतिशत से घटकर शून्य रह जाएगा जिस कारण विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से सहायता प्राप्त होगी। यूरोपीय बाजारों में आसान पहुंच से बिल्ड इन इंडिया आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और भारत तेजी से निर्यात बढ़ाने में सक्षम होगा। रत्न आभूषणों पर भी टैरिफ शून्य हो जाएगा जिस कारण डिजाइन और शुद्धता आधारित आभूषण निर्यात में यूरोपीय बाजारों के साथ वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़त मजबूत होगी। टैरिफ में कटौती से यूरोपीय बाजारों मे पहुंच होगी लागत कम होगी जिससे प्लेन सोने और जड़े हुए आभूषणों की ईयू में मांग बढ़ेगी। यूरोपीय थोक विक्रेता एवं बड़े ब्रांड के साथ गहरे संबंध बनाने और नए आर्डर पाने के अवसर भी मिलेंगे। मुक्त व्यापार समझौता कृषि और समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात बढ़ाने में सक्षम होगा। किसानों और तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की आय मे वृद्धि होगी। मछली पालन प्रोसेसिंग और लॉजिटिक्स क्षेत्र में नौकरियां बढेंगी। काली मिर्च और इलायची जैसे मसाले यूरोप में बेहतर पहुंच का लाभ उठा सकेंगे।समझौता लागू हो जाने के बाद फार्मा -मेडिकल उपकरणों से भी टैरिफ घटकर शून्य हो जाएगा ।

# न्याय की तराजू पर अब जाति का बाट!

देश में न्याय अब कानून की किताबों से नहीं, कुंडली और गोत्र सूची से तौला जा रहा है।
यूजीसी पर रोक लगाने का आदेश आया तो कुछ लोगों को फैसले से ज्यादा जज साहब की जाति में दिलचस्पी हो गई।
जो कल तक कहते थे–
"संविधान सर्वोपरि है, व्यक्ति नहीं"
आज वही पूछ रहे हैं–
"जज कौन थे? किस जाति के थे?"
वाह री वैचारिक स्थिरता!
कल तक जो लोग हर मंच पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता की दुहाई देते नहीं थकते थे,
आज वही लोग सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ नारे लगाते दिख रहे हैं–
क्योंकि फैसला ह्हमारी पसंदह्व का नहीं निकला।
अब न्याय का मूल्यांकन इस आधार पर होने लगा है कि फैसला संविधान के पक्ष में है या जातीय गणित के खिलाफ।
लगता है जल्द ही अदालतों में दलीलों के साथ यह भी जोड़ा जाएगा– "माई लॉर्ड, पहले अपनी जाति स्पष्ट करें, फिर फैसला सुनाइए।"
संविधान की किताब हाथ में है, लेकिन नजरें अब भी जाति प्रमाणपत्र पर टिकी हैं।
सवाल यह नहीं कि फैसला सही है या गलत–
सवाल बस इतना है कि फैसला 'हमारे आदमी' ने दिया या नहीं।और इसी का नाम आजकल "संवैधानिक चेतना" बताया जा रहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## नशा मुक्त जनपद के लिए अभियान तेज करने और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी, ड्रंक एंड ड्राइव और अन्य नशीले पदार्थों की गतिविधियों पर सघन निगरानी और प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए।



**मुख्य निर्देश और फैसले**

*सभी संबंधित विभाग पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और समन्वय के साथ कार्य करें।*
*मादक पदार्थों की अवैध खरीद, बिक्री, भंडारण और तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।*
*पिछली बैठक की अनुपालन रिपोर्ट आज रात तक लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए।*
*जनवरी माह में संचालित अभियानों और प्रवर्तन कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट जिला आबकारी अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए।*
*नशा मुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए नए और सशक्त स्लोगन के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।*
*विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन लेखन और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशा मुक्ति संदेश फैलाया जाए।*
*स्कूलों के आसपास गुटखा, सिगरेट और नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए।*
*जिला औषधि निरीक्षक द्वारा सभी मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण और बिना लाइसेंस नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई।*

**बैठक में उपस्थित अधिकारी**

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, प्रभारी/जिला विद्यालय निरीक्षक दीपा भाटी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, एसीपी कल्पना गुप्ता, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की श्वेता खुराना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**अधिकारियों की रिपोर्ट**

आबकारी निरीक्षक आशीष पांडेय ने अवैध नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान, प्रवर्तन कार्रवाइयों और वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण, चेकिंग और प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान: नए मतदाताओं के पंजीकरण और संशोधन हेतु 31 जनवरी को विशेष अभियान

## फार्म-6, 7 और 8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की सुविधा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 31 जनवरी, शनिवार को विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा।

इस अभियान के दौरान मतदेय स्थलों पर फार्म-6, 6क, 7 और 8 प्राप्त किए जाएंगे और उन्हें जमा करने की प्रक्रिया प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक चलायी जाएगी।

**फार्म का विवरण**

फार्म-6ः प्रथमवार मतदाता पंजीकरण के लिए
फार्म-6कः प्रवासी मतदाता द्वारा पंजीकरण हेतु
फार्म-7ः नाम सम्मिलित करने या अपमार्जित करने हेतु आपत्ति दर्ज करने के लिए
फार्म-8ः निवास परिवर्तन, संशोधन या मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन/दिव्यांग चिन्हांकन हेतु

**फार्म जमा करने के स्थान**

अपने पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारी (BLO) के पास
तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र (VRC)
तहसील के तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
तहसील के उप जिलाधिकारीनिर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय
इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन voters.eci.gov.in पर भी फार्म-6, 7 और 8 भरे जा सकते हैं।

**महत्वपूर्ण सूचना**

जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित) का उपयोग कर पंजीकरण करा सकते हैं।

24 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता नए नामांकन या संशोधन के लिए फार्म-8 का उपयोग करें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## कोल्ड वेव और सिटी हीट वेव एक्शन प्लान पर जोर, अधिकारियों को कड़े निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन समिति एवं सिटी हीट वेव एक्शन प्लान (CHAP) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को आपदा की गंभीरता और तैयारी के महत्व से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



**मुख्य निर्देश और निर्णय**

अनुपस्थित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई और पिछली बैठक की अनुपालन रिपोर्ट आज रात तक प्रस्तुत करने का आदेश।

नगर में रैन बसेरे, अलाव, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश और उचित तापमान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।

रात्री भ्रमण टीमें गठित कर खुले में सो रहे लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने की व्यवस्था।

बहुमंजिला इमारतों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की अग्नि सुरक्षा जांच अनिवार्य, उल्लंघन पर सख्त वैधानिक कार्रवाई।

सड़क सुरक्षाः गड्ढों की मरम्मत, डिवाइडर सुधार, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग और रेडियम स्टीकर से जागरूकता बढ़ाने के निर्देश।

प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव, कंबल वितरण, रैन बसेरों में 24 घंटे सुविधा और नोडल अधिकारी सुनिश्चित करने के आदेश।

ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा और जागरूकता अभियान, कारखानों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, मॉल, होटलों में सुरक्षा जांच।

गौशालाओं में पशुओं के लिए अलाव, चारा, दवाइयां और टीकाकरण, शीतलहर और लू से बचाव हेतु अभियान।

विद्यालयों में विद्यार्थियों को ठंड और लू से बचाव, यातायात नियम और स्वास्थ्य सावधानियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश।

सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों में 24 घंटे चिकित्सक, दवाइयां, बेड, एंबुलेंस और रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय रखी जाए।

**सिटी हीट वेव एक्शन प्लान निर्देश**

20 मार्च 2026 तक हीट एक्शन प्लान तैयार कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाए।
तीन विशेषज्ञ या प्रतिष्ठित संस्थानों का चयन।

अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार।

ग्रीन एरिया वृद्धि, मियावाकी जंगल, जलाशयों का पुनर्जीवन, कूलिंग शेल्टर, जन जागरूकता और रिस्पॉन्स मैट्रिक्स शामिल।

सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि दो दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट और फोटोग्राफ ईमेल ddmagbn@gmail.com पर उपलब्ध कराएँ।

**बैठक में उपस्थित अधिकारी**

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकम सिंह, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दीपा भाटी, जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना

# गौतम बुद्ध नगर: कृभको के सहकारी अभियान में कृषि और सहकारिता पर विस्तृत चर्चा

## किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक खेती के लिए जागरूक किया गया



समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर। विकास भवन सभागार में आयोजित कृभको (कृषि बहुउद्देशीय सहकारी संस्था) के सहकारी सशक्तिकरण अभियान में जिले के सभी कृषि अधिकारी, ADCO, ADO और 30 बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती और कृषि योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

**मुख्य बिंदु और निर्देश**

जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप सिंह परमेश ने रासायनिक उर्वरक कम प्रयोग करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने किसानों को अनुदानित उर्वरकों का सही उपयोग करने और गैर अनुदानित उर्वरक के लिए बाध्य न करने की सलाह दी।
डॉ. महेश कुमार (नोवोनेसिस) ने कृभको रिजोसुपर माइकोराइजा के उपयोग और मिट्टी परीक्षण, फार्मर रजिस्ट्री जैसी सुविधाओं की जानकारी साझा की।
ADO को-ऑपरेटिव आलोक रंजन ने सहकारिता क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी दी और सचिवों से किसानों की जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।
कृषि विभाग के श्री यतीश शर्मा ने ढडर मशीन के माध्यम से 100% उर्वरक बिक्री सुनिश्चित करने की सलाह दी।
कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने सहकारी अभियान और किसानों के हित में किए गए प्रयासों की सराहना की। कृभको की ओर से सभी मंचासीन अधिकारियों और कर्मचारियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

### चित्रकूट में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

# पंडित राजेश अग्निहोत्री ने माता के ऋण और धर्म चरित्र पर किया प्रकाश




चित्रकूट। कामदगिरि रोड स्थित शिवहरे धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मथुरा से पधारे पंडित राजेश अग्निहोत्री ने श्रोताओं को ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, जड़ भरत चरित्र और राजा बलि का प्रसंग सुनाया।
पंडित राजेश ने कहा कि व्यक्ति पर मात्र ऋण, पितृ ऋण और देव ऋण होते हैं।
पितृ ऋण और देव ऋण का प्रयास कर चुकाया जा सकता है, लेकिन माता का ऋण संतान कभी चुका नहीं सकती।
राजा बलि के प्रसंग में वामन भगवान के अवतार का पूजन सभी ने किया।

**भक्तों ने भागवत की आरती उतारी**

कार्यक्रम के अंत में श्री राम गुप्ता, श्री राकेश गुप्ता, श्री सतीश गुप्ता, श्री सुरेश गुप्ता, श्री दिलीप गुप्ता, श्री नवदीप गुप्ता, श्री मती रामा गुप्ता, श्री मती निशा गुप्ता, श्री मती निधि गुप्ता और श्री मती अनुराधा गुप्ता सहित अन्य भक्तों ने भागवत जी की आरती उतारी।

# आईएमएस नोएडा में एआई टूल्स के नैतिक उपयोग पर कार्यशाला

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में एआई टूल्स के नैतिक उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। शुक्रवार को संस्थान के स्कूल ऑफ आईटी एवं सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट ने एमआईसी-एआईसीटीई के अमृत भारत पहल तथा संस्थान के इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा एवं उद्योग जगत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार, नैतिक एवं पारदर्शी उपयोग के प्रति जागरूक करना है।



कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए एसओआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज शिक्षा और उद्योग दोनों क्षेत्रों में तेजी से बदलाव ला रहा है, लेकिन इसके साथ नैतिक जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को एआई टूल्स का उपयोग सीखने के साथ-साथ ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को भी अपनाना चाहिए, ताकि तकनीकी मानवता के हित में उपयोग हो सके।
कार्यशाला के मुख्य वक्ता डुकाट एआई सॉल्यूशंस के डेटा साइंटिस्ट श्री प्रतीक गुप्ता ने ज्ञानवर्धक एवं संवादात्मक सत्र में एआई से जुड़ी नैतिक चुनौतियां, एल्गोरिदम में पक्षपात, जनरेटिव एआई टूल्स का जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग, डेटा गोपनीयता तथा वास्तविक जीवन के केस स्टडी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और चर्चा में हिस्सा लिया।
आज के कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. ज्योति त्रिपाठी ने बताया कि कार्यशाला के दौरान आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर(डॉ.) विकास धवन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भविष्य की तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि इसके प्रभावी उपयोग के लिए नैतिकता और मानवीय मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है।
वहीं डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर (डॉ.) नीलम सक्सेना ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एआई टूल्स का उपयोग तभी सार्थक है, जब वह शैक्षणिक ईमानदारी, डेटा गोपनीयता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित हो। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे एआई को सहायक उपकरण के रूप में अपनाएं, न कि उसके दुरुपयोग का माध्यम बनाएं।

# एनईए प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी समस्याओं पर अपर आयुक्त से की मुलाकात

समाज जागरण

संदीप गर्ग, नोएडा) नोएडा। दिनांक 30 जनवरी, 2026 को एनईए का प्रतिनिधिमंडल, अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन के नेतृत्व में, अपर आयुक्त, राज्य कर, गौतमबुद्ध नगर जोन श्री संदीप भागिया से सैक्टर-148 स्थित कार्यालय में मिला।



एनईए अध्यक्ष ने 22 सितम्बर 2025 से लागू जीएसटी कर ढांचे में परिवर्तन के कारण उद्यमियों को इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसके समाधान हेतु वर्कशॉप आयोजित करने का अनुरोध किया।
प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि किराये पर दी गई प्रॉपर्टी पर विद्युत बिल में जीएसटी की मांग उचित नहीं है क्योंकि बिजली किरायेदार द्वारा विद्युत विभाग में जमा की जाती है।

**आगे की कार्रवाई**

अपर आयुक्त महोदय ने आश्वासन दिया कि एनईए सभागार में 09 फरवरी, 2026 को उद्यमियों के लिए सेमिनार आयोजित किया जाएगा।
प्रतिनिधिमंडल में एनईए अध्यक्ष श्री विपिन कुमार मल्हन, सचिव और जीएसटी कमेटी चेयरमैन श्री आलोक कुमार गुप्ता, सचिव श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, श्री अनिल गुप्ता, श्री गौरव कपूर और श्री प्रवीन गुप्ता शामिल थे।

# थाना बिसरख पुलिस ने शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार, बरामद 2.2 किलो गांजा

समाज जागरण

नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से अमन यादव उर्फ कुनाल यादव को नेफोवा छठ घाट के पास सर्विस रोड, इटेड़ा से गिरफ्तार किया।




**गिरफ्तारी का विवरण**

अभियुक्त अमन यादव, पुत्र अजय उर्फ अजन्ट यादव, मूल निवासी गांव नगला बाछल, समथर, ताखा, थाना ऊसराहार, जिला इटावा, वर्तमान में डूब क्षेत्र, गढ़ी चौखंडी, थाना फेस-3, गौतम बुद्ध नगर में रह रहा था।

गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से 2 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा और चोरी की मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट बरामद हुई।

**अभियुक्त का अपराधी इतिहास**

अमन यादव काफी पुराना अपराधी है। इसके खिलाफ कई थाना क्षेत्रों में पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।
पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ उपयुक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# थाना बादलपुर पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण, 04 अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग, नोएडा) नोएडा। थाना बादलपुर पुलिस ने कृष्णपाल पुत्र स्व0 समर सिंह की हत्या और सुन्दर पुत्र भोरन लाल पर हुए हमले के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। घटना ग्राम कुडी खेडा के खेतों में हुई थी।



**घटना का संक्षिप्त विवरण**

17 जनवरी, 2026 को शराब पीने के बाद मनीष, अमित, आकाश और अभिषेक ने मृतक कृष्णपाल और सुन्दर पर मारपीट की।

मनीष ने कृष्णपाल के मुंह पर प्रहार किया और ईट से वार कर सुन्दर को घायल किया। अभियुक्त मौके से भाग गए, मनीष ने सुन्दर का मोबाइल तोड़ा और अमित ने मृतक का आधार कार्ड अपने कब्जे में ले लिया।

**पुलिस कार्रवाई और सफलता**

थाना बादलपुर ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में दो स्थानीय टीम और CRT टीम का गठन किया।
लगभग 150 सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद 30 जनवरी, 2026 को राजतपुर अंडरपास से चारों अभियुक्त गिरफ्तार किए।

**गिरफ्तारी में एक मोबाइल और एक आधार कार्ड बरामद।**

चारों अभियुक्त 20-26 वर्ष के, गाजियाबाद, बागपत और गौतमबुद्धनगर के निवासी हैं और पूर्व में कई मामलों में शामिल रह चुके हैं।

**आगे की कार्रवाई**

पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ उपयुक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अभियुक्त काफी शातिर किस्म के हैं, उनके अपराधी इतिहास की जांच जारी है।

# सेक्टर 151 नोएडा: ग्रीन बेल्ट दलदल में तब्दील, बड़े हादसे का खतरा

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर 151 नोएडा स्थित इस्कॉन मंदिर के सामने की ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में गंभीर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। लगातार जमा पानी ने इस क्षेत्र को दलदल में बदल दिया है, वहीं पास की चार लेन सड़क पर तेज गति से वाहन दौड़ते हैं। खराब स्ट्रीट लाइट और पानी में मच्छरों का प्रकोप, क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।



**क्षेत्रवासियों की चिंता**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह इलाका किसी भी दिन सेक्टर 150 जैसी दर्दनाक दुर्घटना का केंद्र बन सकता है। दलदली जमीन के कारण राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों के फिसलने या डूबने का खतरा लगातार बना हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी उदासीन बने हुए हैं। न तो जल निकासी की ठोस व्यवस्था की गई है और न ही ग्रीन बेल्ट की सफाई या मरम्मत की दिशा में कोई कदम उठाया गया है।

**मांग और अपेक्षा**

क्षेत्रवासियों ने नोएडा प्राधिकरण से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



ग्रीन बेल्ट में जल निकासी की व्यवस्था

दलदल को भरकर सुरक्षित बनाना
मच्छर नियंत्रण के लिए फॉगिंग
सड़क और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना
नागरिक चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है, और पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

# गुमशुदा की तलाश



यह व्यक्ति गुमशुदा है जिसकी रिपोर्ट गुरुग्राम पुलिस ने 8 जनवरी से दर्ज है।
जिस किसी व्यक्ति को मिले तो नीचे दिये नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
महिपालपुर, उपराही मोहल्ला मकान नंबर 302, ओम विहार धर्म कॉलोनी, गुरुग्राम मकान नंबर जे34
**9582843946, 8076085036, 8700106890**

# थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस ने गुमशुदा लड़के को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया

समाज जागरण

संदीप गर्ग, नोएडा) नोएडा। थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस ने ग्राम अमरपुर के 14 वर्षीय लड़के, जो कक्षा 9 का छात्र है, सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। लड़का ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस को सूचना मिलने के तुरंत बाद आस-पास के लोगों से पूछताछ की गई और सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। अथक प्रयासों के बाद लड़का सुरक्षित रूप से मिला। लड़के के परिजनों ने पुलिस की तत्परता और कुशल कार्यवाही की खूब प्रशंसा की।



## ईकोटेक-3 पुलिस ने खोए हुए आभूषण सकुशल वापस किए

संदीप गर्ग, नोएडा) नोएडा। थाना ईकोटेक-3 पुलिस टीम ने ग्राम हबीबपुर में एक व्यक्ति की पत्नी के कान के झुमके, मंगलसूत्र और एक जोड़ी पायल खोजकर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया। तत्काल कार्रवाईः सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया और अथक प्रयासों के बाद आभूषण ढूंढकर सुरक्षित लौटाए। आभूषण लौटने पर व्यक्ति ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और उनकी तत्परता व कुशल कार्यवाही की प्रशंसा की।



# पबांसा में यूजीसी एक्ट के विरुद्ध स्वर्णों ने निकाला जुलूस। मोदी का फूंका पुतला।

स्वर्ण समाज के द्वारा यूजीसी एक्ट को काला कानून बताते हुए उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**समाज जागरण संवाददाता प्रवेश यादव**



विकास खण्ड पबांसा के बहजोई थाना क्षेत्र के पबांसा गांव में जुलुस निकाला । जोकि संतोषी माता मंदिर के परिसर में समाप्त हुआ। सवर्ण समाज के लोगों ने काले कानून पुतला फूंक कर रोष व्यक्त किया। वहीं कार्यकताओं ने योगी सरकार के समर्थन में और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

सवर्णों का कहना है कि यूजीसी एक्ट के लागू होने से सामान्य वर्ग में भारी आक्रोश है और यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और अपराध भी बढ़ने लगेंगे। सवर्ण समाज ने आरोप लगाया है कि यूजीसी एक्ट का नया नियम सवर्णों के प्रति नकारात्मक सोच और जातिवादी पूर्वाग्रह से प्रेरित है, ।जिससे शिक्षा के क्षेत्र में राजनीतिक जातिगत द्वेष को बढ़ावा मिल रहा है।, जबकि शिक्षा व्यवस्था में छात्रों और शिक्षकों का मूल्यांकन केवल योग्यता, परिश्रम और नैतिकता के आधार पर होना चाहिए। कई प्रदेशों के उच्च न्यायालयों द्वारा एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग को लेकर टिप्पणियां की जा चुकी हैं और इसी तरह यूजीसी एक्ट के तहत यदि सामान्य वर्ग पर की गई शिकायत गलत पाई जाती है तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई का प्रावधान नहीं है,जो न्यायसंगत नहीं है। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को सवर्ण के लोगों ने स्वर्ण होना अभिशाप है, क्या स्वर्ण आतंकवादी है,स्वर्ण होना पाप है, मोदी जी यूजीसी बिल बापस लो आदि स्लोगन लिखे तख्ती लेकर काले कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और संतोषी माता मंदिर के परिसर में केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे काले कानून का पुतला फूंक कर रोष जताया। और मांग की कि यूजीसी सहित आरक्षण ,एसटी एससी एक्ट शीघ्र समाप्त किए जाएं। नहीं तो वह दिन दूर नहीं देश में विद्रोह पनप जाएगा। जनता पाखंडी सरकार के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर विद्रोह करने पर मजबूर हो जाएगी। भारत का हाल भी नेपाल और बांग्लादेश की तरह होगा। वक्ताओं ने कहा एक तरफ मोदी ल शर्मा आदि सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को 5 लाख की कैशलेस की सुविधा मिली

**समाज जागरण संवाददाता प्रवेश कुमार**




विकासखंड पंवासा के ग्राम पवासा स्थित श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को 5 लाख तक की कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा करने पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने खुशी मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। शिक्षकों का कहना था कि अब वह और उनके परिवार को सरकारी एवं निजी अस्पतालों में 5 लाख तक का इलाज मुफ्त मिल सकेगा।

इस योजना में शासन के लगभग 448 खर्च होंगे। इस योजना के तहत बेसिक में लगभग 12 लाख कर्मचारी एवं माध्यमिक में लगभग 3 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वित्त विहीन प्रबंधक के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह हैप्पी, तरूष प्रताप सिंह,प्रधानाचार्य चौ० संजीव यादव, प्रधानाचार्य जीतपाल सिंह यादव, अर्जुन सिंह यादव रजनीश यादव, सुभाष राघव ,अमरपाल सिंह ,अरुण कुमार सिंह ,शुभम राघव, आशीष राघव ,आकाश राघव सहित सभी शिक्षक कर उपस्थित रहे।।

उत्तर प्रदेश कैबिनेट में वित्तविहीन शिक्षकों के लिए 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जो प्रस्ताव पास किया गया है। उसके लिए जनपद संभल के समस्त वित्तविहीन शिक्षकों की ओर से उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के साथ-साथ विशेष रूप से शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों जिन्होंने शिक्षकों की इस समस्या को बार-बार विधान परिषद में उठाया और मुख्यमंत्री एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री से इस योजना को लागू करने का आग्रह किया सभी का धन्यवाद व्यक्त करता हूं आभार व्यक्त करता हूं।

अवधेश प्रताप सिंह हैप्पी जिला अध्यक्ष वित्तविहीन प्रबंधक संगठन जनपद संभल

# अखंड भारत परिषद आखाड़ा के प्रकाश चंद्र शर्मा प्रदेश सचिव ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

**समाज जागरण संवाददाता प्रवेश कुमार**

पबांसा/सम्भल यूजीसी के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा नई यूजीसी रिगुलेशन जारी किए गए हैं यह नियम पूर्णत सामान्य वर्ग के बाद छात्र-छात्राओं के अधिकारों के विरोध है यह संविधान की मूल भावना के भी विरोध है इन नियमों के दुरुपयोग की पूरी पूरी साम्भावना है जिससे भविष्य में सामाजिक






बैमनस्य हीं बढ़ेगा यह कानून समस्त सामान्य वर्ग को ही अपराधी घोषित करते हैं यह नियम कानून केवल सामान्य वर्ग के लिए ही अपितु सिर्फ सर्वसमाज के लिए हानिकारक भेदभाव पैदा करने वाले तथा अपराध करने के लिए प्रेरित करने वाले हैं समाज का सर्वधान कानून से नहीं बल्कि शिक्षा वी संस्कारों से होता है इसलिए इन नए यूजीसी रेगुलेशन के स्थान पर शैक्षिकण संस्थाओं में मोरल एजुकेशन को बढ़ावा देते हुए समय-समय पर सेमी नगर आयोजित करना श्रेयस्कर होगा इस अवसर मौजूद रहे, रिंकू शर्मा प्रदेशसलाहकार, राकेश वार्ष्णेय प्रदेश अध्यक्ष, नवीन कुमार रजपुरा ब्लॉक अध्यक्ष, शिवम शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता, गौरव कांत शर्मा, एवं आदि मौजूद रहे

# यूजीसी कानून के खिलाफ पर्वतीय जन विकास समिति ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए कानून के विरोध में पर्वतीय जन विकास समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए उसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष विनोद काला के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह को सौंपा। इस दौरान समिति ने यूजीसी के नए नियम को संविधान विरोधी बताते हुए इसे भारतीय समाज को तोड़ने की साजिश करार दिया। समिति अध्यक्ष विनोद काला ने कहा कि दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों के अधिकारों की रक्षा बेहद जरूरी है, लेकिन नियम बनाते समय सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी का नया कानून सामान्य वर्ग के उत्पीड़न का माध्यम बन सकता है, जिससे समाज में असंतोष और विभाजन की स्थिति पैदा होगी। उन्होंने कहा कि यूजीसी का मूल उद्देश्य भेदभाव को समाप्त करना होना चाहिए, न कि किसी वर्ग को असुरक्षित महसूस कराना। भारतीय न्याय संहिता में पहले से ही भेदभाव से जुड़े मामलों के लिए स्पष्ट प्रावधान मौजूद हैं, ऐसे में अलग से समता समिति गठित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी द्वारा लाया गया यह कानून तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि किसी प्रकार की समिति का गठन किया जाता है, तो उसका उद्देश्य केवल भर्तियों और पदोन्नति में आरक्षित वर्ग के चयन को सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि समाज में विभाजन पैदा करना। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व प्रधान विनोद कुमार काला, सुनील कुमार धस्माना, बालम सिंह, हरेंद्र सिंह गोसाई, प्रतीम सिंह रोतेला, विनय काला, रघुवीर सिंह बिष्ट, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिल्ली में दो मंजिला इमारत से गिरकर अफजलगढ़ के युवक की मौत, नगर में शोक

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला नेजो सराय निवासी एक 25 वर्षीय युवक की दिल्ली में दो मंजिला इमारत से गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की असामयिक मौत से नगर में शोक की लहर दौड़ गई और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मृतक की पहचान शादाब सलमानी (25) पुत्र साबिर, निवासी मोहल्ला नेजो सराय, अफजलगढ़ के रूप में हुई है। बताया गया कि शादाब सलमानी दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में रहकर एक सैलून में हेयर कटिंग का कार्य करता था और इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। मृतक के मामा के बेटे समीर सलमानी ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब छह बजे शादाब उत्तम नगर स्थित दो मंजिला इमारत की छत से नीचे गिर गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन दिल्ली पहुंच गए। शादाब सलमानी के शव का दिल्ली में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों के अनुसार शव शुक्रवार देर रात तक अफजलगढ़ पहुंचने की संभावना है, जबकि शनिवार को मोहल्ला नेजो सराय स्थित मदरसे में नमाज-ए-जनाजा अदा की जाएगी। युवक की मौत की खबर मिलते ही नगरवासियों ने मृतक के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों में मौलाना शौकत मजाहिरी, पूर्व विधायक शेख सुलेमान,चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट, समीम अंसारी भट्टे वाले, मेम्बर कलवा कुरैशी, भाजपा नेता मास्टर शमीम अंसारी, मेम्बर असलम अंसारी, जुनैद सैफी एडवोकेट, आमिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर ।एक सप्ताह पूर्व सडक हादसे मे घायल हुए युवक की बुधवार की देर रात उपचार के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल मे मौत हो गई युवक की मौत से स्वजनो मे कोहराम मचा है।

थाना क्षेत्र के गाँव हुसैनपुर निवासी 20 वार्षिय अनमोल पुत्र रामगोपाल 22 जनवरी गुरुवार की देर रात साढ़े नौ बजे के करीब गाँव निवासी अपने दो दोस्त अंकित पुत्र बुधसिंह 22 वर्ष व मोहित पुत्र रामवतार 22 वर्ष के साथ बाईक से अपने मुमेरे भाई के रिश्ते में शामिल होने बाईक से क्षेत्र के गांव गेवलीपुर जा रहा था। मंडावर वालावाली मार्ग पर गाँव नारायणपुर के पास सामने से वालावली की ओर से आ रहे ट्रक ने उनकी बाईक मे जोरदार टक्कर मार दी थीं। जिसमे अनमोल की मौके पर ही मौत हो गई थीं ।जबकि अंकित व मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था ।राहगिरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया था ।जहां से गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने अंकित को मेरठ के लिए रेफर कर दिया था ।अंकित की हालत मे सुधार नहीं होने पर स्वजन उसे दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल ले गए थे ।जहां बुधवार की देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अंकित की मौत से स्वजनो मे कोहराम मचा है।

# शराब-नॉनवेज सेवन के दौरान एक की मौत, तीन गंभीर: नजीबाबाद के रेलवे स्टेशन रोड पर संदिग्ध हालात, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद रेलवे स्टेशन रोड पर गरुवार की रात करीब 10 बजे शराब और नॉनवेज के सेवन से एक की मौत हो गई है। इस दौरान तीन अन्य लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार व्यक्ति एक साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे और नॉनवेज खा रहे थे। इसी दौरान अचानक नौशाद नामक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना के बाद साथ मौजूद अन्य तीन लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस टीम को जांच के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस ने घटनास्थल से बीयर और शराब की बोतलें तथा अन्य संबंधित सामान एकत्र कर जांच के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल सिंह और रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज एसआई सौरभ कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# प्रगतिशील किसानों के लिए एक दिवसीय नैनों उर्वरक उपयोग आधारित कार्यशाला का किया आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में कृषि विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों व प्रगतिशील किसानों के लिए एक दिवसीय नैनों उर्वरक उपयोग एवं महत्व आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि घनश्याम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि रउऊक्र नगीना राजेश सिंह रहे ।

क्षेत्र अधिकारी इफको श्री शिवम तिवारी द्वारा कार्य्रकम संचालन किया गया एवं उपस्थित कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। इफको के क्षेत्र अधिकारी ने नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से जल, मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया तथा फसलों में नैनो डीएपी से बीज/ जड़/कंद/ सेट शोधित कर बुवाई/ रोपाई करने की सलाह दी ।दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करें नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित कर सकते हैं एवं मात्र ड्र600 की है जो कि दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है नैनो डीएपी के प्रयोग से लागत में कमी आएगी साथ ही उत्पादन एवं उत्पाद की गुणवत्ता भी बढ़ती है तथा नैनो यूरिया फसल की पत्तियों पर 4`` प्रति लीटर पानी से घोल बनाकर स्प्रे करें एवं अन्य उत्पाद के बारे में के साथ साथ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मृदा स्वास्थ्य संवर्धन एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं जैविक उर्वरकों पर गहन जानकारी दी।

कार्यक्रम में घनश्याम वर्मा ने विभाग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को नैनों उर्वरकों , न्यू एज फर्टिलाइजर एवं अन्य इफको के उत्पादों के आवश्यकता, प्रयोग विधि एवं उनसे फसलों में होने वाले लाभ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही रासायनिक उर्वरकों से होने वाले मृदा स्वास्थ्य, जल प्रदूषण , पर्यावरण प्रदूषण एवं मानव-जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला । विकास खण्ड से आए समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि, तकनीकी सहायक कृषि, ए टी एम/बी टी एम एवं क्षेत्र अधिकारी इफको को नैनो उर्वरकों को वृहद स्तर पर प्रचार एवं प्रसार हेतु निर्देशित किया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक के० के० सिंह ,ने बताया कि किसान लगातार रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं जिससे मृदा की उत्पादकता लगातार घटती जा रही है और कई प्रकार के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं, अब आवश्यक हो गया है कि रासायनिक उर्वरकों के अनियन्त्रित उपयोग में रोक लगाने की आवश्यकता है, इस क्रम में सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती व जैविक खेती को बढावा देने हेतु कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं , उक्त योजनाओं में नैनो उर्वरकों का समावेश किया जा सकता है , तथा कृषि विभाग के सभी फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सलाह दी कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के कुछ किसानों का चयन करके अपनी देखरेख में नैनो उर्वरकों का उपयोग कराकर प्रशिक्षित कराएंगे तथा वर्तमान में आ रही समस्याओं से निपटने हेतु वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग हेतु किसानो को जागरूक करें कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की सस्य विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक शिवांगी जी ने गन्ने की उन्नत कृषि को लेकर मृदा स्वास्थ व मृदा स्त्रँ एवं मृदा कार्बन, को लेकर जानकारी दी । किसानो को मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूने लेने की विधि बताई तथा पोषक तत्व प्रबंध की जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक नगीना राजेश सिंह ने गन्ने की नई प्रजातियो व अधिकतम उत्पादन लेने के लिए बुबाई की ट्रेंच विधि व नवीनतम तकनीक के प्रयोग करने की सलाह दी तथा सहफसली फसलों के प्रयोग के बारे में तथा फसल चक्र अपनाने की सलाह दी तथा गन्ने की पेड़ी प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा गन्ना समिति की ओर से कृषि यंत्रों के किसानों के किराए पर उपलब्ध होने दी ।

कार्यक्रम के अंत में अप कृषि निदेशक महोदय द्वारा इफको की ओर से निशुल्क सब्जियों के बीज की किट उपलब्ध कराई गई ।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक शिवांगी जी, अरविंद कुमार ल्रक उद्यान विभाग , शरद कुमार प्रगतिशील किसान व कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, एडीओ एजी, एस एम एस , MDE अनिल कुमार , IFFDC केंद्र बुन्दकी के संचालक हेमेंद्र सिंह सहित करीब 80 लोगो ने प्रतिभाग किया।

# भारतीय वैज्ञानिकों ने सौर ऊर्जा चलने वाला स्व-चार्जिंग ऊर्जा भंडारण उपकरण विकसित किया है।

वैज्ञानिकों द्वारा विकसित फोटो-कैपेसिटर नामक अभिनव सौर ऊर्जा-संचालित सुपरकैपेसिटर एक ही एकीकृत उपकरण में सौर ऊर्जा को लेने और उसे संग्रहीत करने के दोनों काम कर सकता है।

यह स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम हो सकता है, जो कही ले जाने तथा पहनने योग्य और ऑफ ग्रिड प्रौद्योगिकियों के लिए कुशल, कम लागत वाले और पर्यावरण के अनुकूल बिजली समाधानों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

परंपरागत रूप से, सौर ऊर्जा प्रणालियां दो अलग-अलग इकाइयों पर निर्भर करती हैं: ऊर्जा संग्रहण के लिए सौर पैनल और ऊर्जा भंडारण के लिए बैटरी या सुपरकैपेसिटर। यद्यपि ऐसी हाइब्रिड प्रणालियां बड़े पैमाने के सौर फार्मों से लेकर पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक व्यापक रूप से उपयोग की जाती हैं, फिर भी ऊर्जा संग्रहण इकाई और भंडारण इकाई के बीच वोल्टेज और करंट के असंतुलन को नियंत्रित करने के लिए इनमें अतिरिक्त विद्युत प्रबंधन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को पूरा करने से प्रणाली की जटिलता, लागत, ऊर्जा हानि और उपकरण का आकार बढ़ जाता है, जो विशेष रूप से लघु और स्वायत्त उपकरणों के लिए हानिकारक साबित होता है।

सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अधीन एक स्वायत्त संस्थान, सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस), बेंगलुरु द्वारा विकसित इस नए फोटो-रिचार्जेबल सुपरकैपेसिटर ने सूर्य के प्रकाश को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने और उस ऊर्जा को बाद में उपयोग के लिए संग्रहित करने की दोनों प्रक्रियाओं को सहजता से संयोजित किया है। इससे डिजाइन सरल हो जाता है और रूपांतरण तथा भंडारण के दौरान ऊर्जा हानि कम से कम हो जाती है। डॉ. कविता पांडे के मार्गदर्शन में, बाइंडर-मुक्त निकल-कोबाल्ट ऑक्साइड नैनोवायरों के उपयोग की मदद से नवाचार किया गया है। इन्हें एक सरल इन सीटू हाइड्रोथर्मल प्रक्रिया का उपयोग करके निकल फोम पर समान रूप से तैयार किया गया है।

केवल कुछ नैनोमीटर और लंबाई कई माइक्रोमीटर व्यास वाले ये नैनोवायर अत्यंत छिद्रपूर्ण और सुचालक 3डी नेटवर्क बनाते हैं जो सूर्य के प्रकाश को कुशलतापूर्वक अवशोषित करता है और विद्युत आवेश को संग्रहित करता है। इस अनूठी संरचना के कारण यह पदार्थ एक साथ सौर ऊर्जा संग्राहक और सुपरकैपेसिटर इलेक्ट्रोड के रूप में कार्य कर सकता है।

परीक्षण करने पर, $NiCo_2O_4$ इलेक्ट्रोड ने प्रकाश की उपस्थिति के दौरान धारिता में उल्लेखनीय 54 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई है। यह 15 $mA\,cm^{-2}$ की धारा घनत्व पर 570 से बढ़कर 880$mF\,cm^{-2}$ हो गई । यह असाधारण प्रदर्शन नैनोवायर नेटवर्क के भीतर प्रकाश-प्रेरित आवेश वाहकों के कुशल उत्पादन और स्थानांतरण के कारण संभव हुआ। 10,000 आवेश-अस्वीकरण चक्रों के बाद भी, इलेक्ट्रोड ने अपनी मूल क्षमता का 85 प्रतिशत बरकरार रखा है। यह इसकी व्यावहारिक अनुप्रयोगों के लिए एक आवश्यक विशेषता दीर्घकालिक स्थिरता को दशार्ता है। इसकी वास्तविक उपयोगिता का मूल्यांकन करने के लिए, शोधकताओं ने सक्रिय कार्बन को ऋणात्मक इलेक्ट्रोड और $NiCo_2O_4$नैनोवायर को धनात्मक इलेक्ट्रोड के रूप में उपयोग करके एक असममित फोटो-सुपरकैपेसिटर तैयार किया। इस उपकरण ने 1.2 वोल्ट का स्थिर आउटपुट वोल्टेज प्रदान किया, 1,000 फोटो-चार्जिंग चक्रों के बाद भी अपनी धारिता का 88 प्रतिशत बनाए रखा, और कम रोशनी से लेकर तीव्र सूर्य की रोशनी तक, विभिन्न सूर्यप्रकाश स्थितियों में कुशलतापूर्वक कार्य किया। यह स्थिरता दशार्ती है कि नैनोवायर संरचना लंबे समय तक उपयोग के दौरान यांत्रिक और विद्युत रासायनिक दोनों प्रकार के तनाव को सहन कर सकती है।

# यूजीसी के निर्णय के विरोध में क्षत्रिय राजपूत सभा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णयों को लेकर देशभर में बढ़ते विरोध की गूँज अब तहसील मुख्यालयों तक पहुँचने लगी है। गुरुवार, 29 जनवरी को जिला क्षत्रिय राजपूत सभा के बैनर तले बड़ी संख्या में समाज के लोग तहसील पहुंचे और यूजीसी के विवादास्पद फैसलों के खिलाफ हुंकार भरी।

ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जुटे कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार और यूजीसी से इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की गई है।

योग्यता और संवैधानिक गरिमा पर प्रहार का आरोप

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि यूजीसी का वर्तमान निर्णय देश की शैक्षणिक व्यवस्था में गंभीर असंतुलन पैदा करने वाला है। राजपूत सभा का तर्क है कि यह नया कानून योग्यता, कड़े परिश्रम और समान अवसर की संवैधानिक भावना के विपरीत है। संगठन ने आशंका जताई है कि इस कानून के दुरुपयोग से सामान्य वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के भविष्य को राजनीतिक विद्वेष का शिकार बनाया जा सकता है, जिससे शिक्षाविदों और अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

"विरोध किसी वर्ग से नहीं, बल्कि नीति से है"

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पुखराज सिंह चौहान ने कहा, "हमारा विरोध किसी विशेष वर्ग या अधिकारी के विरुद्ध नहीं है, बल्कि हम न्यायपूर्ण और योग्यता-आधारित शिक्षा व्यवस्था के संरक्षण की लड़ाई लड़ रहे हैं। शिक्षा नीति में किसी भी तरह का असंतुलन समाज में वैमनस्य पैदा करेगा, जो राष्ट्रहित में नहीं है।"

# पुलिस ने 48 घंटे में किया चोरी का खुलासा, आरोपी सामान सहित गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर ।थाना किरतपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 48 घंटे के भीतर घर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को चोरी किए गए आभूषणों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जनवरी 2026 को वादी रवि पुत्र सुखराम सिंह, निवासी ग्राम भोजपुर थाना किरतपुर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर नगदी और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। तहरीर के आधार पर थाना किरतपुर में मु०अ० सं० 22/ 2026 धारा 305 (ए)/331 (4)/317 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर टीम गठित की गई थी।

28 जनवरी को पुलिस टीम ने सक्रिय कार्यवाही करते हुए घटना का खुलासा कर दिया जांच के दौरान ग्राम भोजपुर निवासी हिमांशु पुत्र तपेश को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले रवि के परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी और घर में जेवरात होने की जानकारी उसे थी ।घटना के दिन वह रवि के घर गया और मौका पाकर अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर ले गया। चोरी के बाद वह फरार हो गया था पुलिस को सूचना मिलने पर उसकी तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर गांव के बाहर घूमते समय उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक गले की चेन,लॉक सेंट ,पीली धातु का लॉकेट, 4 जोड़ी टॉस, एक नथ, 4 जोड़ी पायल, सफेद धातु एक मंगलसूत्र, पैरों के बिछवे,26 नग,एक ओम लॉकेट, तथा दो हाफ कुंडल सहित आभूषण बरामद किए गए।

इस सराहनीय कार्रवाई में थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार,हेड कां० नरेश कुमार ,कां० राहुल सैनी, नन्हे कुमार, एवं कां० ललित कुमार की अहम भूमिका रही। किरतपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य की दी जानकारी

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम एक दिवसीय शिविर का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे' से हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने छात्राओं को व्यायाम एवं योग के द्वारा अपने तन और मन को कैसे स्वस्थ रखें इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात छात्राओं ने शिविर स्थल के आसपास स्वच्छता





अभियान चलाया। जिसमें छात्राओं ने शिविर स्थल के घास की कटाई, कूड़े की सफाई एवं नालियों की गंदगी को साफ किया। शिविर के दूसरे बोधात्मक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित विषय ' कौशल विकास हेतु युवा' को केंद्र में रखते हुए गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी सीमा सिंह ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं उसके द्वारा युवाओं में कौशल विकास कैसे किया जाए इस पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में सेवा भाव जगाना है। जिससे युवा आगे आकर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकें। निःस्वार्थ भाव से सेवा कर संस्था, समाज एवं देश का उत्थान ही इसका प्रमुख उद्देश्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, संस्कृति आदि को लेकर युवाओं में एक जागरुकता होनी चाहिए। स्वयंसेविकाओं को बस्ती में जाकर लोगों को विशेषकर महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य की जानकारी किसी विषय विशेषज्ञों को बुलाकर देनी चाहिए एवं स्वयं को भी उससे लाभान्वित होना चाहिए। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की संक्षिप्त जानकारी दी। शिविर का समापन सड़क सुरक्षा शपथ के द्वारा किया गया। प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्याम बाबू द्वारा किया गया।

# गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों से हादसे का खतरा, विद्युत पोल से टकराया ट्रक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**





नगर के गंगेरू मार्ग से गुजर रहे गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों के कारण लगातार हादसों की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को गन्ने से लदा एक ट्रक मार्ग संकरा होने के चलते सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि किसी तरह का कोई भी हादसा नहीं हुआ।गंगेरू मार्ग निवासी रितेश, समून, अरशद, प्रदीप, राहुल, वसीम, नाजिम, कमल, दिनेश, दीपक सहित अन्य लोगों ने बताया कि रोजाना भीड़भाड़ वाले मार्ग से ओवरलोड गन्ना ट्रक गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। पूर्व में भी कई बार ऐसे ट्रकों की वजह से हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।दुकानदारों का कहना है कि जब गन्ने से भरे ट्रक संकरे रास्ते से निकलते हैं तो वे डर के मारे सहमे रहते हैं। लोगों का आरोप है कि परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन और एसडीएम स्तर पर कार्रवाई संभव होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर तत्काल रोक लगाई जाए और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

# डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अमृत भारत योजना के तहत शामली रेलवे स्टेशन के कायाकल्प और दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेल मार्ग के विकास कार्यों को लेकर शुक्रवार को डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेंप के रास्ते में बनाई गई नाली को बंद करने के निर्देश दिये। दरअसल शामली रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर लिफ्टयुक्त फुट ओवरब्रिज, सुंदर प्लेटफार्म, विस्तारित टिन शेड, बैठने की बेहतर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल सुविधा, अप्रोच रोड एवं बागवानी जैसे विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जा रहे है। निर्माण कार्य समय से पूरा न होने के कारण अभी भी शामली रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण कार्यो का शुभारंभ नही हो सका। शुक्रवार को डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां उन्होने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, रैंप, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैंप में नाली पाये जाने पर उसको बंद करने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेल मार्ग लगभग 119 वर्ष पुराना है और लंबे समय से उपेक्षित स्थिति में था। बीते एक वर्ष में लगातार निरीक्षण, संवाद एवं त्वरित निर्णयों के माध्यम से इस रेल मार्ग पर व्यापक सुधार किए गए। भीड़ प्रबंधन के लिए चार नई रेलगाड़ियां शुरू की गईं, कई ट्रेनों में डिब्बों की संख्या बढ़ाई गई, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार किया गया। गति बढ़ाने के लिए हॉल्ट स्टेशनों पर लूप लाइन का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही रेल मार्ग के दोहरीकरण की घोषणा भी हो चुकी है। जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। डीआरएम के निरीक्षण से रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मचा रहा।

**इनसेट**

शामली। अग्रवाल मित्र मंडल के सचिव अनुज बंसल ने डीआरएम को ज्ञापन देकर शामली रेलवे स्टेशन पर हुए नवीन कार्यो के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं व कामगारों के लिए शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। अग्रवाल मित्र मंडल ने डीआरएम को उनकी त्वरित विकासवादी कार्यशैली के लिए विशेष सम्मान से नवाजते हुए बुके भेट की।



# गला काटने का आरोप, हालत गंभीर, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में एक व्यक्ति के गले पर धारदार हथियार से गंभीर चोट लगने का मामला सामने आया है। घायल व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर हमला करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।शुक्रवार को 112 पुलिस को सूचना मिली कि गांव गढ़ी श्याम निवासी करीब 40 वर्षीय विनोद पुत्र रामकिशन अपने घर में लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। बताया गया कि उसके गले पर चारा काटने वाली दरांती से वार किया गया है। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।घायल विनोद ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गांव के ही एक युवक से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर गला काट दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। घायल के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जनपद शामली में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभियान की शुरूआत की गई। शुक्रवार को मुख्य कार्यक्रम सीएमओ कार्यालय पर हुआ। जहां सीएमओ ने जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई। सीएमओ ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूक अभियान जनपद भर में 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. अथर जमील ने बताया कि कुष्ठ रोग किसी पूर्वजन्म का फल या अभिशाप नहीं है, बल्कि यह माइकोबैक्टीरियम नामक जीवाणु से होने वाला रोग है, जो नियमित उपचार से पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े के दौरान जनपद की सभी आशा, एएनएम, सीएचओ, हेल्थ वर्कर सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से ग्राम सभाओं, विद्यालयों, स्लम क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



# शहीद दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया

**समाज जागरण**

शामली। राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शहीद दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दो मिनट का मौन रखकर किया गया। महा विद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान सभी को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, विचार और संक्षिप्त वक्तव्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें अहिंसा, सत्य एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर मेजर कृष्णपाल, डॉ. प्रवीण अहमद, डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय, डॉ. रानी मिश्रा, डॉ. शशि शेखर, डॉ. प्रीतम सिंह, रुपेश, संजीव, शमशाद आदि मौजूद रहे।



# एसीओ ओर कानूनगो पर अवैध वसूली का आरोप

**समाज जागरण**

शामली। जनपद शामली के ग्राम जलालाबाद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान एसीओ और कानूनगो पर बिना अधिकार पैमाइश व अवैध वसूली के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में समस्त मुस्लिम समाज एवं पूर्व पट्टाधारकों की ओर से डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।
शिकायत में बताया गया कि उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम 1953 के अंतर्गत ग्राम जलालाबाद में धारा-9 के तहत आपत्तियों की सुनवाई प्रक्रिया चकबंदी अधिकारी शामली के समक्ष लंबित है। इसके बावजूद एसीओ शामली नरेन्द्र चौहान एवं कानूनगो राकेश मौर्य द्वारा बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश के सैकड़ों वर्ष पुराने मुस्लिम कब्रिस्तान की पैमाइश किए जाने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इस प्रक्रिया से कब्रों को नुकसान पहुंचाने की आशंका है। बताया कि उक्त भूति जो पूर्व में ऊसर भूमि थी, का पट्टा 23 फरवरी 1979 को खिलारी पुत्र जुम्मा सहित अन्य को आवंटित किया गया था, जिसे उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा भी सही माना गया है। बाद में वर्ष 2004 में इसी भूमि पर कथित रूप से दोबारा पट्टे आवंटित कर दिए गए, जिसका वाद वर्तमान में एडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि बिना किसी न्यायालय या सक्षम अधिकारी के आदेश के डबल पट्टेदारों को कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम की धारा 28 से पूर्व किसी भी प्रकार की पैमाइश या कब्जा परिवर्तन का प्रावधान नहीं है। इस स्थिति से ग्राम में तनाव व्याप्त है और विवाद की आशंका बनी हुई है। मांग की है कि संबंधित एसीओ और कानूनगो को तत्काल स्थल पर पैमाइश, निशानदेही एवं कब्जा परिवर्तन से रोका जाए तथा उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इस अवसर पर सावेज, याकूब अहमद, सईद अहमद, तहसीन, अकबर, इकराम, रिजवान, महरबान, युनुस आदि मौजूद रहे।



# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित

**समाज जागरण**

शामली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उन्हें सादर नमन



किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, निडरता और सर्वधर्म समभाव जैसे महान मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन नफरत की विचारधारा ने गांधी जी और उनके मूल्यों की हत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन महान विचार कभी मरते नहीं हैं। वे अमर होकर सदैव मानवता को सही मार्ग दिखाते रहते हैं। आज पूरा विश्व गांधी जी के सत्य, अहिंसा और शांति के संदेश को आत्मसात कर रहा है। बापू के विचार अन्याय के खिलाफ न्याय की हर लड़ाई को शक्ति प्रदान करते हैं। कांग्रेसजनों ने मानवता के महानायक महात्मा गांधी को शत-शत नमन करते हुए उनके आदर्शों को अमर बताया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रवीण तरार, शेखरपाल, सोमदेव तोमर, डॉ. श्रीपाल सिंह और मास्टर नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# एक किलो दो सौ ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाईन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि थाना कांधला पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक किलो 200 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है, जिसकी अंतर राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और एक कार भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देव पुत्र जितेंद्र उर्फ जित्ता, निवासी ग्राम किवाना, के रूप में हुई है। उसे मखमूलपुर और सुन्ना जाने वाली पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से अपने घर से ही नशे का अवैध कारोबार कर रहा था। एसपी ने बताया कि जनपद में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।



# ट्रेंडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। शुक्रवार को पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पकडा गया आरोपी म्यूल खातों के माध्यम से देशभर के लोगों से साइबर ठगी कर रहा था। गिरोह व्हाट्सएप और टेलीग्राम चैनलों के जरिए फर्जी ट्रेडिंग ऐप के लिंक भेजकर अधिक मुनाफे का लालच देता था। जैसे ही लोग निवेश करते थे, उनकी धनराशि अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर ली जाती थी। 1.77 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा जांच में सामने आया कि गिरोह द्वारा इस्तेमाल किए गए पीएनबी बैंक खाते से संबंधित देशभर से अब तक 41 शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। इन शिकायतों के अनुसार आरोपियों ने कुल 1,77, 24,087.40 रुपये की साइबर ठगी की है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद अमन अंसारी पुत्र रफीक अहमद, निवासी राजेंद्र नगर, अलीगंज रोड, लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसका उपयोग ठगी में किया जा रहा था।

**पहले भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां**

शामली। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पूर्व में 21 जनवरी 2026 को दो अन्य आरोपियों हिमांक प्रशांत कनव और सुरभि भार्गव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।



# मानवीय सहायता कार्यक्रम में जरूरतमंदो को किए कंबल वितरित

**समाज जागरण**

शामली। कड़ाके की ठंड को देखते हुए थानाभवन क्षेत्र के ग्राम बुंटा में जामियातूस-सालिहात समिति के तत्वावधान में मानवीय सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद बच्चों व विधवा महिलाओं को कंबलों का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरों पर राहत और खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत मौलाना मोहम्मद सुल्तान साहब रशीदी ने की। इस अवसर पर मौलाना मुबशिर साहब, मौलाना अजमल साहब और मास्टर फुरकान साहब सहित क्षेत्र की अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। कंबल प्राप्त करने के बाद जरूरतमंदों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दुआएं दीं। अपने संबोधन में हजरत मौलाना मोहम्मद सुल्तान साहब रशीदी ने कहा कि इंसानियत की सेवा ही सच्ची इबादत है और कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े या कंबल उपलब्ध कराना बड़ा सवाब का काम है।



# नवीन कलेक्ट्रेट प्रांगण में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट प्रांगण में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उत्तर प्रदेश शासन के



निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के नेतृत्व में पूर्वान्ह 11 बजे अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। एडीएम सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहन लाल, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

# नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) संत रविदास जयंती के अवसर पर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 1 फरवरी 2026 को मनाई जाने वाली संत रविदास जयंती को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर आयोजकों से सुझाव लिए गए तथा उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीएम ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्युत विभाग को विद्युत सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने संत रविदास जयंती के अवसर पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम सत्येन्द्र सिंह, एएसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम अर्चना शर्मा, क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निबांडिया मौजूद रहे।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की भाषा, राजधानी, जनसंख्या सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 9 के छात्र-छात्राएं विजेता बने। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है और हमें सभी राज्यों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राएं विभिन्न राज्यों की संस्कृति से परिचित होते हैं, जिससे आपसी एकता और राष्ट्रीय एकजुटता की भावना मजबूत होती है। यही भावना एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करती है। प्रतियोगिता से संबंधित प्रश्न राहुल सिंघल द्वारा पूछे गए। निर्णायक मंडल में सतीश आत्रैय, अनिल कुमार कश्यप, नीतू अग्रवाल एवं अनुज पाल शामिल रहे। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, फूल कुमार, मनोज भारद्वाज, छवि शर्मा, कीर्ति गर्ग उपस्थित रहे।



# केटी स्टेडियम में कबड्डी लीग सीजन 2 का आगाज हुआ

बागपत कबड्डी लीग सीजन 2 ने युवाओं में खेल जोश भर दिया

केटी विंग के आयोजन ने बागपत में कबड्डी को नई पहचान दी

रोमांचक मुकाबलों के साथ बागपत कबड्डी लीग सीजन 2 शुरू हुआ



**समाज जागरण बागपत।**

के.टी. विंग के तत्वावधान में आयोजित बागपत कबड्डी लीग सीजन 2 का भव्य शुभारंभ के.टी. स्टेडियम, मुबारिकपुर खेकड़ा में हुआ। लीग का उद्घाटन राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव त्रिलोक त्यागी ने किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, आयोजकों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता था। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी जी ने कहा कि के.टी. विंग युवाओं को खेलों से जोड़कर सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कपिल केटी भैया लगातार युवाओं को साथ लेकर सुनि योजित तरीके से खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहे हैं और समाज को नशे से दूर रखने के साथ विकसित बागपत के सपने को साकार करने में जुटे है। इस मौके पर केटी भैया कपिल त्यागी ने कहा कि बागपत कबड्डी लीग का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने कहा कि खेल ही वह माध्यम है जिससे युवा नशा और नकारात्मकता से दूर रह सकते है। पुरुष और महिला वर्ग में खेले गए रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों की भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि बागपत में कबड्डी को लेकर जबरदस्त उत्साह है। आयोजन को सफल बनाने में के.टी. विंग की पूरी टीम, स्वयंसेवकों और स्थानीय सहयोगियों का अहम योगदान रहा। उद्घाटन समारोह में भोपाल सिंह, रालोद वरिष्ठ नेता रामपाल धामा, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, देवेंद्र प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, महंत भयादास, यशपाल त्यागी, जयकिशोर, रवि कुमार एडवोकेट और भूपेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन में यति नरसिंहानंद ने पीएम और आरएसएस प्रमुख को घेरा

जनसंख्या कानून, आयुष्मान योजना, इस्लाम और यूसीसी पर बयान मंच से तालिबान और आईएसआईएस जैसे संगठन बनाने की बात कही गोडसे अमर बलिदानी और गांधी को कर्मों की सजा मिली : यति नरसिंहानंद



**समाज जागरण बागपत।**

जिले के बड़ागांव में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में गाजियाबाद डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद ने हिंदुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को संगठित रहना होगा, तभी हिंदुत्व सुरक्षित रह पाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन के बिना हिंदू समाज कमजोर रहेगा। यति नरसिंहानंद ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उनसे सरकार बनने पर जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने का वादा किया था, लेकिन वह कानून आज तक लागू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ मुस्लिम समुदाय को अधिक मिल रहा है, क्योंकि उनके परिवारों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। अपने संबोधन में यति नरसिंहानंद ने कहा कि इस्लाम धरती का कैंसर है। उन्होंने केंद्र सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसा कानून देश में गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा कर सकता था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सही समय पर फैसला दिया और ऐसे कानून पर रोक लगी। यति नरसिंहानंद ने कहा कि केंद्र सरकार ने वह काम कर दिया, जो न तो हजार वर्षों में मुस्लिम और न ही दो सौ वर्षों में अंग्रेज कर पाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमीनी स्तर पर जहर घोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से हिंदुओं में विभाजन शुरू हुआ। उन्होंने यूसीसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने वालों की सराहना भी की। अपने बयान में यति नरसिंहानंद ने कहा कि उन्हें साधु की जगह डकैत होना चाहिए था, ताकि वे हिंदुओं के लिए तालिबान और आईएसआईएस जैसे संगठन बना सकते। उन्होंने कहा कि मोदी के चक्कर में उनके 14 साल बर्बाद हो गए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ अच्छे हैं, लेकिन राजनीति को सब जानते है। अपने संबोधन के अंत में यति नरसिंहानंद ने नाथूराम गोडसे को अमर बलिदानी बताया। उन्होंने कहा कि गोडसे ने महात्मा गांधी को उनके कर्मों के अनुसार मुक्ति दी थी।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत गौरव अवॉर्ड्स 2026 का हुआ भव्य आयोजन



**समाज जागरण बागपत।**

देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की स्मृति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत गौरव अवॉर्ड्स 2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन शाह ऑडिटोरियम, राजनिवास मार्ग, सिविल लाइंस, दिल्ली में संपन्न हुआ। इसमें बागपत से भी काफी लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ दीपक मित्तल, संस्थापक एवं चेयरमैन, उड़ान एक पहल फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करना तथा युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देशभक्ति, साहस, अनुशासन और त्याग के आदर्शों से प्रेरित रहा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, मानवाधिकार कार्यकर्ता, प्रोफेशनल्स एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथियों के रूप में यदविंदर सिंह संधू - शहीद भगत सिंह के पौत्र, लेफ्टिनेंट जनरल एबी शिवाने, राज शेखावत - राष्ट्रीय करणी सेना, जय भगवान गोयल - यूनाइटेड हिंदू फ्रंट, महंत वरुण शर्मा - प्राचीन हनुमान मंदिर, मरघट वाले एवं विनय चौधरी - भाजपा नेता की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी। समाज सेवा, शिक्षा, मानवाधिकार, राष्ट्र निर्माण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को भारत गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अति-विशिष्ट अतिथि के रूप में सविता अरोड़ा, ईशा सक्सेना, मनोज बाबा, राधे श्याम बंसल, योगेंद्र अग्रवाल एवं अश्वनी कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ दीपक मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के उन नायकों को पहचान दिलाते हैं जो निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, सम्मानितजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में डॉ टीएम ओंकार, ट्रस्टी, उड़ान एक पहल फाउंडेशन, ने सह-आयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सहयोगी सदस्यों के रूप में मनोज कंसल, विशाल दमन, विनोद कुमार सक्सेना, आकाश गुप्ता एवं गोल्डी रंधावा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तर दायित्व और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को अपनाने के संदेश के साथ हुआ।

# पारूल, अंजलि, साक्षी मोघा व शिवांगी को प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मानित

**समाज जागरण**



बागपत। मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेडा बागपत में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीए बीएससी बीएड और डीएलएड में कॉलेज टाप करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ अजेन्द्र मलिक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीए का टापर पारूल, बीएससी की टापर अंजलि व डीएलएड की टापर साक्षी मोघा व बीएड की टापर शिवांगी को मैडल पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ अजेन्द्र मलिक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो मे प्रतिभा छुपी है। इनको बस तरासने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जो गुरूजनो ओर अपने से बड़ों का सम्मान करते है। उनको सफलता निश्चित मिलती है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्रबन्धक ब्रजपाल सिंह शास्त्री, डायरेक्टर डॉ रवि पंवार व प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर डा शबाना, देशपाल सिंह तोमर, डॉ गीता, अश्वनी मोघा, डॉ हीरा लाल, देशपाल दांगी, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शायर कारी तारिक जमाल ने की भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

**समाज जागरण बागपत।**

मशहूर शायर कारी तारिक जमाल ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। तारिक जमाल ने उन्हें उपहार स्वरूप पैन भेंट किया और कहा कि पंकज चौधरी के भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में जोश भरा है। निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी अब पंकज चौधरी के नेतृत्व में और भी अधिक मजबूत होगी। आने वाले विधानसभा चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मजबूत ताकत के रूप में उभरेगी और अधिक से अधिक सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। विरोधी दलों के मनसूबे किसी भी कीमत पर पूरे नहीं होंगे। उन्होंने भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बागपत आने का न्योता दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। पंकज चौधरी ने कहा कि वह जल्द ही बागपत आकर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे और आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।



# यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा के पारंपरिक साहित्यिक समारोह 'सृजन' के 165 वें अंक सम्पन्न हुआ।

कारण यही कि अब तक गणतंत्र जिंदा है

**समाज जागरण**




लखनऊ। यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा के पारंपरिक साहित्यिक समारोह 'सृजन' के 165 वें अंक का आयोजन आज सम्पन्न हुआ। सच्चिदानंद शलभ की अध्यक्षता, हसीब सिद्दीकी, शिवशरण सिंह की उपस्थिति में डॉ सुरभि सिंह के संयोजन में रश्मि शरद के संचालन में पूजा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से प्रारंभ हुये काव्य समारोह में गणतंत्र दिवस विषयक आधारित रचनाओं का पाठ हुआ। सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने कहा- गणतंत्र का अर्थ समानता है दीवार नही साहित्यकार को समानता का साम्राज्य स्थापित करना है। डॉ रुद्रमणि ने पढ़ा- देवभूमि भारत का गौरव गान सुनाने आया हूं। धूमिल जो आदर्श पड़े हैं, या दिलाने आया हू। योगी योगेश ने -जन जन में देश के हित मधु मंत्र जिंदा है। कारण यही कि अब तक गणतंत्र जिंदा है। इसके अतिरिक्त समारोह में रत्ना बापले, प्रो जहाँ आरा,रेनू वर्मा, शकुंतला श्री, दीपिका, पूजा श्रीवास्तव, सीमा मिश्रा, वर्षा श्रीवास्तव, अजिता गुप्ता, प्रो बलवंत सिंह, योगी योगेश शुक्ल, सुभाष रसिया, अरविंद झा, उत्तम शोला, अच्युतानंद जाय सवाल, सुनील शर्मा, प्रमोद तिवारी, अतीक कासगंजवी, राम जी 'प्रवीण', रजनी बाला, मनस्वी श्वेता, गिरधर खरे, पारसनाथ श्री, हेमलता त्रिपाठी, उमा लखनवी, मधु पाठक मांझी डॉ राकेश प्रताप सिंह, शैलेश सचान, श्याम किशोर वर्मा, शिवा सिंह, शत्रुघ्न, उपमा आर्य, दीनबंधु आर्य, डॉ रुद्रमणि व डॉ अवधि हरि ने शानदार काव्यपाठ किया।

# इंक्रेडिबल केयर प्रोफेशनल ने बड़ौत में किया मास्टर मेकअप सेमिनार का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**



बड़ौत नगर के न्यू इंडियन फूड रेस्टोरेंट में इंक्रेडिबल केयर प्रोफेशनल द्वारा एक दिवसीय मास्टर मेकअप सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित सीनियर जर्नलिस्ट व इंटरनेशनल अवार्डी विपुल जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्टों में शुमार मोनू ठाकुर ने उपस्थित सैंकड़ो महिलाओं व लड़कियों को मेकअप की जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में एयर ब्रुश मेकअप के बारे में बताया गया और एयरब्रुश मेकअप और पार्टी मेकअप का डेमो दिया गया। इंक्रेडिबल केयर के जीएम सत्यम गर्ग ने इंक्रेडिबल केयर के प्रोडक्टस से महिलाओं व लड़कियों को अवगत कराया और कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए यूपी की आरएसएम तन्नू धामा और जेडएसएम अंजली रोहिल्ला की जमकर प्रशंसा की। साथ ही साथ उन्होने कार्यक्रम में आये अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं व लड़कियों को सर्टिफिकेट देकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरला, प्रेरणा, अनिल, प्रिंस, वंश रोहिला, फौजी प्रवीण तोमर, मेघा गुप्ता सहित सैंकड़ो महिलाये व लडकिया उपस्थित रही।

# बैंक में नेट की समस्या से हुई परेशानी

**समाज जागरण**

कैराना। बैंक में नेट की समस्या के चलते उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गांव तितरवाड़ा में स्थित इंडियन बैंक में शुक्रवार को नेट की समस्या हुई। इसी के चलते बैंक के गेट पर नोटिस चस्पा करते हुए उसे बंद कर दिया, जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, बाद में कार्य सुचारू होने पर उपभोक्ताओं को राहत मिली।

# बिजली घर पर तैनात एसएसओ के साथ मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव कनियान स्थित बिजली घर पर तैनात एसएसओ ने गांव के एक युवक पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र के गांव कनियान स्थित बिजली घर पर एसएसओ के पद पर तैनात बबलू कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी थी। आवश्यक मरम्मत के लिए लाइनमैन रविंदर को शटडाउन देकर विद्युत लाइन पर कार्य के लिए भेजा गया था।इसी दौरान गांव का एक युवक बिजली घर पर पहुंचा और जबरन विद्युत सप्लाई चालू करने का दबाव बनाने लगा। आरोप है कि सुरक्षा कारणों से सप्लाई चालू करने से मना करने पर युवक ने एसएसओ के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट भी की।घटना के बाद पीड़ित एसएसओ स्टाफ के साथ थाने पहुंचा और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्मशान से अस्थियां ले जाने का आरोप, दो महिला गिरफ्तार

**समाज जागरण**



शामली कैराना।(फुरकान जंग) श्मशान घाट से मानव अस्थियां उठा ले जाने का आरोप लगा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चिता की राख बरामद हुई। गांव झाड़खेड़ी निवासी मिट्ठन सिंह का 28 जनवरी को निधन हो गया था, जिनका गांव में ही स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया था। शुक्रवार को परिवार के सदस्य श्मशान घाट पर अस्थियां एकत्र करने के लिए पहुंचे। आरोप है कि कुछ अस्थियां गायब मिली। इसी को लेकर परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मौके पर हंगामा हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों को शांत किया। इसके बाद पुलिस ने मामले में मृतक के पुत्र गोपाल की ओर से गांव निवासी कुलसुम व अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला कुलसुम व रहमत नगर निवासी मुन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनके कब्जे से चिता की राख बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने बताया कि वह दोनों श्मशान घाट गई थी। जहां से चिता की राख पॉलीथिन में लाई थी। उन्होंने सुना था कि मुर्दे की राख लाने से शरीर की गांठ खत्म हो जाती है। इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं ने यह कृत्य कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं का चालान कर दिया है।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर विराट हिंदू महासम्मेलन आयोजित

**समाज जागरण कांधला।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को खंड विकास क्षेत्र के गांव डूंडुखेड़ा स्थित शिव मंदिर के सत्संग भवन में विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों, कार्यकताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे हिंदू समाज की एक जुटता और संगठनात्मक भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।महासम्मेलन का संचालन सह खंड कार्यवाह सागर के निर्देशन में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी यशवीर जी महाराज बघरा उपस्थित रहे। उनके साथ ईश्वर दयाल वरिष्ठ प्रचारक एवं संत संपर्क आयाम प्रमुख, वीरेंद्र सिंह भाजपा एमएलसी, सतपाल जिला प्रचारक, प्रवीण खंड संपर्क प्रमुख,सचिन चौहान शाखा कार्यवाह, गंगेरू, नीरज चौहान स्वयंसेवक, श्रीकांत खंड कार्यवाह, विजय, खंड शारी रिक प्रमुख, तथा अनिल चौहान ,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता,सहित अनेक गणमान्य लोग मंच पर मौजूद रहे।वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ऐति हासिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बनाता है। यह महासम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी रहा, जो हिंदू जागरण और सामाजिक समरसता को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ। इस दौरान सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें इसके साथ ही सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसआईआर त्रुटियों के समाधान को लगा विशेष कैंप, मौके पर राहत

**समाज जागरण कांधला।**



खंड विकास कार्यालय में एसआईआर रिकॉर्ड्स में दर्ज त्रुटियों से संबंधित जारी नोटिसों के निस्तारण हेतु एक विशेष समाधान कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कैंप एसआर कोऑपरेटिव शामली एवं खंड विकास अधिकारी गोपाल यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जहां एसआईआर से जुड़ी विभिन्न त्रुटियों की सुनवाई की गई। सुबह से ही खंड विकास कार्यालय परिसर में ग्रामीणों की लंबी कतारें लग गईं। लोग नाम, भूमि रिकॉर्ड में गलतियां, नोटिस जारी होने से जुड़ी परेशानियों समेत अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर उत्साहित नजर आए।खंड विकास अधिकारी गोपाल यादव व एआर कोऑपरेटिव ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई करते हुए प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और जहां संभव हुआ, वहीं मौके पर ही सुधार कर समस्याओं का निस्तारण किया गया। कैंप के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलीखंड विकास अधिकारी गोपाल यादव ने बताया कि एसआईआर से संबंधित त्रुटियों को दूर करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आमजन की सुविधा के लिए आगे भी जनसुनवाई व समाधान की व्यवस्था जारी रहेगी।

# गैंगस्टर के मामलों में दो दोषियों को सजा

**समाज जागरण**

कैराना। गैंगस्टर के अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने दो दोषियों को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई।वर्ष 2008 में कैराना कोतवाली पर मेहरदीन निवासी गांव नगलाराई के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। शुक्रवार को न्यायालय ने दोषी को दो वर्ष और नौ माह के कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके अलावा वर्ष 2023 में थाना बाबरी पर बंटी निवासी योगेंद्रनगर थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। शुक्रवार को न्यायालय ने दोषी को तीन वर्ष और एक माह के कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# बार काउंसिल के चुनाव में 242 ने किया मतदान

**समाज जागरण**



शामली कैराना।(फुरकान जंग) बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के चुनाव में पहले दिन कुल 763 मतदाताओं में से 242 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शुक्रवार सुबह दस बजे से बाहर भवन में पीठासीन अधिकारी/ अपर जिला सत्र न्याया धीश सुरेंद्र कुमार राय और सिविल जज सीनियर डिवीजन आशीष कांबोज की अध्यक्षता में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ। मतदान के दौरान कचहरी में प्रत्याशियों के समर्थक अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। वहीं, मतदान में जनपद शामली की शामली तहसील, ऊन तहसील और कैराना के कुल 763 मतदाताओं को मतदान करना था।

बार एसोसिएशन के महासचिव सरवेज जंग ने बताया कि शुक्रवार को मतदान के पहले दिन शाम करीब पांच बजे तक 242 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शनिवार को भी बार भवन में मतदान होगा।

# युवा मतदाता लोकतंत्र के ब्रांड एम्बेसडर बनें - विरेन्द्र कौशिक

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर माय भारत के तहत भव्य मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत (MY BHARAT) कार्यक्रम के अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पदयात्रा को मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष श्री विरेन्द्र कौशिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।







पदयात्रा की शुरूआत भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) का प्रशिक्षण केंद्र भिवानी से हुई, जो घण्टा घर के सामने से होते हुए हॉसी गेट, से जमाई रोड होते हुए वापिस भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) का प्रशिक्षण केंद्र पर आकर संपन्न हुई। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने हाथों में स्लोगन कार्ड लेकर मतदान से जुड़े नारे लगाए, जिससे पूरे शहर में मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा 18. मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदान के अधिकार का उपयोग करना प्रत्येक युवा का कर्तव्य है। इस अवसर पर मतदाता हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से युवाओं ने मतदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने माय भारत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, माय भारत द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब युवा मतदाता जागरूक होकर सही प्रतिनिधि का चुनाव करें।

उन्होंने आगे कहा कि युवा भारत की ऊर्जा है और मतदान के माध्यम से यही ऊर्जा देश की दिशा और दशा तय करती है।

मुख्य अतिथि श्री विरेन्द्र कौशिक ने पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं का लड्डू खिलाकर स्वागत एवं सम्मान किया और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर श्री महावीर सिंह कोच बाक्सिग द्रोणाचार्य आवार्ड विजेता, ने युवाओं को मतदान के महत्व के साथ-साथ युवाओं को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया और महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी युवाओं और प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाई गई, ताकि वे आने वाले प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहित कालुवास माय भारत ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका जितेन्द्र सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर भाजपा युवा नेता रमेश पचेरवाल व राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां पर मत का अधिकार हर वर्ग को है। उन्होंने कहा कि हम अपने वोट की ताकत से व्यक्ति को बना भी सकते हैं और व्यक्ति को धरातल पर ला भी सकते हैं। इसलिए हमें अपने वोट की कीमत समझनी चाहिए । वोट बनवाने के लिए युवाओं को प्रेरित करना चाहिए।

इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) का प्रशिक्षण केंद्र लक्ष्मण सिह,हरेन्द्र सिह,सुरजभान,रोहित अन्य साई स्टॉफ आईटीआई स्टाफ से श्री कुलदीपक जी स्काउट गाइड से अमित, हेमन्त सैनी कल्चर वेलफेयर सोसाइटी से हेमन्त सैनी, संजय, अश्विन ,राकेश,जितेन्द्र सैनी माय भारत , समाजसेवी अशोक भारद्वाज राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता, प्रवीण,श्यामलाल कोच सहित बड़ी संख्या में माय भारत के युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्टद्द निवारण समिति की बैठक का आयोजन

## - बैठक में 15 शिकायतों पर हुई सुनवाई, 11 का समाधान / निपटान, चार शिकायतें लंबित

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 30 जनवरी (सुरेश जोरासिया) हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुल 15 शिकायतों पर सुनवाई हुई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर समाधान-निपटान हुआ, वहीं चार शिकायतें अगली बैठक के लिए लंबित रखने के निर्देश दिए गए। पहली शिकायत में गांव कालुआना में अवैध पेड़ कटाई के मामले में अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा रिपोर्ट देने उपरांत कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों व एक अन्य पेड़ काटने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं गांव फतेहपुर जोतांवाली निवासी संजय कुमार द्वारा सिंचाई विभाग के साइफन बनाने संबंधी कार्रवाई के विरुद्ध शिकायत दी गई थी, इस पर मंत्री ने सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर को 15 दिनों में शिकायत की सुनवाई कर फैसला लेने के निर्देश दिए। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड निवासी धर्मवीर खन्ना की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को लौटाए गए रिफंड पर ब्याज भी दिया जाए। शिकायतकर्ता ने शिकायत में बताया कि नियमों के तहत उन्होंने फ्लैट सरेंडर कर दिया था और उस पर विभाग द्वारा रिफंड तो दिया गया लेकिन राशि पर ब्याज नहीं दिया गया। विभाग की ओर से बताया गया कि ब्याज देने का प्रावधान नहीं है। इस पर मंत्री विज ने कहा कि ब्याज दिया जाना उचित है और ब्याज देने की कार्रवाई करें।





बैठक में रानियां निवासी बलबीर सिंह की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने पुलिस को निर्देश दिए कि संबंधित मामले में आरोपी बनाए गए व्यक्तियों का लाई डिटेक्टर टेस्ट होने के बाद अगर कोई दोषी पाए जाने के साक्ष्य मिले तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाए। वहीं एक अन्य शिकायत में सिरसा नगर परिषद क्षेत्र में अवैध पशु डेयरी होने संबंधी शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने पशु डेयरी की पुनः जांच करने और वहां पशु पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ सफाई करवाने के भी निर्देश दिए। इस मामले में नगर परिषद की ओर से बताया गया कि पशु डेयरी को स्थानांतरित कर दिया गया है जबकि शिकायतकर्ता के अनुसार पशु डेयरी में अब भी कुछ पशु होने की बात कही गई। और बेहतर होगी परिवहन व्यस्थाः कैबिनेट मंत्री पत्रकारों से बातचीत में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में रोडवेज के बेड़े में जल्द ही नई बसों को शामिल किया जाएगा और बसों में ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। ट्रैकिंग सिस्टम लागू होने से बसों की सटीक लोकेशन यात्रियों को मिलती रहेगी। आम आदमी एप के जरिए भी बसों की लोकेशन ट्रेस कर सकेंगे। इसके अलावा बस अड्डों पर स्क्रीन भी लगाई जाएगी, जिससे यात्रियों को बस के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि रोडवेज बेड़े में विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने शहरी क्षेत्र में नीचे लटकती बिजली की तारें और मीटर के संबंध में बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या का जल्द से जल्द स्थाई समाधान किया जाए और लटकती बिजली की तारों को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को सिरसा शहर में क्षतिग्रस्त सडकों की रिपेयर करवाने के निर्देश दिए।

जिला लोक संपर्क एवं कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टद्दर, अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत, नगर परिषद के चेयरमैन शांति स्वरुप, सिरसा भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, डबवाली भाजपा जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा, एसडीएम डबवाली अर्पित संगल, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया, एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, आरटीए संजय बिश्नोई, वरिष्ठद्द भाजपा नेता अमीर चंद मेहता, प्रदीप रातुरिया, हनुमान कुंडु, अमन चोपड़ा, मनीष सिंगला, पार्षद सुमन शर्मा, विजयंत शर्मा मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के माध्यम से होगा दिव्य कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से कालांवाली स्थित महाजन धर्मशाला में फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित होने जा रही पावन श्री देवी भागवत कथा के शुभारंभ के उपलक्ष्य में 30 जनवरी को एक भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कलश यात्रा में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की सौभाग्यवती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर धर्म, संस्कृति और अध्यात्म




का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगी। यह कलश यात्रा प्रातः 11 बजे महाजन धर्मशाला से विधिवत प्रारंभ होकर नगर की प्रमुख मंडी एवं मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः कथा स्थल महाजन धर्मशाला में आकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, जयघोष एवं भक्तिमय वातावरण से संपूर्ण नगर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठेगा।इस अवसर पर परम पूजनीय गुरुदेव सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी ज्ञानेशानंद जी ने कलश यात्रा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कलश यात्रा भारतीय सनातन संस्कृति की आत्मा है, जो समाज में शांति, सद्भाव, सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है। स्वामी जी ने कहा कि जब सौभाग्यवती महिलाएं कलश धारण कर नगर भ्रमण करती हैं, तो वह वातावरण को पवित्र करने के साथ-साथ परिवार, समाज और राष्ट्र में मंगलकामनाओं का संचार करती हैं।स्वामी ज्ञानेशानंद जी ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं धर्मप्रेमी जनता से भावपूर्ण अपील करते हुए कहा कि सभी जन अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में सम्मिलित हों, अपने जीवन में धर्म और संस्कारों का संचार करें तथा इस पावन श्री कथा का श्रवण कर अपने जीवन को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी दिव्य कथाएं मानव जीवन को दिशा देने का कार्य करती हैं और समाज को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती हैं।

# सुधिवास गांव की बेटी साक्षी ने शिक्षा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए किया प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन

**- साक्षी देश की लाखों बेटियों के लिए बनी प्रेरणा स्रोत, साक्षी की उपलब्धि पर बहल क्षेत्र में खुशी की लहर है।**

**- साक्षी को यह सम्मान छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों से प्राप्त हुआ है**




**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 30 जनवरी। खंड के सुधिवास गांव की बेटी साक्षी ने शिक्षा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साक्षी ने बैचलर इन डेयरी टैक्नालाजी पाठ्यक्रम में दाउ श्रीवासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग छत्तीसगढ़ से शीर्ष स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडलिस्ट बनी है। साक्षी को यह सम्मान छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों से प्राप्त हुआ है। साक्षी की उपलब्धि पर गांव सुधिवास में उनके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है और सुधिवास गांव के इतिहास में एक और सितारें का उदयमान हुआ है। सुधिवास गांव को अधिकारियों का गांव कहा जाता है। सुधिवास राजस्थान सीमांत का एक छोटा सा गांव है और इसमें अधिकारियों की संख्या दो दर्जन से अधिक है। यह क्षण बेहद गौरवशाली था जब राज्यपाल रमेन डेका ने साक्षी को स्नातक की उपाधि व गोल्ड मेडल पहनाकर अलंकृत कर रहे थे तो उन्होंने ने कहा हरियाणा के बहुत ही छोटे गांव की बेटी है और यह बड़ी उपलब्धि है हर युवा को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। यह सब संभव है यदि कोई भी लगन से मेहनत करें और अनुशासन की पालन करें। ऐसी प्रतिभाएं समाज और देश के भविष्य को सशक्त बनाती है। साक्षी देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। साक्षी की उपलब्धि पर बहल क्षेत्र में खुशी की लहर है। साक्षी सुधिवास गांव के एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखती है। उनके पिता प्रेम कुमार अध्यापक है और माता सुनीता देवी गृहणी है। दोनों ने साक्षी का हर परिस्थिति में मार्गदर्शन किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता, शिक्षकों और विश्वविद्यालय के मार्गदर्शकों को दिया। ग्रामीण परिवेश में पली बढी है। साक्षी खेलों में भी अभिरूचि रखती है।

साक्षी के ताऊ रामकुमार सुधिवास ने बताया कि साक्षी शुरू से ही प्रतिभावान रही है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा सुधिवास गांव के सरकारी प्राइमरी विद्यालय से हुई है। कक्षा छह से बारहवीं तक की पढाई एक नीजि संस्थान से पास की है। इसके बाद उसने वर्ष 2014 में आईसीआर परीक्षा उत्तीर्ण कर कालेज आफ डेयरी साइंस एंड फूड टैक्नालाजी, रायपुर (छत्तीसगढ़) में बीटेक में दाखिला लिया। साक्षी ने वर्ष 2025 में बीटेक में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी उपलब्धि पर उनको राज्यपाल के हाथों सम्मान मिला।

# पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह के निष्ठावान कार्यकर्ता करण सिंह गोठड़ा को प्रदेश कांग्रेस ने बनाया जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 30 जनवरी। हल्के के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व शिक्षा अधिकारी तथा पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह के निष्ठावान कार्यकर्ता करण सिंह गोठड़ा को प्रदेश कांग्रेस ने जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष बनाया है। करण सिंह गोठड़ा को मिली जिम्मेदारी को लेकर लोहारू कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं में उत्साह व जोश का संचार दौड़ा और इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व,



प्रदेशाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक चौ. सोमवीर सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया है और मनोनीत उपाध्यक्ष करण सिंह गोठड़ा को बधाई दी है। करण की मनोनयन पर बहल, लोहारू, सिवानी खंड तथा हल्के के सभी मंडल जोनों पदाधिकारी व कार्यकताओं ने प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह तथा जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी का आभार जताते हुए करण सिंह गोठड़ा को बधाई दी है।

# गोपालवास गांव की ग्राम आम सभा में 20 फीसद लोगों ने शामिल हो ग्राम सभा की कार्रवाई में लिया हिस्सा

## सरपंच सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 30 जनवरी। ग्राम पंचायतों की ग्राम आमसभा आयोजन का तीसरा चरण शुरू हो चुका है और ग्राम सभाएं कोरम पूरा नहीं होने की वजह से स्थगित हो रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को बहल खंड की 8 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं आमंत्रित की गई थी और पंचायती विभाग के नियम अनुसार 20 प्रतिशत का कोरमा पूरा किया जाना था। गोपालवास गांव की ग्राम आम सभा में 20 फीसद लोगों ने शामिल हो ग्राम सभा की कार्रवाई में हिस्सा लिया। ग्राम सभा में सुकन्या पेंशन योजना के पात्र महिलाओं की परिवार पहचान पत्र वेरीफाई करने को लेकर बुलाया गया था। जिसमें गांव की 309 महिलाएं शामिल हुई और नियमानुसार उनकी फैमिली तस्दीक कराई गई ताकी सुकन्या पेंशन योजना का लाभ पाने में कोई दिक्कत पेश ना आए। ग्राम सचिव अनिल कुमार लांबा ने बताया कि गोपालवास गांव की 17 सौ मतदाता





वाली पंचायत है। जिसमें 340 महिलाओं व लोगों के शामिल होने के साथ कोरम के साथ ग्राम सभा की कार्रवाई विधिवत चलाई गई। सरपंच सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई थी। इससे पहले की 2 ग्राम सभाएं कोरम पूरा नहीं होने की वजह से स्थगित कर दी गई थी। पहली ग्राम सभा के लिए 40 फीसदी तथा दूसरी ग्राम सभा के लिए 30फीसद का कोरम पूरा किया जाना था। शुक्रवार को खंड के बैराण, बिधनोई, बुढ़ेडी, गोकलपुरा, गोपालवास, कासनी कलां, मंढ़ोली कलां तथा नांगल में ग्राम सभाएं आयोजित की गई थी। गोपालवास को छोड़कर सभी ग्राम सभाएं कोरम पूरा नहीं होने की वजह से स्थगित कर दी गई है। शनिवार को खंड शेष ग्राम पंचायत की तीसरे चरण की ग्राम सभाएं आयोजित की जाएगी।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत @2047 की कुंजी के रूप में प्रगती प्लेटफॉर्म की सराहना की

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भारत सरकार के प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म PRAGATI (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच विकास परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करने और जनशिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह प्लेटफॉर्म केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रमुख योजनाओं की प्रत्यक्ष और वास्तविक समय में निगरानी सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि PRAGATI प्रधानमंत्री की पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है और विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसके माध्यम से सार्वजनिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं का तेज और प्रभावी क्रियान्वयन संभव हुआ है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में 112 प्रमुख परियोजनाएं निगरानी में हैं, जिनमें से 57 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिन पर 94,153 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। शेष 55 परियोजनाएं, जिनकी अनुमानित लागत 5.44 लाख करोड़ रुपये है, अभी कार्यान्वयनाधीन हैं। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में से 13 परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री के PRAGATI प्लेटफॉर्म के तहत की गई, जिनकी कुल लागत 30,463 करोड़ रुपये है। क्षेत्रवार विवरण देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्ण परियोजनाओं में सड़क एवं राजमार्ग क्षेत्र सबसे आगे है, जहां 30 परियोजनाएं पूरी हुई हैं। इसके बाद तेल एवं गैस (10), बिजली संचरण एवं वितरण (9), रेलवे (4), बिजली उत्पादन (3) तथा एक रियल एस्टेट परियोजना शामिल है। इन परियोजनाओं से हरियाणा की कनेक्टिविटी, ऊर्जा अवसंरचना और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को उल्लेखनीय मजबूती मिली है।

वहीं, कार्यान्वयनाधीन 55 परियोजनाओं में से 13 उच्च मूल्य वाली परियोजनाएं, जिनमें 2.24 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है, PRAGATI के तहत कड़ी निगरानी में हैं। इनमें सड़क एवं राजमार्ग (22), स्वास्थ्य सेवा (9), रेलवे (5), तेल एवं गैस (5), बिजली संचरण एवं वितरण (4), आईटी/आईटीईएस (3) तथा बिजली उत्पादन (3) से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मेट्रो रेल, उद्योग एवं वाणिज्य, लॉजिस्टिक्स पार्क विकास और सीमेंट विनिर्माण से संबंधित एक-एक परियोजना भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं में एनसीआर क्षेत्र की कई बड़ी अवसंरचना योजनाएं शामिल हैं, जैसे एक्सप्रेसवे, समर्पित माल गलियारे, टेलीकॉम संतृप्ति अभियान और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान। ये सभी पहलें हरियाणा को दीर्घकालिक और विकासोन्मुख अवसंरचना की दिशा में आगे बढ़ाने का मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं।

# रेल मंडल द्वारा घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी करा चुके कर्मचारियों की 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,30 जनवरी :मंडल रेल प्रबंधक, फिरोजपुर श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रेलवे अस्पताल फिरोजपुर डॉ. रंजना सहगल के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस 2026 के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेडियम, फिरोजपुर में रेलवे अस्पताल फिरोजपुर से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी करा चुके रेल कर्मचारियों की 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंडल चिकित्सालय से सर्जरी करा चुके रेलकर्मियों ने साबित कर दिया की डॉक्टरी तकनीक से फिर से व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा होकर



अपना सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते है बल्कि खेलों में भी भाग ले सकते है। कार्यक्रम का उद्देश्य घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित रोगियों को यह संदेश देना था कि घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी एक सफल एवं प्रभावी उपचार है। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अमित शेरसिया द्वारा 40 मरीजों की सफल घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की गई है। यह सर्जरी अत्यंत जटिल मानी जाती है, लेकिन डॉ. शेरसिया की विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से यह सर्जरी पूरी तरह सफल रहा। प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

# निर्मल सीतारमण 2026-27 के केंद्रीय बजट के बाद पूरे भारत के युवाओं के साथ संवाद करेंगी

## देश भर से आए 30 युवा 1 फरवरी को बजट पेशी की संसद की लाइव कार्यवाही देखेंगे

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़,30 जनवरी :2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रस्तुति के बाद, वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की केंद्रीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 30 कॉलेज छात्रों के साथ संवाद करेंगी।इस पहल के हिस्से के रूप में, कॉलेज छात्र लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट की लाइव प्रस्तुति को देखने का अवसर प्राप्त करेंगे, जो वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाहियों में से एक है।ये छात्र वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा और विभिन्न राज्यों से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित विविध शैक्षणिक अनुशासनों से हैं।छात्र वित्त मंत्रालय का भी दौरा करेंगे, जो कर्तव्य भवन-1 में स्थित है, वहां ये विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे ताकि मंत्रालय की कार्यप्रणाली, नीति निर्माण प्रक्रिया तथा राष्ट्र निर्माण में संस्थाओं की भूमिका को समझ सकें।शाम को बाद में, श्रीमती सीतारामन छात्रों के साथ संवाद करेंगी तथा बजट की प्रमुख प्राथमिकताओं, भारत के भविष्य के लिए उसके दृष्टिकोण तथा युवाओं पर उसके प्रभावों पर मुक्त चर्चा करेंगी। छात्र भी अपने विचार, दृष्टिकोण तथा आकांक्षाओं को साझा करेंगे तथा संवाद के दौरान युवाओं एवं राष्ट्र के संबंध में अपने मत व्यक्त करेंगे।यह पहल छात्रों को वित्त, अर्थव्यवस्था, शासन तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करने का उद्देश्य रखती है, साथ ही भारत की वित्तीय एवं संसदीय प्रक्रियाओं में युवाओं की सूचित एवं रचनात्मक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।बजट तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान, विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से नागरिकों, जिसमें युवा भी शामिल हैं, से विभिन्न सुझाव मांगे गए , जो आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रतिबिंबित होंगे।

# पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान अमित कपूर ने प्रदेश पदाधिकारियों की दूसरी सूची जारी

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,30 जनवरी : पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित कपूर ने संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए दूसरी सूची जारी की। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कपूर ने बताया कि अभी कई ऐसे सदस्य हैं जिनके नाम तीसरी सूची में शामिल किए जाएंगे, जो शीघ्र ही जारी की जाएगी। श्री कपूर ने बताया कि दूसरी सूची में व्यापार मंडल में कानूनी सलाहकार एडवोकेट अशोक भारती (बठिंडा), उपाध्यक्ष इंद्रजीत बराड़ (चेयरमैन सिल्वर ऑक्स ग्रुप), डॉ. संजय मित्तल (बठिंडा), सचिव, विनोद गोयल (बठिंडा), गुलशन सचदेवा, विजय गर्ग (भटिंडा) (फिरोजपुर), गिरधर गोपाल (संगरूर), राजिंदर खुरमी (बठिंडा), प्रिंस नरूजा (फरीदकोट), कुलभूषण महेश्वरी (जैतो),संगठन सचिव अवतार सोनी (मलोट) संयुक्त सचिव, महरचंद चलाना (रामा मंडी), सुरिंदर बंसल (बुढलाडा), दरवेजीत ठाकुर (मेरी), प्रमोद जैन (बठिंडा) जबकि कार्यकारी सदस्य सुरेश कुमार



(मलोट), तेजिंदर बंसल बाबू, रवि कुमार मित्तल, गुरप्रीत सिंह (मुक्तसर), संजीव कुमार, मनोज कुमार बंसल (बठिंडा), सुनील कुमार (रामा मंडी), अमृत लाल खुराना, राजेश कटारिया (मुक्तसर), राजेश गर्ग (बठिंडा), अरिहंत गर्ग, भारत भूषण, मनीष कुमार (बरनाला), वरुण जिंदल, विजय बजाज, राकेश कुमार, हरप्रीत सिंह, संजीव अचरेजा (मलोट), प्रेम सिंघला, दुर्गा दास (बठिंडा), भीम सैन जिंदल, सतपाल जिंदल (जैतो), मोहिंदर ग्रोवर, रमन सप्रा, विनोद कुमार बंसल, राजिंदर पपनेजा (मलोट) सहित अन्य शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कपूर ने कहा कि आज पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल अपने आप में एक ऐसा संगठन बन चुका है, जिसके साथ जुड़ना और उसमें कार्य करना व्यापारी अपने लिए गर्व की बात मानते है।

उन्होंने आगे कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता रहा है और आगे भी मरते दम तक व्यापारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

श्री कपूर ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी और व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

कैप्शन। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित कपूर जानकारी देते हुए।

## मुर्गों से भरी पिकअप वाहन में लगी आग, हजारों मुर्गे जलकर हुए खाक

**अनिल कुमार अग्रहरि/समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने मुर्गों से भरी पिकअप शॉर्ट सर्किट होने के कारण पिकअप जलकर हुईं राख जिसमें हजारों मुर्गों की जान गई वहीं मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार के मध्य रात्रि लगभग दो बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के



डाला चढ़ाई पर इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर डाला के तरफ से हाथी नाला के तरफ मुर्गों से भरी पिकअप जा रहा था और चढ़ाई पर चढ़ते हुए पिकप में अचानक से शॉर्ट सर्किट होने के कारण पिकअप में आग लग गई तो पिकअप चालक तत्काल अपनी जान बचाते हुए पिकअप को सड़क किनारे खड़ी कर गाड़ी से उतरकर मौके से फरार हो गया और पिकअप धू धू कर आग का गोला बन गया जिसके उपरांत राहगीरों ने इस घटना को देख इसकी सूचना चोपन व डाला पुलिस को दी गई जहां सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन पुलिस ने कड़ी मस्कत के बाद आग काबू पाया गया तब तक पिकअप जलकर खाक हो गया।

# सड़क सुरक्षा से ही जीवन रक्षाः- अनुग्रह मिश्र

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र/शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्ववाधान में दिनांक 30 जनवरी 2026 को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली काशी विद्यापीठ परिसर से निकलकर विद्युत विहार आवासीय परिसर होते हुए एनटीपीसी



गेट नंबर 2 शक्ति नायक द्वारा पहुंची। यहां स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों से हेलमेट, सीट बेल्ट, शराब न पीकर ही वाहन चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग कदापि न करने का अपील किया। यह कार्य बहुत ही मार्मिक रहा जब स्वयं सेवकों ने वाहन चालकों को पुष्प देकर यातायात नियमों के पालन का आग्रह किया। जागरूकता रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में एनटीपीसी के प्रबंधक (मानव संसाधन) अनुग्रह मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि छात्र सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के लिए समाज के साथ-साथ स्वयं को भी अनुशासित करें। आप सभी स्वयंसेवक यातायात सुरक्षा के नायक हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम में जागरूकता एक आवश्यक कदम है जिसमें आप लोगों की भूमिका निर्णायक साबित होगी। संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने स्वयंसेवकों का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान जीवन में रेस के प्रति युवाओं का बढ़ता आकर्षण अक्सर जानलेवा साबित हो रहा है इसलिए इस तरह के आयोजन से उनके व्यवहार को नियंत्रित किया जा सकता है। रैली में संस्था के डॉ० प्रभाकर लाल, डॉ० दिनेश कुमार, उदय नारायण पांडेय, डॉ० मनिंदर डिसूजा, प्रशांत कुमार विश्वकर्मा ने पदयात्रा करते हुए स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। रैली का समापन महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसमें मुख्य रूप से हिमांशु, राहुल, शिवांशु, रोहित, नीरज, राकेश, समीर, खुशी, विशेष, अनुराधा, अमृता, साक्षी, कोमल, काजल, प्रिया, तबस्सुम, ज्योति का योगदान सराहनीय रहा।

## जिला कारागार में मासिक लोक अदालत, 01 बंदी का मुकदमा निर्णीत

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की मंशानुरूप जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के आदेशानुसार शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को जिला कारागार सोनभद्र का निरीक्षण, महिला बंदियों के बावत विधिक जागरूकता शिविर महिला बन्दियों के बीच आयोजित एवं मासिक जेल लोक अदालत का आयोजन सिविल जज, सी०डी०/सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र राहुल एवं आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अरविन्द कुमार सिन्हा जेलर / प्रभारी जेल अधीक्षक एवं उप कारापाल शशांक पटेल जय प्रकाश, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स



काउन्सिल सोनभद्र उपस्थित रहे। जिला कारागार में आयोजित मासिक जेल लोक अदालत में आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा कुल 10 मामले चिन्हित किये गये थे। जिसमे से 01 मामलें में 02 अभियुक्तों ने जुर्म स्वीकृति के आधार पर जेल लोक अदालत में अपना मामला निस्तारित कराया। अन्तिम रूप से 01 मुकदमें का निस्तारण हुआ। जिला कारागार में निरूद्ध सिद्ध दोष बंदियों से एक-एक करके उनकी अपील के संबंध में बातचीत किया गया तथा उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी ली गई। जेलर को निर्देशित किया गया कि ऐसे बंदियों जिनके पास अपने मुकदमें की पैरवी के लिए प्राइवेट अधिवक्ता रखने की आर्थिक स्थिति ना हो ऐसे बंदियों से बातचीत कर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु उनका प्रार्थना पत्र नियमानुसार संबंधित न्यायालय/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र को प्राप्त करावें। यह जानकारी राहुल, सिविल जज, सी०डी०/सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा दी गई।

## लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है मतदाता बननाः डॉक्टर धर्मवीर तिवारी

### रॉबर्ट्सगंज विधानसभा के बूथ नम्बर 77 पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान का लिया जायजा

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर तिवारी ने शुक्रवार को रॉबर्ट्सगंज विधानसभा के बूथ नंबर 77 पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान का जायजा लिया। छह लोगों का फॉर्म सिक्स भरवाने के बाद कहा कि मतदाता बनना लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि बूथ नंबर 77 पर लगभग 888 मतदाता हैं। लगभग डेढ़ सौ से ऊपर नाम काटे गए हैं। भाजपा के कार्य कर्ता हर बूथ पर जाकर मतदाता विशेष गहन प्रशिक्षण अभियान में भाग ले रहे हैं, ताकि किसी भी मत




दाता का नाम न छूटने पाए, क्योंकि मतदाता लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ होता है। उन्होंने कहा कि इस समय सबसे महत्वपूर्ण कार्य मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान में भाग लेकर कोई भी मतदाता छूटे ना, छूटे हुए मतदाताओं को फॉर्म सिक्स भरवाकर जमा कराना, आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म सात भरवाकर जमा कराना अति आवश्यक है। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष संजय पांडेय, विनय पांडेय, बीएलओ विनिता पटेल, ओम प्रकाश मौजूद रहे '

## थाना ओबरा पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद , अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्रा धिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 30.0 1.2026 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में देखभाल/चेकिंग के दौरान डिग्री कॉलेज चौराहा पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट की एक मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर चालक द्वारा तेज गति से भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त वाहन को रोककर चालक को पुलिस हिरासत में लिया गया। वाहन के चेचिस नम्बर को ई-चालान ऐप




के माध्यम से चेक करने पर वाहन Hero Splendor Plus (ब्लैक-सिल्वर रंग), रजिस्ट्रेशन नम्बर BR45N5042 चोरी का पाया गया, जो थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार) में पंजीकृत मु0 अ0सं0-11/25 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित है। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-29/2026 धारा 317(2), 317 (5) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम - उ0नि0 राजेश दूबे, उ0नि0 राम लोचन, हे0का0 संतोष पटेल, थाना ओबरा,जनपद सोनभद्र।

# मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह में 98 कन्याओं का विवाह सम्पन्न

### सामूहिक विवाह के साथ ही संपन्न हुआ नौ दिन तक चलने वाला शतचंडी महायज्ञ

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। विकास खण्ड नगवां के वैनी खेल मैदान में चल रहे सतचंडी यज्ञ के समापन के अवसर पर आज मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें 98 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में दो मुस्लिम सादिया भी कराई गई इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले शतचंडी महायज्ञ का समापन भी हो गया मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश व ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया कन्यादान। वहीं सदर विधायक भूपेश चौबे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी बने हैं तब से गरीब परिवार को बिटीया होने का बोझ महसूस नहीं करते क्योंकि मुख्यमंत्री जी सबका साथ सबका विकास के तहत सभी वर्गों के साथ काम करते हैं सामूहिक विवाह के लिए सरकार द्वारा एक लाख रुपए का अनुदान दिया जाता है, जिसमे 35 हजार रुपए का सामान जिसमे आभूषण



सहित अन्य वस्तुएं दी जाती है 15 हजार रुपए में टेंट, भोजन आदि कार्यों में व्यय होता है शेष 50 हजार रूपए कन्या के खाते में भेज दिया जाता है। बता दें कि खलियारी तालाब से निकली कलश यात्रा के साथ ही राम कथा की शुरूआत की गई लगातार नौ दिन तक चले इस राम कथा में कथा वाचक कनक पांडेय द्वारा सुंदर रामकथा का वर्णन किया गया जिसमे दूर दराज से लोग कथा का श्रवण और रासलीला का आनंद लेते इस बीच लगातार पूरे दिन भव्य भंडारे का भी आयोजन होता रहा है।जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल होते रहे इस बीच चर्चित भिखारी बाबा ने भी वर वधुओं को आशीर्वाद दिया निर्धन कन्याओं की शादी कराने वाले भिखारी बाबा किसी परिचय के मोहताज नहीं है। एक साथ हर हर महादेव के गूंज के साथ 98 जोड़ी शादियां संपन्न हो गई। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, एडीएम नमामि गंगे, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश सिंह पटेल, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, मुरारी पटेल, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय केकराही करमा बूथ का जिलाधिकारी ने किया औचक- निरीक्षण

### विशेष अभियान 31 जनवरी को फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में दर्ज कराये अपना नाम- जिला निर्वाचन अधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज उच्च प्राथमिक विद्या लय केकराही करमा बूथ का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ पर जमा किये जा रहे फार्म-6 के सम्बन्ध में जानकारी लिये और उन्होंने सम्बन्धित बी0एल0 ओ0, सुपर वाईजर को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र अनुलग्नक 4 जरूर लिया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ बूथों पर निरीक्षण के दौरान यह मामला प्रकाश में आया है कि फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र अनुलग्नक 4



नहीं लिया जा रहा है। बी0एल0ओ0 द्वारा इस प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, फार्म-6 के साथ अनुलग नक -4 व घोषणा-पत्र अवश्य लिया जाये और साथ ही मतदाता से दस्तावेज भी निश्चित रूप से लिया जाये, जिसमें पूरा पता लिखे होने के साथ ही फोटो और मोबाइल नंबर भी सम्मिलित रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता सूची विशेष अभियान के अंतर्गत फॉर्म- 6 के माध्यम से 7, 8 आवेदन भरे जाने की स्थिति का जायजा भी लिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए, उनका फार्म-6 अवश्य भरवाया जाये, उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे और इस संबंध में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरवाए जाएं, लोगों को जागरूक किया जाए तथा सभी आवेदन समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से निस्तारित किए जाएं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि 31 जनवरी, 2026 को भी सभी मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 उपस्थित रहेंगे, इस विशेष अभियान तिथि पर मतदाता फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करावाये, जिनका नाम मतदाता सूची में अब तक दर्ज नहीं हुआ है, पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पायें।

## पांच दिवसीय खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालीबाल प्रतियोगिता के साथ हुआ सम्पन्न

**विजेता-उप विजेता, बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियो को पुरस्कार के साथ किया गया सम्मानित**

**खिलाड़ियों का रोमांच प्रदर्शन दर्शकों को किया काफी रोमांचित, आकर्षित, लोगों ने की खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना**

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। सदर विकास खण्ड के मुख्य राजमार्ग स्थित सलखन ग्राम पंचायत के गांधी स्मारक निधि प्रागंण में शुक्रवार को शिवाको रॉक थण्डर सोतोकान कराटे एसोसिएशन सोनभद्र के तत्वाव धान में चल रहे पांच दिवसीय बालक बालिकाओं का खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता के पांचवें अंतिम दिन बालीबाल खेल प्रतियोगिता के समापन के साथ सकुशल सम्पन्न हो गया। ग्रामीण स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित करने हेतु इस संस्था के



सभी नवयुवक पदाधिकारियों को ग्रामीण महिला, पुरुष, प्रबुद्धजनों ने बधाई देने के साथ सभी विजेता तथा उपविजेता बालक बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चले कि प्रथम दिन 5 किमी,2 किमी, 200 मीटर व 100 मीटर लम्बी दौड़ तथा कबड्डी प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं वर्ग के खिलाड़ियों का रोमांच प्रदर्शन दर्शकों को काफी रोमांचित, आकर्षित किया वहीं पाचवें दिन बालीवल का प्रदर्शन भी दर्शको को मंत्र मुग्ध तथा आकर्षित किया। जिसमें सलखन की बालीवल टीम विजेता तथा जिला जेल की टीम उपविजेता रही।दोनो टीमों को पुरस्कार शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से मीनी स्टेडियम मेड़िया चुनार बालक उप विजेता व वहीं पर बालिका वर्ग मिनी चुनार विजेता ही पर सलखन की टीम अपने हक में काफी शिल्ड पर कब्जा जमा लिया। इस मौके पर ग्राम प्रतिनिधि अरविंद कुमार गोंड, सुनील कुमार, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रविकान्त, प्रदीप कुमार मोदनवाल, मसालू गिरी, दीपचंद भारती, सेंसई किशन राज ब्लैक बेल्ट 1डान कराटे टेनर जनरल सेक्रेटरी सोनभद्र आयोजनकर्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस का हमलाः अजय राय ने भाजपा सरकार को घेरा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के रामगढ़ स्थित मंडी समिति मैदान में आयोजित कांग्रेस के संविधान संवाद एवं जनसभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र को भारत के पहले प्रधानमंत्री ने स्विट्जरलैंड का दर्जा दिया था लेकिन पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार न होने के कारण सोनभद्र के आदिवासियों और यहां के स्थानीय लोगों के लिए किसी प्रकार की कोई योजना अभी तक नहीं चलाई गई है यह सरकार झूठे ही ढिंढोरा पीटती है वहीं आदिवासियों की पीड़ा को बयान करते हुए उन्होंने कहा कि जल जंगल और जमीन का अधिकार की पात्रता रखने वाले सोनभद्र के आदिवासियों से उनके इस अधिकार को भी छीना जा रहा है विस्थापितों को उनका आज तक मुआवजा भी नहीं दिया गया जंगल में भी इनके बुलडोजर आदिवासियों पर चलाए जा रहे हैं कांग्रेस की सरकार आने पर निश्चित ही आदिवासियों को उनका कानून के तहत उनके हक और अधिकार दिए जाएंगे आगे उन्होंने कहा कि यूपीए की चेयर पर्सन आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी की प्रेरणा से एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल




में देशभर की महिलाओं एवं ग्रामीण जीवन यापन करने वालों के लिए एक ऐसी योजना को कानूनी रूप दिया गया जो कि मनरेगा के नाम से लोकप्रिय हुई और आज भारत भर के गांव की जो चमक दमक दिख रही है यह मनरेगा के कारण ही संभव हो पाया उसको भी यह सरकार समाप्त करना चाहती है कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी अत्याचार और अन्याय हो उसे दरवाजे पर कांग्रेस के पदाधिकारी जाएं और उनको न्याय दिलाने का कार्य करें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने UGC, SIR, प्रयाग राज में शंकराचार्य प्रकरण, वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्य, कानून व्यवस्था और सोनभद्र के खनन हादसे जैसे कई मुद्दों को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। अजय राय ने कहा कि आज देश और प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि UGC के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बेहतर और संतुलित फैसला देकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने का काम किया है। प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद नन्द शंकराचार्य के साथ हुई घटना का हवाला देते हुए अजय राय ने कहा कि साधु-संतों के साथ भी सरकार का रवैया तानाशाही वाला हो गया है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। उन्होंने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्य के दौरान मूर्तियों के टूटने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को तुड़वाया गया और जब इस पर सवाल उठे तो भाजपा सरकार ने इसे AI वीडियो बताकर सच से मुंह मोड़ लिया। SIR के मुद्दे पर बोलते हुए अजय राय ने कहा कि मता धिकार और लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश की जा रही है, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। सोनभद्र के 15 नवंबर को हुए खनन हादसे का जिक्र करते हुए अजय राय ने कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद अब तक कोई ठोस गिरफ्तारी नहीं होना यह साबित करता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और सरकार खनन माफियाओं को संरक्षण दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि बिल्ली मारकुंडी खनन हादसे के मुख्य अभिव्यक्तियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 15 दिन बाद मैं स्वयं सोनभद्र आऊंगा और उनकी गिरफ्तारी के लिए धरना प्रदर्शन आंदोलन जो भी होगा मैं करने के लिए तैयार हूं कार्यक्रम के अंत में 10 वर्षों पूर्व कार्यकताओं के धरना प्रदर्शन में तमाम पदाधिकारी पर हुए मुकदमे में जीत हासिल करने पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव ने उनको माला पहन के सम्मानित किया।इसके पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारीयो ने हिंदुवारी चौराहे पर राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया और सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ रामगढ़ के लिए रवाना हुए जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे शहर कांग्रेस कमेटी के कार्य कताओं ने महिला थाने के पास फूलमाला एवं बैंड बाजा के साथ स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने किया स्वागत भाषण शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने किया संचालन पूर्व अध्यक्ष रमेश देव पांडे ने किया इस अवसर पर नीव वर्तमान प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान सोनभद्र शहर के को ऑर्डिनेटर राजीव गौतम वाराणसी खंड स्नातक के प्रत्याशी अरविंद सिंह पटेल शिक्षक स्नातक के प्रत्याशी संजय प्रियदर्शी पूर्व प्रदेश सचिव कमलेश ओझा पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शशांक मिश्रा महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती उषा चौबे अनुसया के जिला अध्यक्ष अंशु मद्धेशिया कांग्रेस के बायो वृद्धि नेता श्री ईश्वरी नारायण सिंह जी जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी विनोद तिवारी राजबली पांडे दयाशंकर पांडे अमरेश देव पांडे सुनील मिश्रा रामविलास पनिका अवनीश राजपूत इनामुल हक अंसारी शरद पनिका बाबूलाल पनिका लल्लू राम पांडे मदन गुप्ता, आशुतोष दुबे राघवेंद्र नारायण तिवारी आरटीआई के जिला अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा कन्हैया पांडे हाजी नूरुद्दीन खान संगीता श्रीवास्तव श्रीमती बेबी सिंह रेखा सिंह प्रदीप चौबे शंकर लाल भारती आशीष सिंह मनोनीत रवि अवधेश सिंह राकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा जनता की मौजूदगी रही कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यूपी में संविधान संवाद का यह दूसरा कार्यक्रम है, इससे पहले सीतापुर में आयोजन हो चुका है और आने वाले समय में प्रदेश के हर जिले में यह अभियान चलाया जाएगा, ताकि जनता को संविधान और लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया जा सके।

## मंत्री व जिलाध्यक्ष का खास, कोतमा विधानसभा का भाजपा कार्यकर्ता अनूपपुर मंडल अध्यक्ष की कर रहा है दावेदारी

**समाज जागरण अनूपपुर**

सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर भाजपा सरकार ने देश और प्रदेश में निःसंदेह कई आयाम स्थापित किए हैं, लेकिन संगठन को लेकर वर्तमान की तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। जिले के भारतीय जनता पार्टी संगठन के इस मनभावन स्लोगन के विपरीत ही नजारा देखने को मिल रहा है। पार्टी संगठन ने जहां एक और जिले के 16 मंडलों में से 15 मंडलों का गठन कर गंगा नहा लेने जैसा कार्य किया है, कुछ में पुराने तो कुछ में नए सेनापतियों को कमान सौंप गई है, वही सबसे महत्वपूर्ण जिला मुख्यालय अनूपपुर शहर मंडल की घोषणा विशेष होने कारण शेष है। अनूपपुर शहरी मंडल में अध्यक्ष पद हेतु दावेदारी कर रहे दिग्गज नेताओं की करगुजारियों पर यदि एक नजर डाली जाए तो निश्चित संगठन के कार्यकताओं की तस्वीर साफ हो जाएगी, मंडल अध्यक्ष बनने की होड़ में अनूपपुर से भोपाल तक दौड़ लगा रहे हैं दिग्गज नेताओं में राजा से लेकर रंक तक कई बाहुबलियों के नाम शुमार है, इसी क्रम में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपराहा निवासी भाजपा कार्यकर्ता बृजेश चतुर्वेदी की भी प्रबल दावेदारी मानी जा रही है, गौरतलब है कि नेताजी कोतमा विधानसभा के मूल निवासी हैं तथा अनूपपुर में कार पार्लर का व्यवसाय करते हैं, अब सवाल यह उठता है कि अनूपपुर मंडल से अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे बृजेश चतुर्वेदी की राजनीतिक पृष्ठभूमि क्या है और कोतमा विधानसभा क्षेत्र का होने के बावजूद विधानसभा अनूपपुर मंडल में दावेदारी का क्या औचित्य है, क्या अनूपपुर शहर नेता तथा नेतृत्व विहीन है, क्या मंडल अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व को संभालने की क्षमता अनूपपुर के किसी भी नेता में नहीं है या फिर यह माना जाए की पार्टी हाई कमान और मंत्री जी की जी हजूरी करने वाले पिछलग्गू नेताओं को ही हर बार की तरह इस बार भी मौका देकर उनकी चापलूसी का फल दे दिया जाएगा और पार्टी संगठन को एक बार फिर से गर्त में धकेलना का काम किया जाएगा। कोतमा विधानसभा क्षेत्र के छोटा सा कार्यकर्ता अनूपपुर मंडल में जमीनी नेताओ को टक्कर देने की कोशिश कर रहा है। बृजेश चतुर्वेदी भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम व मंत्री दिलीप जैसवाल का खास होने के कारण अनूपपुर मंडल का ताज देने की कोशिश की जा रही है। अगर ऐसा होता है तो भाजपा अनूपपुर के बड़े नेता पार्टी से बगावत की राह अपनाकर भाजपा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं, उपचार से मुक्ति सम्भव डॉ0 सन्तोष कुमार

*कुष्ठ रोग के भ्रांतियों को समाज से दूर करें।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर विश्व कुष्ठ रोग दिवस के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ पर एक जन जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों में कुष्ठ रोग को दूर करने के लिए रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने कहा कि हमें कुष्ठ रोग से भयभीत नहीं होना चाहिए कुष्ठ रोग साध्य है कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं है भयभीत नहीं होना चाहिए हम सबको महात्मा गांधी के बिना भेदभाव पूरे मनोयोग से कुष्ठ रोगियों की सेवा से सीख लेना होगा।



डॉ0 नन्द आसरे ,डॉ0 मनु चतुर्वेदी व लैब टेक्नीशियन लक्ष्मी नारायण ने कहा की समाज से भ्रंतियों को मिटाकर उनकी हर स्तर पर सेवा करनी चाहिए।स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा।

गोष्ठी से पूर्व जन जागरूकता रैली निकाली गई जो स्वास्थ्य केंद्र से होकर आसपास के बस्तियों में जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी।

प्रमुख रूप से प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार, डॉ0 नंद आसरे,डॉ0 मनु चतुर्वेदी, डॉ0 राजकुमार ,एचईओ सतीश गुप्ता,ए आर ओ श्रीनाथ यादव, फार्मासिस्ट राकेश कुमार,बीपीएम बसंतलाल श्री वास्तव, एनएमएस नीरज श्रीवास्तव, सुनील सिंह ,एच आई राकेश कुमार, सुपरवाइजर संदीप भारती ,संतोष कुमार ,माखन सिंह ,मनीष गुप्ता,आई ओ सूरज प्रसाद एवं फार्मासिस्ट ट्रेनिंग सत्यम सिंह ,विपिन भारती व कार्यालय सहायक पंकज सिंह सहित अस्पताल के कर्मचारी,क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि व समजसेविजन ने प्रतिभाग किया।

# पिसौर फीडर से सात घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। आज 31जनवरी को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिमपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटाकर सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व दीपू प्रजापति ने दी है।

# मोएथाई चैंपियनशिप में कांस्य विजेता का हुआ स्वागत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। विधानसभा क्षेत्र के घमहापुर गांव निवासी दिनेश प्रजापति ने हैदराबाद में आयोजित मोएथाई चैंपियनशिप में कांस्य जीत हासिल कर आज अपने घर आगमन पर उनसे भेट करने पहुंचे रोहनिया विधायक डॉ



सुनील पटेल ने विजेता दिनेश को मिठाई खिलाकर अंगवस्त, मोमेंटो और पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।इस मौके पर डॉ सुनील पटेल ने कहा किसी खेल को पूरी लगन और आत्मविश्वास के खेल कर विजय हासिल किया जा सकता हैं।और हम सभी को सदैव सभी खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन करते रहना चाहिए जिससे उन्हें और ऊंचाई हासिल करने में सहयोग मिल सके।

स्वागत समारोह में मुख्य रूप से दिनेश पटेल, श्याम बली पटेल, विनोद पटेल, मनोज पटेल, भृगुनाथ पटेल सहित ग्रामीण लोग शामिल रहे।

# हार्टमनपुर में मनायी गयी महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

हार्टमन इण्टर कॉलेज हार्टमनपुर गाजीपुर में आज प्रार्थना सभा के उपरान्त राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन धारण कर उनके



छायाचित्र पर फादर पी० विक्टर व समस्त अध्यापकों के द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

फादर पी० विक्टर ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिसने जिंदगी में मुसीबत से लड़ा है वही आगे बढ़ा है, जिसने जिंदगी को कोसा है वह वही खड़ा है।फादर विक्टर ने कहा कि हमें आशावादी बना है क्योंकि बापू को देश व विदेश में बहुत तंग किया गया फिर भी वह बहुत यातनाएं सहने के बावजूद समर्पित रहे और देश के प्रति अपने प्राण न्योछावर कर दिये। वे एक सच्चे ईशभक्त व देशभक्त थे।

# देहली तालाब के सुंदरीकरण का रोहनिया विधायक ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड स्थित हरिहरपुर (टेकरियां) में ऐतिहासिक देहली विनायक तालाब के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. पटेल ने पूरे परिसर का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता, प्रगति तथा समय-सीमा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तालाब का सुंदरीकरण क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और इसे



निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष सामुदायिक शौचालय और स्नानघर के निर्माण का सुझाव रखा। विधायक ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव पर विचार करने के निर्देश दिए।

परियोजना के जेई सतीश विश्वकर्मा ने बताया कि सुंदरीकरण परियोजना की समय-सीमा मार्च तक प्रस्तावित है और कार्य उसी महीने पूर्ण कर हैंडओवर कर दिया जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान अजय कुमार सिंह, सतीश विश्वकर्मा, दीपक पटेल, नागेंद्र पटेल, संतोष पटेल, रविंद्र पटेल, आशुतोष मिश्रा, जयप्रकाश पटेल, दिनेश पटेल, गोविंद पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय यान समिति बैठक संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। जिला में सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता आलोक कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा की गई। बैठक के प्रारम्भ में परिवहन विभाग की ओर से सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन) ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नुक्कड़ नाटक, बिरहा गीतों के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा सत्र, नेत्र परीक्षण शिविर, एन.एस.एस., एन.सी.सी. तथा स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं। साथ ही वाहन डीलरों के माध्यम से तथा मुख्यालय से प्राप्त सड़क सुरक्षा से संबंधित होर्डिंग शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर लगाए गए हैं।इसके पश्चात बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें यातायात पुलिस की ओर से प्रवीन कुमार यादव, ए.सी.पी. (ट्रैफिक) उपस्थित



रहे और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.), लोक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.), स्वास्थ्य विभाग, रोडवेज, तथा वेस इंडिया से राजेश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्यवृत्त (मिनट्स) की अनुपालना की समीक्षा से की गई। इस अवसर पर एन.एच.ए.आई. एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि मुख्य मार्गों से जुड़ने वाली सहायक सड़कों पर स्पीड ब्रेकर/रम्बल स्ट्रिप तथा स्पष्ट एवं मानक अनुरूप सड़क संकेतक शीघ्र स्थापित किए जाएँ, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी (बी.एस.ए.) कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक (डी.आई.ओ.एस.) कार्यालय तथा विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं निर्धारित स्कूल वाहन मानकों के अनुरूप न होने वाले किसी भी वाहन से विद्यार्थियों का परिवहन न कराया जाए। विद्यालय प्रबंधन को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि उनके सभी चालकों का 100 प्रतिशत पुलिस सत्यापन कराया गया हो।

# कारगिल युद्ध में प्रतिभाग करने वालेपूर्व सैनिक को दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कारगिल युद्ध में प्रतिभा करने वाले पूर्व सैनिक हीरालाल कनौजिया को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा उनके निवास स्थान जक्खिनी में आयोजित हुई।पूर्व सैनिक हीरालाल कनौजिया ने ऑपरेशन कारगिल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था।शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने उन्हें क्षेत्र का एक जांबाज देशभक्तों सैनिक बताया। कहां की ऐसे सैनिकों के बदौलत ही भारत माता का सिर



गर्व से ऊंचा होता है। अपना दल नेता महेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि यह परिवार क्षेत्र में सैनिक परिवार के रूप में जाना जाता है। हीरालाल के कनौजिया के पुत्र सुशील ने ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेकर देश के बहनों के सिंदूर की लाज रखी।साथ ही अपने पिता के पद चिन्हों पर चलने का काम किया है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सैनिक कौशलपति द्विवेदी, रामप्रकाश उपाध्याय, दिनेश कुमार यादव, पूर्व ए डी ओ एजी श्रीराम कन्नौजिया, मुस्तकीम, रवि सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में लट्ठूडीह की टीम विजेता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद में एस.के.क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का आयोजन लट्ठूडीह गाजीपुर के मैदान पर किया गया था।इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों के बीच मैच खेला गया। 19 जनवरी 26 को प्रारंभिक मैच लट्ठूडीह बनाम ताजपुर के बीच खेला गया

वही टूनामेंट का आखिरी व फाइनल मुकाबला लट्ठूडीह बनाम बालापुर के मध्य खेला गया।बालापुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते









हुए लट्ठूडीह की टीम 14 ओवर में 192 रन पे ऑलआउट जिसके जवाब में बालापुर की टीम मात्र 12 ओवर में 122 रन पर सिमट गई।लट्ठूडीह की टीम 80 रन से यह मुकाबला जीत गई।

पूरे टूनामेंट में ऑलराउंड प्रदर्शन करने के लिए गोलू को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया व मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राम भरोसे को।राम भरोसे ने 17 गेंद में 51 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।।

फाइनल व उप विजेता टीम को डालिम्स सनबीम स्कूल के प्रबंधक हर्ष राय ने ट्रॉफी और पुरस्कार धनराशि देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया।लट्ठूडीह ग्राम सभा के समाजसेवी श्रवण कुमार इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक रहे तथा सहयोगी के रूप में हरिंदर कुमार, मनोज कुमार,रवि कुमार,सूर्योदय कुमार , सैंडी धनु,हलचल,मिंटू, मनीष राय,दिनेश राय गुड्डु, सन्तोष यादव,ग्राम प्रधान लट्ठूडीह विद्यानंद राय,तथा समस्त ग्रामवासी दर्शक उपस्थित रहे।

# संविधान ज्ञान परीक्षा में चयनित छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। संविधान के बारे बच्चों को सामान्य जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के कक्षा नवीं से बारहवीं तक छात्र छात्राओं के लिए संविधान आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न विद्यालयों में किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कन्दवा के कर्दमेश्वर इंटर कालेज पूर्वी में चयनित कुल 36 बच्चों को पुरस्कृत किया गया । परीक्षा का आयोजन विगत दिनों किया गया था।इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान की प्रमुख विशेषताओं को जानना चाहिए जिससे वे बड़े होकर जनहित में



आम जन को जागरूक कर सकें। कार्यक्रम संयोजक डॉ इंदु पाण्डेय ने कहा कि संविधान में निहित प्रमुख तत्वों को विद्यार्थी जीवन से ही अवगत कराने की दिशा में संस्था द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है जिससे खेल खेल में ही बच्चे संविधान के बाबत जो जानकारी हासिल कर लेंगे वह उनके लिए जीवन भर उपयोगी रहेगी। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों में संवैधानिक मूल्यों की स्थापना के लिए संस्था द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है।परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. रतन कुमार, कमला प्रसाद रायय, धर्मेंद्र कुमार सिंह सरिता पटेल, प्रणयआदि की उपस्थिति रही।

# रविदास जयंती पर 'रैदासमय' हुई काशी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। सीर गोवर्धनपुर स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्मस्थली इन दिनों आस्था, भक्ति और उत्सव के रंग में पूरी तरह रंग चुकी है। संत रविदास जी की 649वीं जयंती को लेकर पूरा क्षेत्र भव्य सजावट से जगमगा उठा है। वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो यह इलाका कुछ दिनों के लिए ह्यमिनी पंजाबह्न में तब्दील हो गया हो। देश के कोने-कोने से ही नहीं, बल्कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन सहित कई देशों से बड़ी संख्या में एनआरआई श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। लाखों की संख्या में भक्त गुरु रविदास जी की जन्मस्थली पर मत्था टेकने और दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।





### सज गया अस्थायी बाजार

जयंती के अवसर पर जन्मस्थली के आसपास अस्थायी बाजार भी सज गए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए गोवर्धनपुर क्षेत्र में घरों के सामने और मकानों के अंदर बड़ी संख्या में दुकानें लगाई गई हैं। इन दुकानों पर प्रसाद, धार्मिक सामग्री, खान-पान और रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। दुकानदारों के अनुसार, घरों के सामने दुकान लगाने के लिए उन्हें एक सप्ताह के लिए 1000 से 5000 रुपये तक किराया देना पड़ता है, जबकि मकानों के अंदर या कमरों में दुकान लगाने वालों से 15 से 20 हजार रुपये तक किराया लिया जा रहा है। यह किराया पूरे महीने का नहीं, बल्कि केवल जयंती के सप्ताह भर के लिए वसूला जाता है।

### मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हालांकि, दुकानदारों ने कुछ समस्याएं भी सामने रखी हैं। घरों के सामने दुकान लगाने वालों का कहना है कि उन्हें शौचालय और पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, जिससे काफी असुविधा होती है। वहीं, मकानों के अंदर दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि मकान मालिक उन्हें पानी और शौचालय की सुविधा जरूर देते हैं, लेकिन किराया पहले ही ले लिया जाता है।

### अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

इस बीच जयंती को लेकर काशी में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला चल रही है। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर 1 फरवरी 2026 को मुख्य आयोजन होगा। इससे पहले 30 और 31 जनवरी को नगवां स्थित संत रविदास पार्क में 26 घंटे का अखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से आए कलाकार भजन, शास्त्रीय संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दे रहे हैं।

### बेगमपुरा एक्सप्रेस से पहुंचे संत निरंजन दास

शुक्रवार को जालंधर से आई बेगमपुरा स्पेशल ट्रेन से संत निरंजन दास महाराज करीब 1600 श्रद्धालुओं और सेवादारों के साथ वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर जो बोले सो निर्भय, गुरु रविदास की जय के गगनभेदी जयकारों के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे सीधे गुरु रविदास जी की जन्मस्थली रवाना हुए। प्रशासन ने अनुमान लगाया है कि इस वर्ष लाखों श्रद्धालु वाराणसी पहुंच सकते हैं।

### टेंट सिटी और विशाल लंगर स्थल

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 150 से अधिक टेंट सिटी, कई विशाल लंगर स्थल और अत्याधुनिक पंडाल तैयार किए गए हैं। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन, पुलिस और स्वयंसेवी संगठन लगातार निगरानी कर रहे हैं। संत रविदास जी की 649वीं जयंती पर काशी में आस्था, समरसता और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

# स्वर्गीय रामबचन राय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर बस स्टैंड के पास आदर्श सेवा क्लब करीमुद्दीनपुर के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय रामबचन राय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को हो रहा है।इस प्रतियोगिता में प्रदेश व आसपास के क्षेत्रों की प्रतिष्ठित टीमें भाग लेंगी।इस मैच के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अरविन्द राय अभियंता संस्थापक सरजू राय मेमोरियल पी जी कॉलेज गांधी नगर होंगे।इस प्रतियोगिता में इलाहाबाद, सिगरा स्टेडियम वाराणसी, मऊ, बलिया, छपरा के साथ-साथ शेरपुर



बुजुर्गा, सोहांव, सुखडेहरा सहित कई क्षेत्रीय टीमें भीअपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

यह प्रतियोगिता स्वर्गीय रामबचन राय जी की स्मृति को समर्पित है और इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व को मान्यता देने वाले पुरस्कारों के साथ भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 का समापन

भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 में देश के ऊर्जा भविष्य को आकार देने वाले नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। 27 से 30 जनवरी, 2026 तक गोवा में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह के दौरान वैश्विक ऊर्जा सम्मेलन ने वैश्विक ऊर्जा इकोसिस्टम में भारत की केंद्रीय भूमिका को उजागर किया, साथ ही नीति निमार्ताओं, व्यापार जगत, नवप्रवर्तकों और निवेशकों को एक सुरक्षित, टिकाऊ और किफायती ऊर्जा भविष्य के लिए व्यावहारिक समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट किया।

विजेताः मिनिमिन्स क्लीनटेक सॉल्यूशंस - श्री हार्दिक और श्री अनुपम कुमार को एचएचएम प्रक्रिया के लिए सम्मानित किया गया है, जो ईओएल वाली लिथियम-आयन बैटरियों से उच्च-मूल्य वाली सामग्रियों की कम कार्बन वाली रिकवरी प्रदान करती है, और इसका सौर पैनलों, उत्प्रेरक कन्वर्टर्स और स्थायी चुंबकों में विस्तार जारी है।

प्रथम उपविजेताः ओसस बायोरेन्यूएबल्स - डॉ. सुरुचि राव, श्री कमर सुहैल बाशा, औद्योगिक अपशिष्ट जल को हरित हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की उनकी जैव रासायनिक प्रक्रिया के लिए।

द्वितीय उपविजेताः ट्रान्जमेओ आईटी सॉल्यूशंस - श्री सफिल सनी, श्री र-किेश मिश्रा, जिन्होंने एआई-संचालित फाइबर-सेंसिंग अनुप्रयोगों के माध्यम से पाइपलाइनों, वेंट और सीसीयूएस प्रक्रियाओं की सटीक निगरानी को सक्षम बनाया।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज डिब्रूगढ़ में असम विधानसभा के नए भवन के शिलान्यास सहित लगभग 1,715 करोड़ रुपए की लागत से 5 परियोजनाओं का भूमिपूजन और उद्घाटन किया

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज डिब्रूगढ़ में असम विधानसभा के नए भवन के शिलान्यास सहित लगभग 1,715 करोड़ रुपए की लागत से 5 परियोजनाओं का भूमिपूजन और उद्घाटन किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा, केन्द्रीय पत्तन, पोत परि-वहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सबार्नंद सोनोवाल और विदेश राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 2025 में घोषणा की थी कि असम को समावेशी बनाने के प्रयास के तहत डिब्रूगढ़ को राज्य की दूसरी राजधानी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी की सरकारों में कई घोषणाएं सिर्फ घोषणा बनकर रह जाती थीं, लेकिन अब हमारी पार्टी की सरकार है। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने घोषणा की थी और आज 57 बीघा जमीन पर असम के दूसरे विधानसभा परिसर का शिलान्यास हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब डिब्रूगढ़ वासी भी असम की राजधानी के वासी माने जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि असम को समावेशी बनाने के प्रयास के तहत डिब्रूगढ़ को राज्य की दूसरी राजधानी बनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यहाँ बहुत सारी जातियाँ, समुदाय और जनजातियाँ रहती हैं, उन सभी का असम पर अधिकार है और सब मिलजुलकर एक महान असम बनाएंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि असम की नदियां हमारी संस्कृति की धरोहर, हमारे किसानों की आर्थिक रेखा और हमारे लिए मां के समान हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से असम बाढ़ की समस्या से ग्रस्त था। हमने असम को बाढ़ से बचाने के लिए स्पेस एप्लीकेशन सेंटर से राज्य का सर्वे किया और उसके आधार पर बड़े बड़े वेटलैंड चिन्हित किए। श्री शाह ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 692 करोड़ रूपए खर्च कर प्रथम चरण में 15 वेटलैंड को विकसित करने का काम किया है। इससे साढ़े सात लाख लोगों को बाढ़ से बचा सकेंगे, लगभग 77 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, बाढ़ की तीव्रता कम होगी और वॉटर होल्डिंग क्षमता बढ़ने से भूजलस्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा 15 बड़े -बड़े तालाबो से सिंचाई होगी और असम के किसानों को वर्ष में तीन बार उपज पैदा करने में मदद मिलेगी, पशुपालन बढ़ेगा और डेयरी उद्योग भी बढ़ेगा। इनका उपयोग वाटर स्पोर्ट्स के लिए भी होगा और ये पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र भी बनेंगे।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हाल ही में भारत सरकार ने यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है और इसका सबसे बड़ा फायदा हमारे असम के डिब्रूगढ़ को होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने एव ट्रेड डील साइन कर असम की चायके साथ पेरिस से बर्लिन तक पहुँचाने का काम किया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विपक्षी सरकारों ने दशकों तक असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, वन्यजीव और पर्यावरण सुरक्षा, सेमीकंडक्टर औद्द चिप उद्योग समेत हर क्षेत्र में मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता असम है। श्री शाह ने यह भी कहा कि रेलवे, वॉटरवे, एयरपोर्ट या उद्योग लगाने हों, हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी असम को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर जगह असम और नॉर्थ ईस्ट को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि उनके दिल में यह क्षेत्र बसता है। श्री अमित शाह ने कहा कि विपक्षी सरकारों ने असम को गोलियां, बम धमाके, संघर्ष और युवाओं की मौत दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से पूरे नॉर्थईस्ट में 20 से अधिक समझौतों के तहत 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार डाले हैं जिससे असम और नॉर्थईस्ट सुरक्षित बने हैं। श्री शाह ने कहा कि एक जमाने में यहां कर्फ्यू, बम धमाकों और गोलियों की आवाज थी लेकिन आज भूपेन दा का संगीत यहां से पूरे विश्व में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भूपेन हजारिका और भारत माता के महान सपूत गोपीनाथ बोरदोलोई जी को भारत रत्न देने का काम भी मोदी सरकार ने किया। हमने यहां शांति, सुशासन, विकास और सबको साथ लेकर चलने की नई परंपरा शुरू की है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2021 में डिब्रूगढ़ की धरती पर विपक्षी सरकार ने टूलकिट प्रसारित किया था जो असम विरोधी था और दुनिया में असम की चाय की छवि बिगाड़ने वाला था। उन्होंने कहा कि असम के हमारे श्रमिकों के कल्याण के लिए विपक्षी सरकारों ने आज तक कुछ नहीं किया। श्री शाह ने कहा कि हमारी पार्टी की सरकार ने 2025 में लैंड होल्डिंग अमेंडमेंट एक्ट पारित कर 825 चाय बागानों के 3 लाख से अधिक संथाल, कोल, भील, मुंडा, बंगाली श्रमिकों को भूमि का मालिक बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी और असम सरकार ने लचित बोरफुकन जी की जीवनी को पूरे देश की 23 भाषाओं में अनुवादित किया है।

# खुलासाः अनूपपुर सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन का सफेद झूठ, भुगतान के बावजूद RTI में छिपाया सच

**समाज जागरण पं अजय मिश्र**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MP SCSC) अनूपपुर में पारदर्शिता के नाम पर बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। विभाग ने सूचना के अधिकार (RTI) के तहत आधि कारिक पत्र जारी कर सफेद झूठ बोला है। मामला ट्रांसपोर्टर को किए गए अग्रिम भुगतान से जुड़ा है, जहाँ विभाग भुगतान करने के बावजूद लिखित में इसे नकार रहा है। इस पूरे प्रकरण में लेखपाल मनाली गुप्ता और प्रभारी प्रबंधक अनीता सरोते की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

**दस्तावेज कुछ और, हकीकत कुछ और**

माँगी गई जानकारी के जवाब में विभाग ने पत्र क्रमांक आर.टी. आई./2025-26/ दिनांक 11.01.2026 के माध्यम से बिंदु क्रमांक 02 में स्पष्ट उल्लेख किया है किः "ट्रांसपोर्टर को एल.आर.टी. परिवहन हेतु जिला कार्यालय अनूपपुर से अग्रिम भुगतान नहीं हुआ है।" लेकिन विभाग का यह दावा पूरी तरह झूठा साबित हो रहा है। दी गई जानकारी के अनुसार, विभाग द्वारा संबंधित ट्रांसपोर्टर को अग्रिम भुगतान (Advance Payment) किया जा चुका है। सवाल यह उठता है कि लेखपाल मनाली गुप्ता, जिनके पास खातों का पूरा हिसाब-किताब रहता है, और प्रभारी प्रबंधक अनीता सरोते, जिनके हस्ताक्षर से फाइलें आगे बढ़ती हैं, उनकी मौजूदगी में यह "सफेद झूठ" कैसे परोसा गया?

**भ्रष्टाचार की गहरी साजिश?**

सरकारी रिकॉर्ड में भुगतान दर्ज होने और RTI में "नहीं" कहने के पीछे एक बड़ी साजिश की बू आ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे कई गंभीर कारण हो सकते हैंः कमीशन का खेलः नियम विरुद्ध किए गए अग्रिम भुगतान को छिपाने के लिए अधिकारियों ने कागजों पर झूठ बोलने का सहारा लिया है। ऑडिट से बचने की कोशिशः सरकारी ऑडिट में पकड़े जाने के डर से जानकारी को दबाया जा रहा है। पद का दुरुपयोगः विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुँचाने के लिए रिकॉर्ड में हेरफेर कर रहे हैं। अधिकारियों पर गिर सकती है गाज सूचना के अधिकार के तहत गलत जानकारी देना न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह धारा 20 के तहत दंडनीय अपराध भी है। यदि इस मामले की निष्पक्ष जाँच होती है, तो प्रभारी प्रबंधक अनीता सरोते और लेख पाल मनाली गुप्ता सहित संबंधित स्टाफ पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज हो सकता है। "जब बैंक खातों और विभाग के लेजर में भुगतान स्पष्ट रूप से अंकित है, तो फ्ळकपत्र में इसे शून्य दिखाना सीधे तौर पर राज्य सूचना आयोग को गुमराह करना है।"

**प्रमुख सवाल जो विभाग को कठघरे में खड़ा करते हैंः**

जब लेखपाल मनाली गुप्ता के लेजर में भुगतान दिख रहा है, तो RTI पत्र में "शून्य" की जानकारी कैसे दी गई? क्या प्रभारी प्रबंधक अनीता सरोते ने जानबूझकर इस गलत जानकारी वाले पत्र पर हस्ताक्षर किए? भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए और कितने दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की गई है? स्थानीय जनता और पत्रकारों ने अब इस मामले को कलेक्टर और राज्य सूचना आयोग तक ले जाने की तैयारी कर ली है। विभाग की यह "झूठ बोलने की कला" अब इन अधिकारियों के लिए गले की फांस बन सकती है।।

**दोषियों पर कठोर कार्रवाई की दरकार**

अनूपपुर सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन का यह मामला केवल एक तकनीकी चूक नहीं, बल्कि सूचना के अधिकार (RTI) जैसे लोकतांत्रिक कानून का गला घोंटने की कोशिश है। जब सरकारी खजाने से अग्रिम भुगतान हो चुका है, तब प्रभारी प्रबंधक अनीता सरोते और लेखपाल मनाली गुप्ता की निगरानी वाले विभाग द्वारा इसे लिखित में नकारना सीधे तौर पर जालसाजी और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। अब समय आ गया है कि जिला प्रशासन इस मामले में सख्त रुख अपनाए। केवल स्पष्टीकरण मांगना काफी नहीं है; इस फजीर्वाड़े के दोषियों पर RTI अधिनियम की धारा 20 के तहत दंड के साथ-साथ धोखाधड़ी और पद के दुरुपयोग का आपराधिक मुकदमा दर्ज होना चाहिए। प्रशासन यदि अनीता सरोते और मनाली गुप्ता जैसे जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करता, तो यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसा होगा। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन आगे क्या कार्यवाही करता है

**एकाउंटेंट का विवादित इतिहास**

रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि आरोपी एकाउंटेंट मिनाली गुप्ता का इतिहास पहले से ही दागदार रहा है। इससे पहले वे रीवा जिले में पदस्थ थीं, जहाँ अनियमितताओं के कारण उन्हें पद से हटा दिया गया था। बाद में अनूपपुर में वैकेंसी निकलने पर उन्होंने यहाँ पदस्थापना ली। आरोप है कि मिलरों के साथ उनकी साठ-गांठ के चलते ही इस तरह के गलत भुगतान संभव हो पा रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर सम्मानित,

## पावर हाउस नंबर-3 को मिला सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह पुरस्कार

**समाज जागरण विजय तिवारी**



नौरोजाबाद। उमरिया जिले में स्थित संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर (SGTPS) को उसके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुरस्कृत किया गया। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा 24 जनवरी को ताप एवं जल विद्युत गृहों के लिए वार्षिक सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह पुरस्कारों की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह द्वारा संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर के 500 मेगावाट क्षमता वाले पावर हाउस नंबर-3 को सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विद्युत गृह को कुशल संचालन, समयबद्ध अनुरक्षण तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप पावर हाउस नंबर-3 को स्थायी शील्ड के साथ 5 लाख रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, पुरस्कार के रूप में दी जाने वाली नगद राशि का उपयोग विद्युत गृह परिसर में सामुदायिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, कर्मचारी कल्याण एवं विकासात्मक कार्यों में किया जाएगा। इससे संयंत्र तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में सकारात्मक सामाजिक प्रभाव सुनिश्चित हो सकेगा। यह सम्मान विद्युत गृह में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और भविष्य में और बेहतर तकनीकी दक्षता व कार्य निष्पादन की दिशा में प्रोत्साहित करेगा।

# बैंक से धोखाधड़ी पर ईओडब्ल्यू ने बार संचालक पर दर्ज किया प्रकरण

**समाज जागरण**

रीवा। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) ने केनरा बैंक के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में मेसर्स सिंह एंड कंपनी के प्रोपराइटर लाल बहादुर सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी ने बैंक को कुल 166.83 लाख रुपये की आर्थिक क्षति पहुँचाई है। मामला वर्ष 2013 का है, जब लाल बहादुर सिंह ने केनरा बैंक की रीवा शाखा से हाउसिंग और व्यावसायिक कार्यों के लिए 58 लाख रुपये का ऋण लिया था। सुरक्षा के तौर पर उन्होंने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पड़रा स्थित मकान सहित चार संपत्तियां बैंक में बंधक रखी थीं। धोखाधड़ी की नीयत से आरोपी ने बैंक का बकाया चुकाए बिना ही बंधक रखी दो संपत्तियों को बेच दिया और एक दुकान का स्वरूप बदल दिया ताकि बैंक ऋण वसूली न कर सके। शिकायत के सत्यापन के बाद, EOW मध्य प्रदेश ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 और 120बी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भैरवनाथ मंदिर लोकार्पण में भीड़ जुटाने के लिए आरटीओ करेगा बसों की व्यवस्था , सरपंच - सचिव व जीआरएस स्वल्पाहार से लेकर संभालेंगे अन्य जिम्मेदारियां

**समाज जागरण**

रीवा। 31 जनवरी को गुढ़ विधान सभा क्षेत्र के भैरवनाथ मंदिर के लोकार्पण में। शामिल होने होने आ रहे प्रदेश के सीएम के कार्यक्रम में लोगों की भीड़ जुटाने के लिए। तकरीबन 84 जिम्मेदारों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिसमें सरपंच से लेकर सचिव व जीआरएस शामिल है। जिन्हें कार्यक्रम स्थल में भीड़ जुटानी होगी। भीड़ को ले आने और ले जाने के लिए आरटीओ द्वारा बसों की व्यवस्था कराई जाएगी। वहीं भीड़ को स्वल्पाहार व पानी की व्यवस्था करने के लिए ग्राम पंचायत को दायित्व सौपा गया है। कुल मिलाकर भैरवनाथ मंदिर परिसर में सीएम को भीड़ दिखाने के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिवों व जीआरएस को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह व्यवस्था अपने जेब से तो करेंगे नहीं ग्राम विकास के लिए आने वाली राशि पर ही फर्जी वाड़ा करेंगे। जहां 1000 का खर्च होगा उसे वह 20.000 रुपए खर्च दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे? हद हो गई प्रजातंत्र काल में योजनाओं की राशि भी जन प्रतिनिधियों के स्वागत में खर्च हो रही है तो जनता का भला और व ग्रामीण विकास कैसे हो पाएगा!

# पीएम श्री सबरीमाता आवासी कन्या शिक्षा परिसर पाली में तीन दिवसीय वार्षिक-खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को सहायक आयुक्त श्रीमती पूजा द्विवेदी ने किया पुरस्कृत

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया।उमरिया जिले के पाली में पीएम श्री माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय में पाली में वार्षिक खेल कूद का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उमरिया सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग उमरिया श्रीमती पूजा द्विवेदी पाली खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता जैन की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचलन के साथ किया गया। सहायक आयुक्त श्रीमती पूजा द्विवेदी ने बताया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक सजगता के लिए पढ़ाई के साथ



खेलकूद अत्यंत आवश्यक है। खेल तनाव कम करते हैं, एकाग्रता और याददाश्त बढ़ाते हैं, और टीम वर्क, अनुशासन व आत्मविश्वास जैसे जीवन-कौशल विकसित करते हैं। जब कि खंड शिक्षा अधिकारी पाली श्रीमती सरिता जैन ने कहा कि खेलकूद से बच्चों में तर्कशक्ति और निर्णय लेने की क्षमता में भी सुधार होता है। वार्षिक खेलकुद में मुख्य रूप से 200 मीटर की दौड़,400 मीटर दौड़, बैडमिंटन,गोला फेक, तवा फेक, खो- खो, वॉलीबॉल, शतरंज,कबड्डी,सहित कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय की सभी छात्राओं उत्साह पूर्वक इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शामिल विजेता छात्राओं को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग उमरिया श्रीमती पूजा दुबे द्वारा उन्हें पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक दीपक मिश्रा,कृष्ण कुमार मिश्रा, बृजेश सिंह बघेल,विनय पारस, श्रीमती सरिता गुप्ता,मीना रजावत, सपना चक्रवती, प्रियंका सिंह,मेधना विश्वकर्मा,नीलम दुबे ,संध्या तिवारी, सुमित वर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, संध्या सिंह,मनीष महरा,रेनू सिंह, वीरेंद्र बैगा, अंत में कार्यक्रम का आभार कन्या शिक्षा परिषद पाली प्राचार्य श्रीमती सत्या जैन के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में सहयोग करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार प्रकट किया

# प्रशासनिक व्यवस्था फेल, बुजुर्ग प्रभारी मंत्री से नहीं संभल रहा शहडोल, छोड़ दें दायित्व @ कमलेश्वर डोडियार

## तो क्या खनन एवं भू-माफिया हिस्ट्रीशीटर चला रहे जिला....?

**समाज जागरण**

शहडोल। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले की बहुचर्चित सैलाना विधानसभा से विधायक कमलेश्वर डोडियार का 28 जनवरी से मध्यप्रदेश के कई जिलों के भ्रमण पर है। जहां शोषित पीड़ित आदिवासियों की हक की आवाज बुलंद करने निकले हैं, यह भ्रमण खास तौर से युवा आदिवासियों की लिए जनजागरण अभियान है इसके मद्देनजर गुरुवार से ब्यौहारी और शहडोल में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके उपरांत शुक्रवार संभागीय मुख्यालय शहडोल में पत्रकारवार्ता में पत्रकारों से मुखातिब हुए। और उन्होंने सर्वप्रथम जिले में फेल प्रशासनिक तंत्र को लेकर चिंता जताई, और अल्पकालिक दौरे पर आए विधायक श्री डोडियार ने ना सिर्फ जिले की नब्ज टटोली बल्कि इन सब अव्यवस्थाओं के लिए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को जिम्मेदार ठहराया उन्होंने कहा उपमुख्यमंत्री शहडोल के प्रभारी मंत्री हैं, और बेलगाम बढ़ते अपराध के लिए उनकी जवाबदेही बनती है। आदिवासी बाहुल्य इलाकों में आदिवासियों का शोषण हो रहा अब तो आदिवासी छात्राएं छात्रवास से गायब हो रही है। आदिवासियों की पुश्तैनी जमीन पर शोरूम तन कर हड़प ली जा रही है, शिकायत के बावजूद अधिकारी दोषियों कार्यवाही करने की जगह बचाने में लगे हुए हैं। जानबूझकर सरकारी तंत्र हाथ में हाथ धरे बैठा है जैसे की शहडोल की सरकार भू-माफिया हिस्ट्रीशीटर चला रहे हैं। विधायक कमलेश्वर डोडियार ने वर्तमान कलेक्टर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह कलेक्टर साहब एक साथ 18 पत्रकारों का जिला बदर करने को आतुर दिखे, और हिस्ट्रीशीटर बदमाशो को एक साल से ज़िला बदर करने में पसीना आता हैं। नोटिस नोटिस का खेल चल रहा है जिला बदर आरोपी को लूट-पाट हत्या करने की छूट कलेक्टर ने देंकर रखी है, वहीं कलेक्टर देवलोद से समाजसेवी और अवैध खनन के विरुद्ध आवाज उठाने वाले का जिला बदर करते हैं लेकिन मामले में हाईकोर्ट ने दंडित किया है। यह सब उपमुख्यमंत्री को कैसे नहीं दिखाई दे रहा है इससे साफ है जिले में लॉ एंड ऑर्डर माफियाओं के इशारे पर काम कर रहा है। इसकी एक मात्र वजह यह है प्रभारी मंत्री बुजुर्ग हो चुकें और उनके प्रभार का जिला शहडोल उनसे नहीं संभल रहा है। विधायक श्री डोडियार ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें शहडोल के जिले का प्रभार का मोह छोड़ देना चाहिए। और उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को त्वरित संज्ञान लेते हुए किसी भी युवा विधायक को शहडोल का पालक मंत्री नियुक्त करते हुए जिम्मेदारी दी जानी चाहिए ताकि जनता को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जा सके। वहीं उन्होंने कहा है कि जिले में अकूत खनिज संपदा है जिसका वर्षों से दोहन किया जा रहा है।

खनन माफियाओं की दहशत हावी है अवैध रेत खनन को लेकर पटवारी, एएसआई की हत्या कर दी गई। हालही में तहसीलदार की टीम को ललकारने और थाना ब्यौहारी के सामने पुलिस कर्मियों को धमकाने का वायरल विडियो दशार्ता है कि प्रशासनिक तंत्र फेल हो चुका है। जब पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कमिश्नर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की रक्षा नहीं कर पा रही है तो दबे कुचलें गरीब बेबस आदिवासियों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा इसके लिए हमारी भारत आदिवासी पार्टी की टीम जिले भर में सर्वे कर रही है हम आदिवासियों के हक में डाका डालने वाले लोगों को चिन्हित करके डीजीपी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग करेगे एवं जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतर कर आंदोलन और विधानसभा स्तर पीड़ितो शोषितो की आवाज बनेंगे।

गौरतलब हो कि मध्यप्रदेश के रतलाम की सैलाना विधानसभा सीट से विधायक कमलेश्वर डोडियार का शहडोल सहित चार दिवस दौर के उमरिया, अनूपपुर, डिंडोरी और होशंगाबाद जिलों में है। विधायक कमलेश्वर डोडियार अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं और बाखूबी अपने समाज का दर्द महसूस करते हैं और उसमें लगातार बदलाव लाना चाहते है।

# धनपुरी नगरपालिका के द्वारा किये गए नवाचार व विकास पहल अंतरराष्ट्रीय मंच पर होगी प्रदर्शित

## लंदन में आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ धनपुरी आमंत्रित

**समाज जागरण**

धनपुरी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर ने जानकारी दी है कि कॉमनवेल्थ लोकल गवर्नमेंट फोरम के तत्वावधान में लंदन में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ सस्टेनेबल सिटीज इनिशिएटिव कार्यक्रम में धनपुरी नगरपालिका द्वारा किए जा रहे शहरी विकास कार्यों, नवाचारों, सुशासन तथा नागरिक सेवा सुधारों सहित विभिन्न विकास पहलों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।उन्होंने बताया कि धनपुरी नगर पालिका के सफल प्रयासों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा किया जाएगा। इसी क्रम में सीएमओ धनपुरी को कॉमनवेल्थ लोकल गवर्नमेंट फोरम द्वारा लंदन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ सस्टेनेबल सिटीज इनिशिएटिव के अंतर्गत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संवाद का आयोजन 3 से 5 फरवरी 2026 तक भोपाल में किया जाएगा।

लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था से प्राप्त यह आमंत्रण धनपुरी नगर पालिका के लिए गौरव का विषय है, जिससे नगर के विकास कार्यों को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त होगी।

# श्रीधाम कालोनी गोरतरा मे 1 फरवरी को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

**समाज जागरण**

शहडोल। हिन्दू जागरण, सनातन संस्कृति एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आगामी 1 फरवरी 2026 को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से गोरतरा बस्ती स्थित शिव मंदिर परिसर, श्रीधाम कॉलोनी में शोभायात्रा पूरे बस्ती मे निकलेगी। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना, सनातन धर्म के मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं चेतना का संचार करना है। सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विषयों पर विचार रखे जाएंगे। विशाल हिन्दू सम्मेलन के पश्चात विशाल भण्डारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है,सर्व हिन्दू समाज आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं।

आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम का आयोजन सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है।

# किसी का नौकर नहीं हूं, वर्दी उतार दूं क्या', भाजपा विधायक के शिक्षक भाई ने धमकाया तो भड़का पुलिसकर्मी

**समाज जागरण**

शिवपुरी (नरवर)। शिवपुरी पुलिस द्वारा अभियान के तहत जिलेभर में वाहन चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की शाम पुलिस ने नरवर थाने के सामने करैरा से भाजपा विधायक रमेश खटीक के शिक्षक भाई की बाइक को रोक लिया। जब विधायक के भाई ने वहां से जबरन जाने का प्रयास किया तो एक पुलिसकर्मी ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली, इसी बात पर वह शिक्षक नाराज हो गया और उसने पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई करते हुए उसे धक्के मार दिए। इस पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। जानकारी के अनुसार विधायक रमेश खटीक के भाई भाग्यचंद्र खटीक, निजामपुर



विद्यालय मगरौनी में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। गुरुवार की शाम पौने पांच बजे जब वह नरवर से मगरौनी जा रहे थे, उसी दौरान नरवर थाने के सामने वाहन चैकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों में शामिल राजवीर बघेल और परमाल सिंह कुशवाह ने उनकी बाइक को रोक लिया। बाइक रोकने का कारण पूछा गया तो सिपाहियों ने हेलमेट न लगाना बताया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें दीवानजी से बात करने के लिए कहा। शिक्षक भाग्यचंद्र खटीक ने दीवानजी से बात करने की बजाय वहां से जाने लगे और एक अन्य बाइक चालक को भी गाड़ी उठाकर चलने के निर्देश दे दिए। इस पर एक पुलिसकर्मी परमाल सिंह कुशवाह ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली और थाने की तरफ जाने लगा। पीछे से भाग्यचंद्र खटीक उनके पीछे दौड़े और पुलिसकर्मी से हाथापाई करते हुए उनमें धक्का मार दिया।

**विधायक के भाई ने पुलिस को धमकाया-ः**

परमाल ने जब यह कहा कि वह बाइक को भी थाने में रखेगा तो विधायक के भाई ने पुलिसकर्मी को धमकी दी कि वह बाइक को घर रखकर जाएगा। इस पर राजवीर बघेल ने विधायक के भाई को कहा कि मैं किसी का नौकर नहीं हूं, बाइक रखने घर नहीं आऊंगा, वर्दी उतार दूं क्या...? इस पर विधायक के भाई ने कहा कि आप चालान काट दो, चाबी निकालना कानून में नहीं है। अंत में विधायक के भाई को तीन सौ रुपये का चालान कटवाना पड़ा।

**इनका कहना है-ः**

विधायक के भाई बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। उन्होंने बताया नहीं कि, वह विधायक के भाई हैं। वाहन चैकिंग के दौरान ऐसे मुंहवाद तो होते रहते हैं। हमने उनका हेलमेट न पहनने का तीन सौ रुपये का चालान काट कर उनकी बाइक को ले जाने दिया। -विनय सिंह यादव, टीआई, नरवर।

# फिर खुला भ्रष्टाचार का पिटारा

## पुलिया निर्माण में हो रही भारी अनियमितता

**समाज जागरण**



बुढार। जनपद पंचायत बुढार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हेडिन मे स्टाप डेम के बाद अब पुलिया निर्माण में अनियमितता का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि कुम्हेडिन पंचायत भवन पहुंच मार्ग मे पुलिया निर्माण खनिज मद से 19 लाख 98000 हजार रूपए की लागत से स्वीकृति पुलिया निर्माण कार्यक्रम स्वीकृति के पहले स्थल निरिक्षण के पश्चात इंजीनियर अनुविभागी अधिकारी के द्वारा एस्टीमेट बनाया जाता है स्थल पुलिया का स्ट्रक्चर मे पिलर मे कितना गड्ढा खोदना है जिससे पुलिया की लंम्बे बर्षो तक चले पर यहां पर कुछ और ही चल रहा है सरपंच पति जगमोहन सिंह सचिव रमदामन सिंह और इंजीनियर एसडीओ और बड़े ठेकेदारो का दलाल जनपद मे 25 बर्षो से जमे पटेल बाबू का भ्रस्टाचार का खेल ग्राम पंचायत कुम्हेडिन खेला जा रहा है। प्राक्कलन के अनुसार पुलिया मे 2.50 से 3 मीटर गड्ढा खोदना चाहिए अच्छी गुणवत्ता का सीमेंट का उपयोग होना चाहिए एवं लोहा आईएसआई मार्का का होना चाहिए पर इस पंचायत में कुछ अलग ही निर्माण हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण का कहना है की पुलिया निर्माण मे पूर्व इंजीनियर प्रजापति ने साफ शब्दो मे सरपंच पति को कहा था कि गड्डे की खुदाई 3 मीटर करना है क्योंकि इससे पहले इस स्थान पर बनी पुलिया पहली बरसात मे ही बह गई थी और इस स्थान मे लगभग 12 फिट तक नीचे पत्थर नहीं है इस लिए 3 मीटर से कम नहीं खोदना है लेकिन इन घोटाले बाज सरपंच सचिव ,इंजीनियर की चौकड़ी ने सारी हदे पार कर दी स्थानीय ग्रामीण जन कल्लू बैगा, राम सिंह ने बताया की इस पुलिया की गड्डे की खुदाई सिर्फ 50 सेमीटर खोदा गया है और बाजार की सबसे सस्ती सीमेंट सस्ता लोहा का उपयोग किया जा रहा है कार्य चालू होने के पहले ही सरपंच पति ,सचिव, इंजीनियर की मिलीभगत से 5 लाख रूपए निकाल लिया गया है और कुछ सामग्री मगाई गई बाकी रकम को सब मिलकर गबन कर लिए गया चर्चा का बाजार गर्म है कि जनपद मे बैठे चर्चित ने 1 लाख की मोटी रकम लिया गया है किया है क्षेत्र की जनता जानना चाहती है कि क्या यही है प्रदेश के अति संवेदन सील मुख्य मंत्री जी का बिकास। खनिज मद से ग्रामीणों की सुविधा के लिए 19.98000 पुलिया निर्माण के स्वीकृति किये है लेकिन अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों की मिली भगत से इस ग्राम पंचायत में सरकारी पैसे दुरूपयोग हो रहा है। यदि निष्पक्षता से ग्राम पंचायत की जांच कराई जाए तो करोडो रुपए की निर्माण कार्य भारी घोटाला भ्रस्टाचार सामने आ जाएगा। चाहे पंचायत भवन की बाउंड्री वॉल हो सीसी रोड हो पंचायत भवन के सामने बैगा बस्ती मे नाली निर्माण. फूलवारी की प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री बल.मुसरा की चबूतरा निर्माण या विधायक निधि से निर्मित सांस्कृतिक मंच ।मुख्यालय से दूर भ्रस्टाचार करोडो रुपए के सरकारी खजाना के डाका डाला जा रहा शासन के टेक्निकल अधिकारी सिर्फ घर बैठे ही मूल्यांकन करते है एक पूर्व सब इंजीनियर चंद्र मोली कई बार सस्पेंड हो चुके है इसके बावजूद भी उनके कार्य करने के तरीके में सुधार नहीं आ रहा। क्या इस बार भी कुम्हेडिन की खनिज मद की पुलिया निर्माण भ्रष्टाचार की भेट चढ़ेगी ।विश्वास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुम्हेडिन और घुनघुटा स्टाम्प शुल्क की लगभग 39 लाख राशि से एक नया पंचायत भवन स्वीकृति कराया गया और सबसे बढ़े भ्रस्टाचार की सारी हदे पार करते हुवे उस कार्य को 4.4 लाख मे सौदा भी कर दिये 75 % पैसा अपने पास ले लिए दोनों पंचायत भवन को कुम्हेडिन मे किसी शर्मा को और घुनघुटा मे कोई सिंह को मटेरियल सप्लायर के नाम से कार्य कर रहे है ।

# कांग्रेस की दिल्ली बैठक से कमल नाथ सहित MP के बड़े नेताओं की अनुपस्थिति पर उठे सवाल, भाजपा ने ली चुटकी

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को और प्रभावी बनाने के लिए दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश के चुनिंदा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, कांति लाल भूरिया, डा. विक्रांत भूरिया सहित अन्य वरिष्ठ नेता अनुपस्थित रहे। इसे लेकर मीडिया ने जब प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से सवाल किए तो वह असहज हुए और झल्लाते हुए बोले कि किसे बुलाना है और किसे नहीं, यह हमारा आंतरिक मामला है। इस पर प्रदेश भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि कमल नाथ बाहर, दिग्विजय सिंह



पर्दे के पीछे भीतर, यही कांग्रेस की हकीकत है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली की बैठक के लिए केवल प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल को बुलाया गया था। इसमें मुख्य रूप से संगठन सृजन अभियान और आगामी विधानसभा सत्र में पार्टी की भूमिका पर बात होनी थी, इसलिए केवल उससे जुड़े व्यक्तियों को बुलाया गया। दिग्विजय सिंह चूंकि प्रदेश में कांग्रेस के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करके संगठन को दे चुके हैं, इसलिए उन्हें और कार्यसमिति का सदस्य होने के कारण कमलेश्वर पटेल को बुलाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ विदेश में हैं तो बाकी अपेक्षित नहीं थे। वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति को लेकर पूछे प्रश्न पर हरीश चौधरी ने जिस तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की, उसे लेकर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि मीडिया के प्रश्न पर प्रदेश प्रभारी का तानाशाही भरा जवाब- 'यह पूछने का अधिकार आपको नहीं है रहा। इसका आशय स्पष्ट है कि कांग्रेस सवालों से डरती है। उसे मीडिया की जवाबदेही स्वीकार नहीं। तो क्या इसे आंतरिक लोकतंत्र कहा जाए? कांग्रेस में लोकतंत्र केवल भाषणों तक सीमित है।

**उपेक्षित हैं नेता-ः**

यह बात अलग है कि बैठक के लिए चुनिंदा नेता आमंत्रित थे लेकिन यह बात भी सही है कि पार्टी में कई नेता उपेक्षित हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के पास प्रदेश के भीतर कोई काम नहीं है। उन्हें संगठन सृजन के लिए अन्य प्रांतों में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जा रहा है। यही कारण है कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अजय सिंह हों या फिर डा. गोविंद सिंह, कांतिलाल भूरिया या फिर अन्य नेता, अपने-अपने क्षेत्र तक सीमित हो गए हैं।

# पुलिस ने तमंचा सहित अभियुक्त पकड़ा

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके पास से असलहा बरामद किया।
प रसूलपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को मुखबिर की सूचना



पर गिरफ्तार किया।
पुलिस ने उसे रेलवे पुल बरकतपुर रास्ता के पास से पकड़ा है।
पुलिस ने पकड़े अभियुक्त का नाम मुकुल पुत्र सत्यप्रकाश बताया है। वह गली नंबर 2 प्रेमनगर डाक बंगला थाना रसूलपुर का रहने वाला है।
पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया।
गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तबीके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## छात्रा से छेड़छाड़ के दोषी को 4 वर्ष का कारावास

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। न्यायालय ने पोक्सो एक्ट के दोषी को 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर न्यायालय ने अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।
थाना टूंडला क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी घटना के समय क्राइस द किंग स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा थी। स्कूल से आते जाते उससे मोंटी पंडित पुत्र सुखदेव निवासी बिहारी बिलास अपने दो नाबालिग दोस्तो के साथ छेड़छाड़ व गाली गलौज करते।
छात्रा 17 जनवरी 2020 को स्कूल से घर जा रही थी। उसी दौरान मोंटी पंडित अपने दोनों नाबालिग दोस्तो के साथ स्कूटर पर आ गए।
वह लोग छात्र के साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसके छोटे भाई को जो उसी स्कूल में पढ़ता है को उठा लेजाने को धमकी देने लगे। छात्र वापस स्कूल गई। उसने फोन कर पिता को सारी बात बताई। पिता स्कूल पहुंचकर बेटी को ले थाने पहुंचा। पिता ने तीनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।
पुलिस ने 354,354 डी,504,506 तथा 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।
मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 3 राजीव सिंह की अदालत में चला।
अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक अजमोद सिंह ने की। दो नाबालिग अभियुक्त जुबेनाइल हो गए।
मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने मोंटी को 504 डी, 504,506 तथा7/8 पोक्सो एक्ट का दोषी माना। न्यायालय ने उसे 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर 7 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# फर्जी बैनामा कांड का खुलासा, फरार महिला आरोपी गिरफ्तार

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में जालसाजों द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर पैतृक भूमि की रजिस्ट्री कराए जाने के गंभीर मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक फरार महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बीते वर्ष अक्टूबर माह में दर्ज शिकायत के बाद से चर्चा में था।लखनऊ के ऐशबाग निवासी सैय्यद फरहान हुसैन ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने पिता स्वर्गीय मोहम्मद उवैस पुत्र मोहम्मद इदरीस की मृत्यु बीते 12 जुलाई के बाद ग्राम घुसकर, परगना मोहनलालगंज स्थित पैतृक भूमि का वैध उत्तराधिकारी है। उनके अन्य चाचा– मोहम्मद सिद्दीक उस्मानी, मोहम्मद अनरू उस्मानी उर्फ अनस, मोहम्मद वासिद उस्मानी उर्फ मुब्बशिर तथा मोहम्मद इलियास उस्मानी का भी पूर्व में निधन हो चुका है। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह नियमित रूप से भूमि की देखरेख कर रहा था। बीते वर्ष 20 अगस्त को जब वह तहसील मोहनलालगंज में वरासत दर्ज कराने पहुंचा, तब उसे पता चला कि शहाबुद्दीन निजामुद्दीन उस्मानी निवासी सूरत गुजरात भगवान देई चौहान निवासी मानक नगर लखनऊ तथा विमल गिरि निवासी महाराजगंज ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत मृत व्यक्तियों के स्थान पर अन्य लोगों को प्रस्तुत कर, कूटरचित दस्तावेजों व फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए पैतृक भूमि का बैनामा अपने पक्ष में करा लिया है। शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया कि उसके या उसके परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा किसी के पक्ष में कोई बैनामा नहीं किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनलालगंज पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम के नाम सामने आए, जिन्होंने फर्जी विक्रेता बनकर रजिस्ट्री कराई थी। पुलिस ने बीते दिसंबर में तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था।इसी मामले में बैनामे की फर्जी गवाह बनी आरोपी महिला भगवान देई चौहान लगातार फरार चल रही थी। पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश और तलाश के दौरान शुक्रवार को सूचना मिली कि वह कैसरबाग बस स्टैंड पर मौजूद है। सूचना के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने शाम करीब पांच बजे अभियुक्ता भगवान देई चौहान निवासी कनौसी, मानक नगर, थाना कृष्णानगर को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्ता ने स्वीकार किया कि वह पूर्व में कचहरी में मुंशी का कार्य करती थी और पैसों के लालच में उसने तहसील मोहनलालगंज में फर्जी गवाह बनकर गवाही दी। उसने यह भी बताया कि रजिस्ट्री के समय अभियुक्त रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम फर्जी मुस्लिम नामों से स्वयं को प्रस्तुत कर रहे थे और उसने भी उन्हें मुस्लिम नाम से पहचान कराया। अभियुक्ता ने बताया कि इस फर्जी गवाही के एवज में आरोपी चांदबाबू ने उसे 1500 रुपये दिए थे।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। साथ ही इस फर्जी बैनामा कांड में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## दारू थाने की पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग

**राहुल कुमार गुप्ता,दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़।शुक्रवार को दारू थाने की पुलिस ने एनएच 522 मार्ग पर एंटी



क्राइम चेकिंग अभियान चलाया।जिसके तहत दो पहिया/चार पहिया वाहनों की जांच की गई।एसआई मदन मुंडा ने बताया मोडिफाइड वाहन,बिना हेलमेट,ट्रिपल लोड इत्यादि मामलों में चालान किया जा रहा है।मौके पर एएसआई फुलजेम्स खाका समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# आठ फरवरी को होगा नवनिर्मित गोशाला का उदघाटन

नव निर्मित गोशाला का निरीक्षण करते हुए एसडीएम डा. गजेंद्र प्रताप सिंह साथ में हैं पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता व हाथवंत ब्लाक के बीडीओ जितेंद्र सिंह व अन्य।



**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। राही गैस्ट हाउस में बनी अस्थाई गोशाला को हटाने के बाद प्रशासन के निर्देश पर पालिका ने आवास विकास कालोनी में कांशीराम कालोनी के समीप नवनिर्मित गोशाला का निर्माण कराया। जिसका उदघाटन आठ फरवरी को सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह द्वारा किया जायेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को एसडीएम ने पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि और पालिका कर्मचारियों के साथ गोशाला का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए।
नव निर्मित गोशाला का उदघाटन आठ फरवरी को होना है। इसके लिए पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री से उदघाटन के लिए स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जिसको लेकर शुक्रवार को एसडीएम डा. गजेंद्र प्रताप सिंह ने पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, बीडीओ जितेंन्द्र कुमार हाथवंत बीडीओ, अधीक्षक ह्रदयराम यादव और सफाई निरीक्षक कुलदीप सिंह के साथ गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने गोशाला को हरी झंडी देते हुए कुछ कमियों को दुरुस्त करने के पालिका को निर्देश दिए। गोशाला में 75 गाय एवं गोवंश को रखा जायेगा। आठ फरवरी को मुख्य अतिथि गाय का पूजन कर गोशाला में गायों को रखा जायेगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति बैठक का आयोजन किया गया !

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासकीय निकाय की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की कार्रवाई की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। कार्यवाही पर सर्व समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गई अवगत कराया गया कि जनपद की स्वास्थ्य संकेतकों पर रैंक माह दिसम्बर 2025 की 9वीं रैंक प्राप्त हुई है बैठक हर्श व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए निर्देश दिये। जनपद में प्रथम संदर्भ चिकित्सा इकाई पर सीजर प्रसव बढाये जाने के निर्देश दिये। ब्लॉक जसराना एवं सिरसागंज में प्रगति में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड लक्ष्य के साथ कम प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फिरोजाबाद में 1 जनवरी से अब तक कितने कार्ड बन गए हैं जिसका विवरण चाहा गया। अवगत कराया गया कि माह जनवरी में 10860 कार्ड अभी तक बनाए गए हैं। बैठक में निर्देशित किया गया कि समस्त आशा संगिनी एवं अन्य स्टाफ की आपरेटर आई0डी0 शीघ्र बनायी जाऐं एवं नियमित रूप से सायं कालीन जूम बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जाये। खराब प्रर्दशन वाले कर्मियों का स्पष्टीकरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। टीका करण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चों को शतप्रतिशत टीका लगाने के लिए निर्देशित किया गया। यूपीएससी संत नगर, सैलई में पर्यवेक्षण पर विशेष ध्यान देकर के टीकाकरण कार्य में सुधार के निर्देश दिए।
दिनांक 16 फरवरी से मीजल्स अभियान शुरू हो रहा है जिसके माइक्रो प्लान की तैयारी समय से पूर्ण करके कार्यक्रम को सफल बनाया जाए तथा टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिन का अभियान भी शुरू होने से पूर्व अभियान की तैयारी कर ली जाए।
मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आभा आईडी, ई -कवच एवं टैलीमेडिसिन समीक्षा में प्रगति सुधारने के निर्देश दिए तथा एनआरसी में अधिक से अधिक बच्चों को भर्ती कराये जाने हेतु समस्त प्रभारी को निर्देशित किया की आशा, आंगनवाडी का सहयोग प्राप्त कर सैम-मैम के बच्चों का चिन्हिकरण समय से कराकर एन0आर0सी0 में चिकित्सकीय प्रबंधन हेतु संदर्भित करें।

# मुनिरका सर्वोदय सह- शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ "तरंग "वार्षिकोत्सव समारोह।

## एसएचओ अजय यादव ने की विद्यार्थियों के हुनर की प्रशंसा।



नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय दिल्ली के सर्वोदय सह-शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनिरका ने अपना वार्षिकोत्सव"तरंग "बड़ी धूमधाम से मनाया।इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि आरके पुरम के विधायक अनिल कुमार शर्मा;विशेष अतिथि दक्षिणी पश्चिमी जोन ए- 19 के जिला शिक्षा निदेशक हरि किशन,डीयूआरसीसी मीना कश्यप ;किशनगढ़ थाने के एसएचओ अजय कुमार यादव और एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।
उत्साह,उमंग और जोश के साथ वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन,गणेश वंदना से हुआ।विद्यालय की प्राचार्या सुमन कैन ने कार्यक्रम में आएं सभी अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक गतिविधियां नृत्य,गायन और लघु नाटिका प्रस्तुत की ।इन प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों को तैयार करने में अध्यापकों की अथक मेहनत प्रत्यक्ष दिखाई दे रही थी। विद्यालय की सजावट अद्भुत एवं अनुपम थी ।
समारोह के मुख्य अतिथि विधायक महोदय ने शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ-साथ सीबीएससी दसवीं और बारहवीं के पूर्व छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यालय के राज्य स्तर, जिला व क्षेत्रीय स्तर की विभिन्न खेल,कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों का प्रतिबिंब वार्षिक पत्रिका "अभिव्यक्ति" का लोकार्पण किया ।
समारोह का मुख्य आकर्षण शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी परियोजना निपुण संकल्प,नींव,साइंस ऑफ लिविंग,राष्ट्रनीति,कला संस्कृति और विभिन्न विषयों की विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनियों की सभी ने प्रशंसा एवं सराहना की।विधायक जी ने अपनी ओर से दसवीं ग्यारहवीं और बारहवीं के सभी छात्रों को निःशुल्क परीक्षा उपयोगी प्रश्नपत्र सामग्री वितरित की।विद्यालय प्रशासन व्यवस्था में अपने सहयोग,छात्रों के उज्वल भविष्य,उत्तम परीक्षा परिणाम और भविष्य में आदर्श नागरिक कैसे बने इत्यादि विषयों पर अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी का मार्गदर्शन किया। एसएचओ अजय जी ने एनएसएस,ईको क्लब,बैंड एवं अन्य पाठ्येतर गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया।
समारोह के अंत में विद्यालय की प्राचार्या सुमन कैन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी गणमान्य अतिथियों की अनमोल उपस्थिति,उनके प्रेरणादाई शब्दों,शिक्षा निदेशालय के मार्गदर्शन, शिक्षकों की कर्मठता,छात्रों के कठिन परिश्रम,एसएमसी सदस्यों और अभिवावकों के सहयोग का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद दिया गया ।भविष्य में भी अपनी उपलब्धियों और सफलताओं को ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचाने की मंगल कामना के साथ ही लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया। इस सुन्दर आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे। शिक्षिका नैंसी सहरावत और विद्यार्थियों ने सुंदर संचालन किया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया ।

# पदमा पुलिस ने अवैध महुआ शराब भट्ठों को किया नष्ट

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

पदमा-ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को परतन, सलगी एवं महकोल गांवों में संचालित अवैध महुआ शराब भट्ठों को नष्ट किया। इस दौरान शराब निर्माण के उद्देश्य से रखे गए लगभग 500 किलोग्राम महुआ एवम अन्य सामग्री को भी पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।
पदमा ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्रों में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण किया



जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाया और अवैध भट्ठों को ध्वस्त किया।
पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगेगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई पदमा ओपी पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आग तापने के दौरान महिला झुलसी, सदर अस्पताल रेफर

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़।घर में आग ताप रही 30 वर्षीय महिला शुक्रवार को आग से झुलस गई।बताते है 30 वर्षीय रीता देवी शुक्रवार शाम को आग ताप रही थी। तभी अचानक आग से लपटे उठने लगी। जिसके चपेट मे महिला आ गई।वह झुलस कर घायल हो गई।परिजनों ने उसे इलाज के लिए विष्णुगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक 05 फरवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जनपद के सभी पूर्व सैनिकों व आश्रितों व वीर नारियों को अवगत कराया जाता है कि जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन दिनांक ०५ फरवरी 2026 को समय 11 बजे कलक्ट्रेट स्थिति सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना प्रस्तावित है
अतः आप सभी पूर्व सैनिकों व आश्रितों एवं वीर नारियों से अनुरोध है , कि आप अपनी समस्याओं को लिखित रूप से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सैक्टर-1 सुहाग नगर फिरोजाबाद में दिनांक 3 फरवरी 2026 तक कार्यालय दिवस ,समयावधि में उपलब्ध करा दे. ताकि प्राप्त शिकायतों को उक्त बैठक के ऐजेण्डा बिन्दुओं में सम्मलित कर त्वरित गति से उनका निस्तारण कराया जा सके। साथ ही दिनांक ०५ फरवरी 2026 को समय 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार फिरोजाबाद में आयोजित उक्त सैनिक बन्धु बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# अंगराग (चोला परिवर्तन ) के कारण 04 फरवरी से 13 फरवरी तक मन्दिर के पट बन्द रहेंगे

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! रामलीला ग्राउण्ड स्थित माँ कैला के दरबार मे माता के अंगराग (चोला परिवर्तन) कार्यक्रम के उपलक्ष्य में दिनाँक 04 फरवरी दिन बुधवार से 13 फरवरी शुक्रवार तक भक्तो को माता रानी के दर्शन उपलब्ध नही हो सकेंगे कैला देवी मन्दिर के महन्त ने जानकारी देते हुए बताया कि माँ का चोला हर पांच साल बाद बदला जाता है। नियमानुसार इस तरह का अंगराज कार्यक्रम राजस्थान के करौली मन्दिर पर भी किया जाता है। क्योंकि जो सिन्दूर माँ के अंग पर चढ़ाया जाता है। और उसके काफी भारी हो जाने की बजह से गिरने का डर रहता है। इस लिये उसको हर पाँच साल बाद बदलकर दुबारा से चढ़ाया जाता है। इसको अंगराज कहते है। उन्होंने बताया कि चोला (अंगराज)बदलने के कारण माता के दरबार मे शतचंडी महायज्ञ के साथ श्रीमद देवी भागवत , भैरव सहस्त्र नामावली, गणेश मंत्र जाप,नर्वाण मंत्र जाप ,अथर्वसूक्त पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। इस लिए मन्दिर के पट भक्तो के लिए पूरी तरह से बन्द रहेंगे। और दर्शनों के लाभ सहित फूल,माला , प्रसाद का भोग आदि नही लगाया जा सकेंगा।

# शहीद दिवस पर मोहनलालगंज में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ।शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मोहनलालगंज स्थित पांडे कॉम्प्लेक्स में मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक गरिमामय एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की आजादी और एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और उनके बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा।कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुई। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय ह्यसत्यमह्न ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही देश को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें न केवल स्वतंत्रता का मूल्य समझाता है, बल्कि राष्ट्रहित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा भी देता है।इस अवसर पर मेरा युवा भारत लखनऊ के उपनिदेशक श्री विकास कुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। यदि युवा शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो राष्ट्र निर्माण का सपना अवश्य साकार होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन, राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक श्री अजीत यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए सैनिक हर पल समर्पित भाव से कार्य करते हैं और युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन व त्याग की भावना को जीवन में उतारना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता श्री अवधेश कुमार ने युवाओं को सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया।
देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में उपस्थित युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के पालन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी मेहनत में कमी न करें मेहनत के अनुसार ही फल मिलेगा- मधुप



मनोहर मिंटू कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में दसवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई ' विद्यालय के निर्देशक मधुप मनोहर ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा जो विद्यार्थी जितना मेहनत किया है उसे मेहनत के अनुकूल परिणाम निकलेगा। विद्यार्थी परीक्षा फिर ठीक प्रकार कैसे दें इसकी जानकारी देते हुए परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए ' नवी वर्ग के विद्यार्थियों ने 10वीं वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ' इस अवसर पर शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले एवं वर्ग दशम के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ' विद्यालय के अध्यक्ष किरण मनोहर समेत जयंत लकड़ा, शाहिना परवीन, फरहाना खातून, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, निधि मनोहर, मुस्कान प्रवीण, संजय यादव, रंजीत सोनी, समेत सभी शिक्षकगण विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाए एवं परीक्षा में शानदार रिजल्ट के लिए गुरुमंत्र दिए ' विदाई के अवसर पर पूरे विद्यालय परिवार की आंखें नम हो गई '

# सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ समारोह आयोजित

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**



पदमा (हजारीबाग)-झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के निदेर्शानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माहझ2026 के अंतर्गत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल, लाटी, पदमा, हजारीबाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ समारोह का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरदीप ओझा के संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की रक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह की थीम सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा है तथा सरकार का लक्ष्य जनवरी 2026 को जीरो फेटलिटी मंथ के रूप में मनाना है।
इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शपथ के दौरान यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने, तेज गति एवं नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।
कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने यह संकल्प दोहराया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों को समाज तक पहुँचाया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## एएमयू किशनगंज शाखा के लिए 29 शिक्षण पदों के सृजन का प्रस्ताव भेजा गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद की सात वर्षों की लगातार मेहनत अब परिणाम देने लगी है।




अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, किशनगंज शाखा के विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 29 शिक्षण पदों के सृजन का प्रस्ताव 30 जनवरी 2026 को शिक्षा मंत्रालय को सामर्थ पोर्टल के माध्यम से भेजा गया। प्रस्तावित पदों में 4 प्राध्यापक, 6 सह-प्राध्यापक तथा 19 सहायक प्राध्यापक शामिल हैं। इन सभी पदों को विश्वविद्यालय की वित्त समिति और कार्यकारिणी परिषद से विधिवत स्वीकृति मिल चुकी है। यह पहल एएमयू किशनगंज शाखा के शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करने, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा क्षेत्र में शैक्षणिक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और विश्वविद्यालय के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## कूर्लिकोट थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ किशोर को किया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

कूर्लिकोट थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टो टो संख्या BR 37ER3858 से 8.250 लीटर विदेशी शराब



बरामद की। इस मामले में मोहम्मद मुस्तफा, उम्र लगभग 16 वर्ष, पुत्र मोहम्मद सैदुल, निवासी ग्राम करबलभिट्टा, थाना कूर्लिकोट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई जारी है।

## पटना पुलिस ने किया पुलिस से मारपीट के आरोपी समेत तीन को गिरफ्तार, दो वारंटी भेजे गए जेल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पुलिस के साथ मारपीट के मामले में शामिल है। जबकि दो वारंटी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार गौरीचक थाना में नामजद अभियुक्त किशोर बिंद उर्फ बालकिशुन बिंद, पिता चौधरी जमादार, निवासी ग्राम खुर्द प्रेमचक, थाना कराय परसुराय, जिला नालंदा को पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं वारंट के आधार पर की गई छापेमारी में दो वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार वारंटियों में नसीब राय के पुत्र गुड्डू राय व जट्टा राय के पुत्र सतेंद्र राय शामिल है। दोनों गौरीचक थाना के जमालपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया है।

## पटना में बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाने में बिजली बिभाग के स्थानीय एसडीओ ने बिजली चोरी करते पकड़े गए एक आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसकी जानकारी देते हुए बिजली बिभाग के पालीगंज एसडीओ बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि पालीगंज थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव में बिजली चोरी करने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद महाबलीपुर फीडर के कनीय अभियंता रोहित शर्मा, पालीगंज फीडर के कनीय अभियंता रंजीत कुमार, दक्ष खलासी विजय कुमार सिंह, मानव बल संजीत कुमार, बीरबल कुमार व नीतीश चौधरी की संयुक्त टीम गठित किया गया। जब टीम कुरकुरी गांव में छापेमारी किया तो पाया कि रामजी यादव के पुत्र शंकर धारी कुमार मीटर के पूर्व ही बाईपास कर मोटर चलाकर आटा चक्की चला रहा है। जिसे देख शंकर धारी कुमार पर बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए पालीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। साथ ही बिजली बिभाग की ओर से एक लाख तैतालिस हजार पांच सौ बासठ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिसकी पुष्टि बिजली बिभाग के पालीगंज एसडीओ बिपिन बिहारी लाल ने किया है।

## आदित्यपुर के अभय झा को नेशनल प्राइड एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से किया गया सम्मानित

**अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 30 जनवरी 2026: आदित्यपुर के युवा समाजसेवी एवं युवा जनशक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय झा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेशनल प्राइड एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और समाज के प्रति मूल्यवान योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान पत्र में



उल्लेख किया गया है कि अभय झा का कार्य राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा की सच्ची भावना को दशार्ता है। 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर उनकी उपलब्धियों को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार त्रेतायुग फाउंडेशन द्वारा जारी किया गया, जिसका सर्टिफिकेट नंबर TRETA/28/NEA/08/20-47 है तथा नीति आयोग पंजीकरण संख्या UP/2025/0531835 भी दर्ज है। अभय झा को मिले इस राष्ट्रीय सम्मान से झारखंड के पूरे राज्य के साथ जिले एवं आदित्यपुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया है।

## सड़क सुरक्षा माह: कैल्टेक्स चौक पर जिला प्रशासन का जागरूकता कार्यक्रम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिला परिवहन विभाग तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कैल्टेक्स चौक पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला पदाधिकारी विशाल राज ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें लापरवाही के कारण होती हैं। हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षक साधन हैं, जिनका उपयोग हर स्थिति में किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रभावशाली संदेश दिया। बच्चों ने लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने की अपील की। नाटक में यमराज का रूप धारण कर यह संदेश दिया गया कि हेलमेट नहीं पहनने वालों को यमराज अपने साथ ले जाते हैं, जिससे उपस्थित लोगों में गहरी जागरूकता देखने को मिली। जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को फूलों की माला पहनाकर तथा हेलमेट प्रदान कर उसकी उपयोगिता समझाई। वहीं, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले लोगों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सहायक जिला परिवहन पदाधिकारी सलिल कुमार, यातायात पुलिस उपाधीक्षक, मोटरयान निरीक्षक रविंद्र कुमार, तरुण यादव, सर्वेश कुमार, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव मिक्की साहा सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पटना के निजी विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव एथलेटिका का भव्य आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के लालगंज सेहरा स्थित बिहार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेल महोत्सव एथलेटिका का आयोजित किया गया। इस अवसर पर खेल मैदान विद्यार्थियों के जोश, ऊर्जा और उमंग से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक ब्रजेन्द्र कुमार एवं प्राचार्या श्रीमती रीना सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न टीम खेलों में खो-खो, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), फुटबॉल एवं कबड्डी का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं प्राथमिक वर्ग के नन्हे बच्चों के लिए चॉकलेट रेस, चम्मच-मार्बल रेस तथा तीन टांग दौड़ जैसे मनोरंजक एवं कौशल आधारित खेल आयोजित किए गए। मिडिल क्लास के विद्यार्थियों के लिए 50 मीटर, 100 मीटर तथा बाधा दौड़ (हर्डल रेस) जैसी प्रतिस्पधाएँ रखी गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी गति और क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर कक्षा 7B के मंजीत कुमार को ओवरऑल बॉयज चैंपियन तथा कक्षा 6A की भारती कुमारी को ओवरऑल गर्ल्स चैंपियन घोषित किया गया। सत्र 2025-26 के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर रेड हाउस को हाउस कप प्रदान किया गया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण और उत्साहपूर्ण तालियों के बीच हुआ। यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालय के सतत प्रयासों का सशक्त उदाहरण बना।

## पटना में खेत से हुआ युवक का शव बरामद, प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**





पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के देवरिया पुल के समीप एक खेत से शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद हुई है। वही मृतक के परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार पटना जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी में बने देवरिया पुल के पास शुक्रवार की सुबह टहलने के लिए निकले ग्रामीणों ने खेत मे पड़े एक युवक की शव को देखा। जिसकी सूचना फैलते ही मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वही शव मिलने की सूचना पाकर दुल्हिन बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। शव की पहचान भगवानगंज थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी जय लाल यादव के पुत्र रोशन कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स अस्पताल भेज दिया। इस सम्बन्ध में दुल्हिन बाजार थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मृतक रोशन कुमार बंगलोर रहता था। उसकी बहन की शादी होनी थी। जिसकी तैयारी को लेकर वह देवरिया गांव स्थित अपने घर आया हुआ था। जहां से वह गुरुवार की शाम गायब हो गया। परिजनों ने कॉल किया तो मोबाइल भी बन्द बताया। तब परिजनों ने रोशन कुमार की खोज बीन में जुट गए। काफी तलाश के बाद भी कोई पता नही चला। इसी क्रम ने शुक्रवार की सुबह देवरिया पुल से कुछ दूरी पर सरसों के खेत से रोशन की शव मिली।

## नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि,

### जटाशंकर पांडे ने उनके विचारों को बताया प्रासंगिक

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ :-लुपुंगडीह, चांडिल स्थित नारायण प्राइवेट आईटीआई परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. जटाशंकर पांडे जी ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और नैतिकता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गांधी जी का संपूर्ण जीवन सादगी, त्याग और मानवता की सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा के बल पर न केवल भारत को आजादी दिलाई, बल्कि पूरे विश्व को शांति और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाया। डॉ. पांडे जी ने कहा कि आज के युवाओं को गांधी जी के विचारों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सत्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाना चाहिए। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण, एडवोकेट निखिल कुमार, प्राचार्य जयदीप पांडे, शांति राम महतो, प्रकाश महतो, शुभम साहू, पवन महतो, भगत लाल तेली, शशि प्रकाश महतो,संजीत महतो, अजय मंडल,गौरव महतो, कृष्णा पद महतो,कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ किया गया।

## सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान को प्रभावी बनाने हेतु जिला पदाधिकारी ने आमजनों की समस्याएं सुनीं

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी विशाल राज द्वारा आम जनमानस की समस्याएं सुनी गईं। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सप्ताह में दो दिन–सोमवार एवं शुक्रवार को सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे, ताकि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही प्रत्येक कार्यालय में आगंतुक पंजी का विधिवत संधारण करते हुए प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रखंड, पंचायत एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन आगंतुकों की संख्या की रिपोर्टिंग अनिवार्य की गई है। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी को तत्काल अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश संबंधित पदाधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित हों, तो उनके स्थान पर अधिकृत पदाधिकारी आमजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। एक से अधिक कार्यालयों का प्रभार संभाल रहे पदाधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को समय निर्धारित कर सभी कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि निदेर्शों की अवहेलना अथवा अधिकृत पदाधिकारी की अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## उच्च विद्यालय चकलाघाट के प्रधानाध्यापक निलंबित, छात्रों से अवैध वसूली के आरोप में प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज के उच्च विद्यालय चकलाघाट के प्रधानाध्यापक संजय कुमार यादव को छात्रों से अवैध वसूली करने और सरकारी आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक-57, दिनांक 29.0 1.2026 के अनुसार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, किशनगंज द्वारा विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में छात्रों ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने प्रवेश पत्र के नाम पर 20 रुपये और मैट्रिक परीक्षा प्रपत्र भरने के नाम पर 1110 रुपये वसूल किए, जबकि छात्रों को कोई रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शानुसार परीक्षा शुल्क के समय शिक्षण संस्थान केवल 30 रुपये रख सकता है, जिसका उपयोग प्रवेश पत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने में किया जाएगा। बावजूद इसके प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों से अतिरिक्त राशि लेना सरकारी सेवक के आचरण के विरुद्ध है और इससे विद्यालय की छवि धूमिल होती है। निलंबन के दौरान प्रधानाध्यापक का मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधि कारी कार्यालय, बहादुरगंज निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। आरोप पत्र अलग से निर्गत किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि विभागीय प्रावधानों के अनुसार विद्यालय के वरीयतम शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में अधिकृत किया जाए और आरोप पत्र अविलंब अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाए। यदि आप चाहें तो मैं इसे अखबार के कॉलम के लिए और छोटा, संक्षिप्त संस्करण भी बना दूँ, जो फ्रंट पेज या स्थानीय समाचार सेक्शन में आसानी से फिट हो जाए।

## पटना के दुल्हिन बाजार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पश्चिमी क्षेत्र अंतर्गत दुल्हिन बाजार थाना परिसर में आज जनता दरबार सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को सीधे सुनकर उनका त्वरित एवं विधि-सम्मत समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनता दरबार में वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने आम लोगों से रू-बरू होकर उनकी समस्याएं, सुझाव और शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई के लिए अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान कुल 15 से 20 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपसी झगड़े, स्थानीय स्तर की शिकायतें, यातायात एवं अपराध से जुड़े विषय प्रमुख रहे। कई मामलों में मौके पर ही समझौता कर समाधान का प्रयास किया गया, जबकि कुछ मामलों में विधि-सम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस पहल के माध्यम से पुलिस-जनता के बीच संवाद को और अधिक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि आम नागरिक बिना किसी भय या झिझक के अपनी बात पुलिस प्रशासन तक पहुंचा सकें। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि जनता दरबार से समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होती है। इसके साथ ही थाना भ्रमण के दौरान थाना की कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई।

थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, सीसी टीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की स्थिति का अवलोकन किया गया। अभिलेखों के संधारण एवं पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## आर आई टी पुलिस की सफलता,देसी कट्टा और डेटोनेटर के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 30 जनवरी 2026: आदित्यपुर इलाके में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में आर आईटी थाना पुलिस को बड़ी सफ लता हाथ लगी है। गुरुवार को पुलिस ने इच्छापुर के लाइन टोला क्षेत्र में घेराबंदी कर एक युवक को रंगे हाथों अवैध हथियार के साथ दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान स्थानीय निवासी अनिल सरदार उर्फ गोरे के रूप में हुई है।

**गुप्त सूचना पर त्वरित एक्शन**

प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया कि पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि लाइन टोला क्षेत्र में एक युवक हथियार के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए आरआईटी थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल सरदार को धर दबोचा।

**हथियार के साथ विस्फोटक सामग्री बरामद**

पुलिस की तलाशी के दौरान आरोपी के पास से न केवल अवैध हथियार, बल्कि संदिग्ध तकनीकी उपकरण भी मिले हैं। पुलिस ने मौके से एक देसी कट्टा (लोहे एवं लकड़ी से निर्मित), दो जीपीएस (GPS) सिस्टम, दो डेटोनेटर बॉक्स

**अपराधिक इतिहास और न्यायिक प्रक्रिया**

एसडी पीओ ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तार आरोपी अनिल सरदार कोई नया नाम नहीं है; उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और आरआईटी थाने में पहले से ही उसके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि उसके पास जीपीएस और डेटोनेटर बॉक्स जैसे उपकरण किस उद्देश्य से थे। आवश्यक कानूनी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद, आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप व्याप्त है।

## पूर्व पार्षद अंबुज कुमार फिर उतरेंगे चुनावी मैदान में, वार्ड 17 से दावेदारी के साथ डिप्टी मेयर पद पर नजर

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 30 जनवरी 2026: आगामी नगर निगम चुनावों की सुगबुगाहट के बीच वार्ड संख्या 17 की राजनीति गरमा गई है। वार्ड 17 के पूर्व पार्षद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंबुज कुमार ने एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरने का औपचारिक ऐलान कर दिया है। शुक्रवार शाम अपने समर्थकों और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद उन्होंने यह निर्णय लिया। समर्थकों के बीच लिया गया फैसला बैठक के दौरान क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। अंबुज कुमार ने बताया कि वार्ड की जनता और उनके समर्थकों का उन पर निरंतर दबाव था कि वे पुनः नेतृत्व संभालें। विचार-विमर्श के बाद



सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि वे वार्ड 17 से पार्षद पद का चुनाव लड़ेंगे। पार्षद से डिप्टी मेयर तक का सफर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए अंबुज कुमार ने अपने विजन को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा: "मुझे वार्ड की प्रबुद्ध जनता का भरपूर स्नेह और समर्थन मिल रहा है। मेरा लक्ष्य केवल पार्षद बनना ही नहीं, बल्कि चुनाव जीतकर डिप्टी मेयर के पद के लिए फाइट करना है, ताकि पूरे शहर के विकास में बड़ी भूमिका निभाई जा सके।" अंबुज कुमार की इस घोषणा के बाद उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनके अनुभव और पुरानी पकड़ के कारण वार्ड 17 का मुकाबला इस बार काफी दिलचस्प होने वाला है।